आषाढ़ कृष्ण पक्ष चतुर्दशी 06:59 उपरांत अमावस्या विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 24 जून 2025
वर्ष 3, अंक 310, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





दोगुनी गति से गर्म हो रहा एशिया महाद्वीप 14

ऑपरेशन सिंदूर से आतंकियों में पनपा डर 12




गुजरात के सूरत शहर में भारी बारिश से सड़कें–गलियां जलमग्न हो गईं। सड़कों पर पानी भर जाने से वाहन से और पैदल चलना तक मुश्किल हो गया।

# कई राज्यों में छाया मानसून, यूपी में भारी बारिश का अलर्ट

## सूरत में 7 इंच बारिश से बाढ़ जैसे हालात, राजस्थान, मप्र, नई दिल्ली में भी चेतावनी जारी

नई दिल्ली/सूरत/लखनऊ, अमृत विचार नेटवर्क

- मॉनसून ने लगभग पूरे उत्तर भारत को कवर किया

देश के कई राज्यों में मानसून ने दस्तक दे दी है। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, नई दिल्ली, मध्य प्रदेश में अगले 24 घंटों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, सोमवार को गुजरात के सूरत में 7 इंच बारिश दर्ज की गई। यहां बाढ़ जैसे हालात बन गए।

सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक करीब चार घंटे भारी बारिश हुई। जगह-जगह जलभराव से सूरत प्रशासन को स्कूल की छुट्टी करनी पड़ी। मध्य प्रदेश के कई जिलों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। मानसून ने लगभग पूरे उत्तर भारत को कवर कर लिया है। उत्तर अरब सागर में अभी हालात इसके अनुकूल बने हुए हैं।

मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि दिल्ली में मानसून अपने सामान्य आगमन से छह दिन पहले, मंगलवार को दस्तक दे सकता है। यहां बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। सोमवार को रुक-रुक कर हुई बारिश ने दिल्लीवालों को गर्मी-उमस से राहत मिली। आईएमडी ने कहा है कि राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के अधिकतर भागों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए मौसम की स्थितियां अनुकूल हैं। इसी तरह निजी मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काइमेट ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून 30 जून के आसपास दिल्ली पहुंचता है। अगर मानसून पूर्वानुमान के तहत 24 जून को दिल्ली पहुंचता है तो 2013 के बाद इसका सबसे जल्दी आगमन होगा।

### अगले दो दिन में पूरे प्रदेश को कवर कर लेगा मानसून

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बीते 18 जून को प्रवेश कर चुका मॉनसून अभी पूरे राज्य में नहीं फैला है। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दो दिनों में इसका प्रसार पूरे राज्य में हो जाएगा। मॉनसून के स्थिर होने की वजह से यह देरी हुई है। आईएमडी के मुताबिक, पिछले 48 घंटों से मानसून स्थिर हो गया था, आगे नहीं बढ़ रहा था। इस कारण से अलर्ट के बाद भी उस तरह की बारिश देखने को नहीं मिली। लेकिन अब स्थिति तेजी के साथ बदली है और मानसून तेजी के साथ रफ्तार पकड़ रहा है। ऐसे में राज्य में भारी बारिश के संकेत साफ हैं। 29 जून तक उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भारी बारिश की संभावना है। वहीं, 24, 28 और 29 जून को पूर्वी उत्तर प्रदेश में भारी बारिश की संभावना है।

## एक नजर

### भाजपा सांसद रघुनंदन राव को मिली धमकी

**हैदराबाद।** तेलंगाना में मेडक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के सांसद रघुनंदन राव को सोमवार को एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन पर धमकी दी और खुद को माओवादी बताया। फोन करने वाले ने उन्हें चेतावनी दी कि आज शाम तक राव की हत्या कर दी जाएगी। धमकी भरा फोन उस समय आया जब राव मेडचल-मलकजगिरी जिले के दम्मईगुडा में एक स्कूली कार्यक्रम में भाग लेने गए थे।

### वजाहत की गिरफ्तारी पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोपी वजाहत खान को गिरफ्तारी से सोमवार को अंतरिम संरक्षण प्रदान किया। खान की शिकायत पर सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और कानून की छात्रा शर्मिष्ठा पनोली को गिरफ्तार किया गया था।

### रिश्वत में खान विभाग की उपनिदेशक निलंबित

**मंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने रिश्वतखोरी के सिलसिले में दक्षिण कन्नड़ के खान और भूविज्ञान विभाग की उपनिदेशक कृष्णवेणी को निलंबित कर दिया है। कृष्णवेणी को 28 मई को लोकायुक्त पुलिस ने 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। विभागीय जांच भी बिठाई गई।

# ईरान के फोर्दो स्थित परमाणु केंद्र पर फिर से हुआ हमला

## ईरानी मीडिया ने किया दावा, इजराइल पर भी मिसाइलों की बौछार

दुबई, एजेंसी

ईरान के फोर्दो स्थित भूमिगत यूरेनियम संवर्धन स्थल पर सोमवार को फिर से हमला किया गया और ईरान ने भी इजराइल पर मिसाइलों और ड्रोनों की बौछार कर दी। इजराइली सेना ने कहा कि ईरान ने अतिरिक्त बमबारी की। जॉर्डन और मध्य इजराइल में सायरन बजाए गए। ईरान ने अमेरिका को चेतावनी दी कि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा ईरानी परमाणु स्थलों पर बड़े पैमाने पर किए गए हमलों के मद्देनजर अब उसकी सेना को अमेरिकी ठिकानों पर हमला करने की 'खुली छूट' मिल गई है।

ईरान के सरकारी टेलीविजन ने बताया कि फोर्दो स्थित परमाणु केंद्र रविवार को हुए हमले में भी प्रभावित हुआ था और सोमवार को इस पर फिर से हमला किया गया। इस बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है कि हमला किसने किया और कितना नुकसान हुआ, हालांकि इजराइल ने पहले कहा था कि वह ईरान पर हवाई हमले कर रहा है।

वियना में, संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था के प्रमुख ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि रविवार को अमेरिका द्वारा बंकर-बस्टर बमों से किए गए हवाई हमले के बाद फोर्दो स्थित परमाणु केंद्र में भारी क्षति हुई होगी। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख राफेल ग्रॉसी ने कहा कि उपयोग किए गए विस्फोटक पेलोड को देखते हुए बहुत अधिक क्षति होने की आशंका है।



ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची से हाथ मिलाते रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन।

### ईरानी सुरक्षा बलों को अमेरिकी ठिकानों पर हमले की छूट

सोमवार को, ईरानी सैन्यकर्मियों के संयुक्त प्रमुख जनरल अब्दुलरहीम मौसवी ने वाशिंगटन को चेतावनी दी कि उसके हमलों ने ईरानी बलों को अमेरिकी हितों और उसकी सेना के खिलाफ कार्रवाई करने की खुली छूट दे दी है। पश्चिम एशिया में हजारों अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु केंद्रों पर रविवार को हमले किए थे।

### पुतिन ने ईरान के विदेश मंत्री को दिया तनाव घटाने में मदद का भरोसा

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को ईरान को भरोसा दिलाया कि उनका देश इजराइल और ईरान के बीच तनाव घटाने में मदद करेगा। रूसी राष्ट्रपति का यह बयान ईरानी परमाणु स्थलों पर अमेरिकी हमले के बाद आया है। पुतिन ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से मुलाकात की, जो रूसी नेतृत्व के साथ विचार-विमर्श के लिए रविवार रात मॉस्को पहुंचे थे।

## पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

**लखनऊ।** पॉलीटेक्निक संस्थानों में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2025 का परिणाम सोमवार शाम को घोषित कर दिया गया है। जिसमें विभिन्न पाठ्यक्रमों कुल 18 छात्रों ने सर्वोच्च अंक हासिल किया है, इनमें से एक छात्र बिहार का है। संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश के सचिव संजीव कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा का परिणाम परिषद की वेबसाइट www.jeecup.admissions.nic.in पर जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थी अपनी लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से परिणाम एवं स्कोर कार्ड प्राप्त कर सकते हैं।

- 27 से शुरू होगी काउंसलिंग

संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद द्वारा पॉलिटेक्निक में प्रवेश के लिए परीक्षा 5 से 13 जून के बीच आयोजित की गई थी। यह परीक्षा कम्प्यूटर आधारित पद्धति से सम्पन्न कराई गई थी। जिसमें अभ्यर्थियों ने कुल 19 ग्रुपों में आवेदन किया था, कुल 4,25,993 आवेदन प्राप्त हुए थे।

कुल 3,31,193 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 3,31,174 अभ्यर्थी काउंसलिंग हेतु अर्ह पाए गए हैं। काउन्सिलिंग 27 जून से आरंभ होकर 14 अगस्त तक 5 चरणों में सम्पन्न होगी।

# प्रेमिका की हत्या कर प्रेमी ने खुद को गोली से उड़ाया

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

- सुल्तानपुर गांव में प्रेमिका को घर में घुसकर गोली मारी
- पिता की लाइसेंसी बंदूक से खुद को भी गोली मार ली

**अमृत विचार :** सुल्तानपुर गांव में शादी न हो पाने से नाराज प्रेमी ने प्रेमिका के घर में घुस कर उसे अपने पिता की लाइसेंसी बंदूक से गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद खुद को भी गोली मारकर जान दे दी। सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस के आलाधिकारियों ने जांच कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। तनाव के मद्देनजर गांव में फोर्स तैनात है।

पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के कुठला गांव निवासी महिपाल सिंह यादव उर्फ फौजी के बेटे देवांशू उर्फ अन्नू (22) का पड़ोस के गांव सुल्तानपुर की युवती दीप्ती (21) पुत्री अशोक कुमार पाल से तीन वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती के परिजनों को जानकारी हुई तो 15 दिन पहले उसकी शादी जनपद औरैया के एरवा कटरा थाना क्षेत्र के ग्राम चिट्ठा में तय कर दी। जिस युवक से शादी तय हुई, वह तालग्राम कस्बे में प्राइवेट क्लीनिक संचालित करता है।

पता चलने पर देवांशू ने तालग्राम जाकर उस लड़के को धमकाया। इसकी जानकारी लड़के ने दीप्ती के पिता को दी। रविवार को पड़ोस के गांव नगला भजूं में दोनों परिवारों के बीच पंचायत हुई, जिसमें देवांशू ने दीप्ती से सारे संबंध खत्म करने की बात कही। लेकिन सोमवार तड़के तीन बजे देवांशू पिता की 12 बोर की लाइसेंसी बंदूक लेकर सुल्तानपुर पहुंचा और छत के सहारे प्रेमिका के कमरे में पहुंच गया। जहां दीप्ती अपनी छोटी बहन दीपांशु के साथ सो रही थी। देवांशू ने दीप्ती के माथे पर गोली मार दी। घर से कुछ दूर तालाब किनारे खुद को भी गोली मार ली। जानकारी मिलते ही एसपी विनोद कुमार, एएसपी अजय कुमार, सीओ छिबरामऊ सुरेश मलिक, थाना प्रभारी दिनेश कुमार, सकरावा थानाध्यक्ष अजब सिंह, विशुनगढ़ थानाध्यक्ष गौरव चौधरी, छिबरामऊ कोतवाल विष्णुकांत तिवारी मौके पर पहुंचे। घटना के बाद देवांशू के परिवारीजन मकान में ताला डालकर भाग गए। एसपी विनोद कुमार ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।



दीप्ती पाल एवं देवांशू (फाइल फोटो)

# सपा ने तीन बागी विधायकों को निकाला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राज्य सभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग कर किया था भाजपा का समर्थन



मनोज कुमार पाण्डेय | अभय सिंह | राकेश प्रताप सिंह

**अमृत विचार :** राज्यसभा चुनाव के दौरान क्रॉस वोटिंग करने वाले सात विधायकों में से तीन को समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने पार्टी से बाहर कर दिया है। निकाले गए बागी विधायकों में अयोध्या गोसाईगंज से विधायक अभय सिंह,अमेठी (गौरीगंज) के विधायक राकेश प्रताप सिंह और रायबरेली (ऊंचाहार) सीट के विधायक मनोज कुमार पाण्डेय शामिल हैं, जबकि अन्य चार के लिए कहा कि इन लोगों का व्यवहार अच्छा है, इन लोगों की अनुग्रह अवधि शेष है।

तीनों विधायकों को पार्टी से निष्काषित करने की घोषणा सोमवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर की। साथ ही आरोप लगाया कि इन विधायकों को उनकी सांप्रदायिक विभाजनकारी, नकारात्मकता और पीडीए विरोधी विचारधारा का समर्थन करने के कारण निष्कासित किया गया है। लिखा कि इन लोगों को हृदय परिवर्तन के लिए दी गई 'अनुग्रह-अवधि' की समय-सीमा अब पूरी हुई। शेष विधायकों की समय-सीमा अच्छे व्यवहार के कारण शेष है। भविष्य में भी 'जन-विरोधी' लोगों के लिए पार्टी में कोई स्थान नहीं होगा।

निष्कासित विधायकों में ऊंचाहार सीट के विधायक मनोज पाण्डेय ने दावा किया कि मैं भाजपा के साथ हूं, गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ले ली थी तो सपा से निष्कासन का क्या औचित्य? वहीं गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह का कहना है कि राम, राष्ट्र और सनातन मेरे लिए पहले हैं, पार्टी बाद में।

## भारी बारिश के कारण वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर के नए मार्ग पर सोमवार को भूस्खलन हो गया जिसके कारण बैटरी कार सेवा को स्थगित करना पड़ा।

अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में कोई हताहत नहीं हुआ है। तीर्थयात्रा अब पुराने मार्ग से संचालित की जा रही है और बिना किसी व्यवधान के जारी है। अधिकारियों ने बताया कि हिमकोटी मार्ग पर 'सत्या व्यू प्वाइंट' के पास जिस समय भूस्खलन हुआ तब वहां श्रद्धालुओं की आवाजाही नहीं थी।

# वाराणसी पहुंचे शाह, मध्य क्षेत्रीय परिषद की लेंगे बैठक

- बैठक में योगी समेत चार राज्यों के मुख्यमंत्री होंगे शामिल
- मैदागिन स्थित बाबा काल भैरव के मंदिर में की पूजा-अर्चना

वाराणसी (उप्र), एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार शाम दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे। यहां लाल बहादुर शास्त्री हवाई अड्डे पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। शाह वाराणसी में अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे।

अमित शाह हवाई अड्डे से सीधे सड़क मार्ग से मैदागिन स्थित बाबा काल भैरव के मंदिर पहुंचे और उन्होंने बाबा काल भैरव की पूजा-अर्चना की। अमित शाह के साथ योगी भी मौजूद थे। बाबतपुर से लेकर काल भैरव मंदिर तक 11 स्थानों पर पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और आम जनता ने ढोल, शंख, डमरू और पुष्प वर्षा के साथ अमित शाह का स्वागत किया। वाराणसी के मंडलायुक्त एस राजलिंगम ने बताया कि योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार बैठक की सभी तैयारियां की जा रही हैं।

मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक 24 जून को पूर्वाह्न करीब 11 बजे से दो बजे तक ताज होटल में प्रस्तावित है। अधिकारियों ने बताया कि मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक काशी में पहली बार हो रही है। इस बैठक में चारों राज्यों के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव समेत कई विशिष्टजन तथा नीति आयोग के साथ अंतरराज्यीय परिषद के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे।



वाराणसी के काल भैरव मंदिर में पूजा-अर्चना करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

# तकनीकी खामी के चलते एयर इंडिया की दुबई फ्लाइट रद्द

जयपुर/जम्मू, एजेंसी

एयर इंडिया एक्सप्रेस की जयपुर से दुबई जाने वाली उड़ान सोमवार को रद्द कर दी गई। एक अधिकारी ने बताया कि पायलट ने जयपुर हवाई अड्डे से उड़ान भरने से पहले विमान में कुछ तकनीकी गड़बड़ी पाई। हवाई अड्डे के एक अधिकारी ने बताया कि 189 सीट वाले बोइंग 737 मैक्स विमान को सुबह 6:35 बजे यहां से रवाना होना था, वह रनवे पर पहुंचा लेकिन इस दौरान पायलट ने कुछ तकनीकी गड़बड़ी देखी जिसके बाद उड़ान रद्द कर दी गई।

### उड़ान से पहले रोकी इंडिगो की फ्लाइट

**इंदौर।** इंडिगो एयरलाइंस की इंदौर-भुवनेश्वर उड़ान सोमवार को तकनीकी खराबी के चलते अपने तय वक्त के मुकाबले करीब एक घंटे की देरी से गंतव्य के लिए रवाना हो सकी जिसमें 140 यात्री सवार थे। देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे के निदेशक विपिनकांत सेठ ने बताया कि इंडिगो की उड़ान संख्या 6E 6332 में तकनीकी खराबी का अहसास पायलट को तब हुआ, जब यह विमान उड़ान भरने के लिए रन-वे की ओर जा रहा था।

**प्रकृति के रंग** ग्रीष्मकालीन प्रवासी पक्षियों की मार्च-अप्रैल से शुरू होती है आमद, अब जाने की तैयारी में जुटी कुछ प्रजातियां

# रंग-बिरंगे समर विजिटर्स से गुलजार हुआ पीलीभीत टाइगर रिजर्व

सुनील यादव, पीलीभीत

**अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व और उसके आसपास का क्षेत्र इन दिनों रंग-बिरंगे समर विजिटर्स (गर्मियों के आगंतुक) से गुलजार है। समर विजिटर्स के रूप में पहुंचे इन प्रवासी मेहमान परिंदों को यहां की आबोहवा इस कदर भा रही है कि साल दर साल इनकी संख्या में इजाफा देखा जा रहा है।

जानकारों के मुताबिक पीलीभीत में सौ के आसपास मेहमान परिंदों की प्रजातियां प्रवास को आने लगी हैं। अब जब गर्मी का मौसम जाने को है और मानसून की आमद हो रही है तो यहां प्रवास कर रहे दूर-दराज से आए कुछ परिंदों ने वतन वापसी की तैयारी भी शुरू कर दी है। वहीं शेष सभी प्रवासी परिंदे अक्टूबर तक वतन वापसी करेंगे।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व अपनी विशिष्ट जैव विविधता के लिए विदेशी धरती पर भी मशहूर हो चुका है। इस टाइगर रिजर्व में बहुत से ऐसे दुर्लभ वन्यजीव भी हैं, जो शेड्यूल वन की श्रेणी में आते हैं। वहीं पिछले कुछ साल से पीलीभीत टाइगर रिजर्व की आबोहवा मेहमान परिंदों को भी आकर्षित करने लगी है। टाइगर रिजर्व के आंकड़ों के मुताबिक, यहां पक्षियों की 300 से अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं। पक्षियों के इस अद्भुत संसार में अब दूर-दराज के देशों समेत देश के अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में मेहमान परिंदे भी दस्तक देने लगे हैं। प्रवासी पक्षियों की प्रजातियों में अब इजाफा भी देखा जा रहा है।




### ये हैं समर विजिटर्स पक्षियों की प्रजातियां

- वाटर काक
- इंडियन कुक्कू
- चेस्टनट कैप्ड बी ईटर
- जेकोबिन कुक्कू
- ब्लू टेल्ड बी ईटर
- गोल्डन ओरियोल

ग्रीष्मकालीन प्रवासी पक्षी अफ्रीका समेत देश के हिमालय समेत विभिन्न राज्यों से यहां प्रवास को आते हैं। इसमें लोकल माइग्रेटरी पक्षियों की संख्या अधिक होती है। जून के अंत में इनमें से कुछ प्रवासी पक्षी वापसी की तैयारी शुरू कर देते हैं। – **मोहम्मद अख्तर मियां**, अध्यक्ष, टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी



### प्रवासी पक्षियों की साल में दो बार होती है आमद

प्रवासी पक्षियों पर लंबे समय से स्टडी करने वाली संस्था टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी के मुताबिक, पीलीभीत टाइगर रिजर्व समेत आसपास के क्षेत्र में सात समंदर पार समेत देश के विभिन्न राज्यों से 100 के अधिक पक्षियों की प्रजातियां प्रवास के लिए आती हैं। ये पक्षी साल भर में दो बार अपनी आमद दर्ज कराते हैं, मानसून से पहले और मानसून के बाद। मानसून के बाद आने वाले प्रवासी नवंबर में आना शुरू कर देते हैं। तकरीबन चार माह के प्रवास के बाद यह फरवरी के अंतिम दिनों में वतन वापसी शुरू कर देते हैं। इन शरदकालीन प्रवासी पक्षियों की वतन वापसी के बीच ही मानसून से पहले आने वाले ग्रीष्मकालीन प्रवासी पक्षियों की आमद शुरू होती है।

अमृत विचार www.amritvichar.com

## एक नजर

### नहरों में छोड़ा जाए पानी नहीं तो आंदोलन : जिलाध्यक्ष

**अयोध्या।** दरियाबाद से अयोध्या होकर बलिया तक जाने वाली शारदा सहायक मुख्य नहर में पानी न आने के कारण धान की नर्सरी बर्बाद हो रही है। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह और प्रवक्ता शीतला पाठक ने संयुक्त बयान मंक प्रदेश सरकार से किसानों की समस्या के मद्देनजर शारदा सहायक मुख्य नहर में पानी छोड़ने की मांग की है। चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह में नहर में पानी नहीं आया तो कांग्रेस पार्टी इसके खिलाफ आंदोलन करेगी।

### शिविर में कई ने किया रक्तदान

**रुदौली, अयोध्या।** श्रीराम यूथ वेलफेयर एसोसिएशन पटरंगा मंडी से विश्व रक्तदाता दिवस पर 22 जून से होम्यो चिकित्सालय पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंदों के लिए ब्लड इकट्ठा करना था। 25 रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। डॉ. दीक्षा सोनी, डॉ. अमन गुप्ता और ब्लड बैंक की टीम ने चिकित्सीय परामर्श दिया। कार्यक्रम में डॉ. एसके सोनी, डॉ. अरविंद सोनी, मनोज सोनी, रंजीत सोनी, शुभम गुप्ता, अश्वनी, गौरव सहित अन्य शामिल रहे।

# चौथा भी हिरासत में, अब सबूत जुटा रही पुलिस

## विभागीय जांच कमेटी की सुई पीड़ित के सौदागारों के चंगुल में फंसने पर ही अटकी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** खून के काले धंधे में सौदागरों तक पहुंचने के लिए पुलिस चरणबद्ध तरीके से कदम बढ़ा रही है। एक और संदिग्ध सोमवार को हिरासत में लिया गया। अब तक चार लोगों को मामले में उठाया जा चुका है। हालांकि पुलिस अभी सबूत एकत्रित करने और जल्द ही मामले का खुलासा करने का दावा कर रही है। वहीं विभागीय जांच अभी पीड़ित के सौदागारों के चंगुल में कैसे फंस जाने पर ही अटकी है।

महिला अस्पताल में मवई की रीना के भर्ती होने के बाद उसका देवर अरविंद जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक से रक्त लेने गया था। वहां ब्लड न मिलने पर वह पीपल के पेड़ के नीचे बैठे दो युवकों से टकरा गया था।जिन्होंने उसे भरोसा दिलाया था कि वे लोग सात हजार रुपये में उसे ए प्लस ग्रुप का ब्लड दिला देंगे। इसके बाद अरविंद ने सात हजार रुपये ऑनलाइन पेमेंट कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंचे सीएमओ डॉ.सुशील कुमार ने पूछताछ के बाद ऑनलाइन पेमेंट लेने वाले गौतम नाम के युवक की तस्वीर मीडिया को दी थी। इसके साथ ही पीड़ित अरविंद से एफआईआर भी दर्ज कराई थी।

मामले में जिला अस्पताल प्रशासन ने तीन सदस्यीय विभागीय जांच कमेटी बनाई थी। कमेटी को जांच के दौरान ब्लड बैंक के रिसेप्शन में खड़े संदिग्ध लोगों की तस्वीरें मिली थीं। इसके बाद पीड़ित अरविंद को बयान दर्ज कराने के लिए पंजीकृत डाक से एक पत्र भेजा गया था। इधर, पुलिस ने अपनी जांच का दायरा बढ़ाते हुए अब तक चार लोगों को हिरासत में लिया है। इसमें एक आउटसोर्स कर्मी के भी शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। वहीं सूत्रों का कहना है कि कुछ ने खुद ब खुद पहुंचकर अपना बयान दर्ज कराया है।

- चारों से कड़ाई से की जा रही पूछताछ
- कुछ खुद बयान दर्ज कराने पहुंचे




"पीड़ित को बयान दर्ज कराने के लिए गुरुवार तक का समय दिया गया है। पीड़िता को एक यूनिट ब्लड रुदौली से व दूसरा महिला अस्पताल से मिला था। समझ यह नहीं आ रहा है कि दो बार मुफ्त में ब्लड मिलने के बाद पीड़ित तीसरी बार किसके बहकावे में फंस गया। हालांकि पुलिस की जांच तेज चल रही है।"
**-डॉ. अजय चौधरी, चिकित्सा अधीक्षक, जांच कमेटी के सदस्य, जिला अस्पताल**

"अब तक चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। तथ्य व सबूतों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।"
**-चक्रपाणि त्रिपाठी, एसपी सिटी**

## डॉक्टर की मेज पर मिला इन्हेलर एसआईसी बोले- केस करा दूंगा

**जब चिकित्सक ने बताया कि यह अंदर की दवा है तो कहा, सॉरी**

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जिला अस्पताल में नवागत प्रमुख अधीक्षक (एसआईसी) डॉ. अजय सिंह गौतम और बाल रोग विशेषज्ञ में नोकझोंक होने का मामला सामने आया है। एसआईसी को चिकित्सक की मेज पर मरीज को दिया जाने वाला इन्हेलर मिला था। इसके बाद उन्होंने फटकार लगाई और एफआईआर करा देने की धमकी दे डाली। जवाब में चिकित्सक ने भी कह दिया कि सर पहले चीजों को समझ लीजिए, फिर बोला कीजिए। बाद में एसआईसी ने माना की उनसे गलती हो गई थी। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल वर्मा सोमवार को कमरा नंबर चार में ओपीडी कर रहे थे। इस दौरान एक मरीज कुशमता पहुंची। डॉ. अनिल ने बताया कि वह सांस की मरीज थी। उसे दवा देकर समझाया जा रहा था। दवाओं के संग इन्हेलर भी दिया गया था। रोज की भांति राउंड कर रहे एसआईसी डॉ. अजय सिंह ओपीडी में पहुंच गए। उन्होंने डॉ. अनिल से कहा कि मरीज को बाहर के इन्हेलर क्यों लिख रहे हो। यह गलत है। मैं आपके खिलाफ एफआईआर करा दूंगा। मौके पर मौजूद लोगों की मानें तो डॉ. अनिल भी अपना आपा खो बैठे और उन्होंने कह दिया कि आपको यह बोलने से पहले देख लेना चाहिए था कि यह इन्हेलर बाहर का है या अस्पताल का। इसके बाद एसआईसी ने चेक किया तो पता चला कि इन्हेलर अस्पताल का ही था। डॉ. अनिल ने एसआईसी से कह दिया कि आपको इतनी बड़ी बात बोलने से पहले चेक कर लेना चाहिए था। बकौल डॉ. अनिल एसआईसी ने बाद में सॉरी भी कहा। एसआईसी डॉ. अजय सिंह गौतम ने बताया कि मुझसे गलती हो गया था।

## संविदा बिजली कर्मियों ने दी सामूहिक आत्मदाह की चेतावनी

**अयोध्या कार्यालय।** मुख्य अभियंता कार्यालय के सामने चल रहा संविदा बिजली कर्मियों का धरना सोमवार को 63 वें दिन जारी रहा। विद्युत मजदूर पंचायत उत्तर प्रदेश के प्रांतीय उपमंत्री रघुवंश मिश्रा ने बताया कि अयोध्या में बिजली विभाग के संविदा कर्मियों की नौकरी जाने के बाद शनिवार को संविदा कर्मी विकास ने डिप्रेशन में आकर आत्महत्या कर ली। मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष जय गोविंद ने कहा कि संविदा कर्मियों को नौकरी वापस दी जाए अन्यथा संविदा विद्युत कर्मी सामूहिक रूप से मुख्य अभियंता कार्यालय के सामने आत्मदाह करेंगे। बताते चलें कि उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन ने अयोध्या में लगभग 500 संविदा कर्मियों को नौकरी से हटा दिया है। जिला अध्यक्ष विद्युत मजदूर पंचायत उत्तर प्रदेश ने मुख्यमंत्री से जांच करा कर निर्दोष हटाए गए निविदा व सविदा कर्मचारियों को कार्य पर बहाल कर न्याय दिलाने की मांग की है।

# महापुरुषों के नाम पर विधायक निधि से जिले में बनेंगे पांच द्वार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** श्रीराम की नगरी आने वाले प्रमुख मार्गों पर पांच द्वार बनाए जाएंगे। अयोध्या विधायक की निधि से बनने वाले यह द्वार सरदार पटेल, अटल बिहारी वाजपेई, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, अशोक सिंहल व महाराजा अग्रसेन के नाम पर होंगे।

विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने बताया कि इससे यहां आने पर तीर्थयात्रियों व श्रद्धालुओं को इतिहास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले महापुरुषों की स्मृतियां ताजा होंगी। बताया कि अयोध्या- अम्बेडकरनगर मार्ग में पड़ने वाली बाकरगंज बाजार में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल स्मृति द्वार बनाया जाएगा। अयोध्या-गोण्डा मार्ग पर पेट्रोल पम्प के पास अटल बाजपेयी द्वार बनाया जाएगा। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल स्मृति द्वार की लागत 16.57 लाख रुपये आएगी, 9.42 लाख रुपये की प्रथम किश्त अवमुक्त की जा चुकी है। अटल बिहारी वाजपेयी द्वार के निर्माण पर 17.17 लाख रूपये आएगी। इसकी प्रथम किश्त के रुप में 10.302 लाख की धनराशि अवमुक्त कर दी गई है।

विधायक ने बताया कि अयोध्या-रायबरेली मार्ग पर मऊशिवाला के पास 17.18 लाख की लागत से पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वार का निर्माण कराया जाएगा। अयोध्या-लखनऊ मार्ग पर सहादतगंज में 17.98 लाख की लागत से अशोक सिंहल द्वार का निर्माण होगा। अयोध्या-प्रयागराज मार्ग पर लगड़ा चौकी पर 8.64 लाख की लागत से महाराजा अग्रसेन द्वार का निर्माण कराया जाएगा।

### जल्द मिलेगी दो बारातघर की सुविधा


वेद प्रकाश गुप्ता नगर विधायक

जिले में दो बारातघर का निर्माण चल रहा है व पयर्टन सुविधाओं का विकास भी किया जा रहा है। विधायक ने बताया कि रामकोट में हनुमानगढ़ी मंदिर के पास ऐतिहासिक एवं पयर्टन स्थल का सौन्दर्यीकरण कार्य चल रहा है। इसकी लागत 16.86 लाख है। रामकोट वार्ड में हनुमानगढ़ी मंदिर के पास मुंडन स्थल का 15.31 लाख की लागत से निर्माण चल रहा है। ग्राम पंचायत ऐमी आलापुर में बारातघर का निर्माण व कृष्णानगर वार्ड में बारातघर का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसकी लागत 25-25 लाख रूपये है। फिरोजपुर में 10.60 लाख की लागत से चौपाल निर्माण का कार्य पूरा हो गया है। बताया कि चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग में ब्लॉक पूरा के खानपुर मजरे पुनहद में स्थित बंधू बाबा का कुंड स्थित है। इसका संचालन करने वाले ट्रस्ट ने कुंड के जलकुंभी से भरे होने की जानकारी देते हुए इसके सौन्दर्यीकरण की मांग किया था। इसके के लिए प्रयास किया जाएगा।

## छात्राओं को दिया जाएगा वित्तीय साक्षरता और डिजिटल प्रशिक्षण



**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार:** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं को वित्तीय साक्षरता और डिजिटल कुशलता का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। खंड शिक्षा अधिकारी रुदौली रमाकांत ने बताया कि यूनिसेफ के ऑनलाइन कोर्स से युवा केंद्रित डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। प्रशिक्षण एक वर्ष का होगा, इसके लिए छात्राओं का पंजीकरण शुरू कर दिया गया है। प्रशिक्षण में छात्राएं चरणबद्ध ढंग से ऑनलाइन सत्रों में भाग लेंगी। नियमित अभ्यास से अपनी दक्षता बढ़ाएंगी। योजना जुलाई से प्रभाव में आएगी। इसे सभी कस्तूरबा विद्यालयों में लागू किया जाएगा।

# मरीजों को शिफ्ट करा हॉस्पिटल किया सील

मवई, अयोध्या

**अमृत विचार :** सीएमओ डॉ. सुशील कुमार बानियान की निजी अस्पतालों पर कार्रवाई जारी है। रविवार की देर शाम मवई चौराहा पर चार निजी अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया, जिसमें सुंदरम हॉस्पिटल, शारदा हॉस्पिटल, आर एन हॉस्पिटल व न्यू लाइफ हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर शामिल रहा। सुंदरम हॉस्पिटल व शारदा हॉस्पिटल में आवश्यक पंजीकरण, योग्य चिकित्सकों की उपस्थिति और मानक चिकित्सा उपकरणों की कमी पाई गई। इसके अलावा, स्वच्छता, मेडिकल कचरा प्रबंधन और अन्य नियामक मानकों का भी पालन नहीं हो रहा था।

सीएमओ डॉ. सुशील कुमार ने बताया कि शारदा हॉस्पिटल में मरीज भर्ती थे और कोई भी चिकित्सक मौजूद नहीं था। बायोमेडिकल वेस्ट के लिए कोई व्यवस्था नहीं थी। मरीजों को सीएचसी में शिफ्ट करवाकर हॉस्पिटल सील कर दिया गया। सुंदरम हॉस्पिटल में आयुर्वेद के डॉक्टर मौजूद थे। मौके पर सीजेरियन मरीज भर्ती था। ओटी को सील किया गया है। आर एन हॉस्पिटल में कोई मरीज नहीं था। हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन मौके पर पाया गया। वहीं न्यू लाइफ हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर में कोई मरीज नहीं था। इसलिए कोई कार्रवाई नहीं की गई। डॉ. सुशील कुमार बानियान ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य जनता को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि केवल वे अस्पताल जो सभी मानकों का पालन करते हैं, उन्हें संचालन की अनुमति दी जाएगी। अवैध और मानकविहीन अस्पतालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। सीएमओ ने नागरिकों से अपील की कि वे केवल पंजीकृत और लाइसेंस प्राप्त चिकित्सा संस्थानों में ही इलाज कराएं। निरीक्षण दल में डिप्टी सीएमओ डॉ. राम मणि शुक्ला, डॉ. वी. पी. त्रिपाठी, डिप्टी सीएमओ डॉ. राजेश चौधरी और स्वास्थ्य विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे।



सील किया गया शारदा हॉस्पिटल। अमृत विचार

- मवई में रविवार की देर शाम सुंदरम व शारदा हॉस्पिटल पर हुई कार्रवाई

### वंश हॉस्पिटल की सील ओटी खोली


**कुमारगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** नगर पंचायत कुमारगंज स्थित वंश हॉस्पिटल में पाई गई कमियों को दूर करने के बाद ऑपरेशन थिएटर (ओटी) की सील खोल दी गई है। सीएमओ डॉ.सुशील कुमार के निर्देश पर नोडल अधिकारी डॉ. संदीप शुक्ला ने यह कार्रवाई की। बीते 17 जून को सीएमओ ने वंश हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान अस्पताल की अधिकांश व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं, लेकिन ऑपरेशन थिएटर निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं था। इसके चलते सीएमओ के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ओटी को सील कर दिया था।

# रामनगरी में हुई 17.8 एमएम बारिश, पांच डिग्री गिरा पारा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनगरी में सोमवार भोर से ही बारिश का सिलसिला शुरू हुआ। सुबह 10 बजे तक कभी तेज तो कभी रिमझिम बरसात होती रही है। इस दौरान कुल 17.8 एमएम वर्षा दर्ज की गई। इसके चलते तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई।अधिकतम तापमान पांच डिग्री गिरकर 31.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विभाग ने आगामी दिनों भी बारिश होने की संभावना जताई है।

अयोध्या में सोमवार सुबह करीब चार बजे से बारिश शुरू हुई। कभी तेज तो कभी बूंदाबांदी ने मौसम को सुहावना बना दिया। तपती गर्मी और उमस से परेशान लोगों को राहत मिली है। रामलला, हनुमानगढ़ी समेत अन्य मंदिरों में श्रद्धालु भीगते हुए पहुंचे और दर्शन-पूजन किया। बारिश में भी श्रद्धालुओं की भीड़ में कोई कमी नहीं दिखी। वहीं, सुबह करीब 11 बजे बादल छट गए व धूप निकली, जिससे वातावरण में उमस बढ़ गई। आचार्य नरेंद्र देव कृषि व प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरनाथ मिश्र ने बताया कि आगामी 24 घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के साथ-साथ हल्की एवं मध्यम वर्षा होने की संभावना है। हवा के सामान्य गति से पूर्वी चलने की संभावना है।



- दोपहर में धूप निकलने से बढ़ी उमस

## निगम में सहायक कार्यकारी अभियंता बने सचिन

**सोहावल, अमृत विचार:** सोहावल के जगनपुर गांव के रहने वाले सचिन कुमार का भारत सरकार के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तेल और प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड में सहायक कार्यकारी अभियंता के पद पर चयन हुआ है। प्राथमिक विद्यालय जगनपुर के बाद जवाहर नवोदय विद्यालय अयोध्या, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान धनबाद से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीटेक ऑनर्स करने वाले सचिन के चयन पर विधायक डॉ. अमित सिंह सहित अन्य ने बधाई दी। सचिन ने कहा कि हर चुनौती और समस्या को व्यक्तिगत रूप से लें, चाहे वह आपकी हो या दूसरों की। सफलता का मार्ग असफलता से होकर निकलता है।


सचिन कुमार।

# दिसंबर तक पूरी कराएं जल जीवन मिशन की परियोजनाएं : डीएम


कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक लेते जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी श्री निखिल टीकाराम फुंडे ने जल जीवन मिशन की परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। कहा कि दिसंबर तक सभी परियोजनाएं पूरी की जाएं।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियंता अरविंद यादव ने जानकारी दी। बताया कि जिले की कुल 535 पेयजल परियोजनाओं में से 203 योजनाएं पूर्ण की जा चुकी हैं। 79 परियोजनाओं में संचालन एवं अनुरक्षण शुरू हो चुका है। डीएम ने कहा कि अगले एक माह में कम से कम 50 और संचालन और अनुरक्षण शुरु किया जाए।

उन्होंने एजेंसियों को सख्त निर्देश दिया कि खोदी गई सड़कों की मरम्मत गुणवत्ता युक्त की जाए। शिकायत की स्थिति में संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। सोलर इंस्टॉलेशन की धीमी प्रगति पर असंतोष जताया। शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। सभी फर्मों को निर्देश दिया कि हेल्पलाइन शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान हेतु डेडिकेटेड टीम गठित करें ताकि शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित हो सके। जल उपभोक्ता शुल्क का संग्रहण शुरू किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अधिशासी अभियंता जल निगम, परियोजना प्रबंधकगण, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि सहित अन्य लोग थे।

## सार-संक्षेप

### बसपा का प्रतिनिधिमंडल ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**अयोध्या, अमृत विचार :** बसपा के जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार पासी के नेतृत्व में सोमवार को एक प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। इसमें तारुन के गांव पंचायत मैहर कबीरपुर में गांव प्रधान प्रतिनिधि द्वारा अवरुद्ध किए गए दलित परिवार के निकास मार्ग को तत्काल खुलवाने व ग्राम पंचायत निधि के जांच की मांग की। जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार ने बताया कि शिवपूजन, बृजेश कुमार, बलई ,दिनेश कुमार , किरमता देवी विकासखंड तारुन के गांव पंचायत मैहर कबीरपुर के मजरे महादेवा के निवासी हैं। प्रधान पति ने दलित परिवार के निकास द्वार को गेट लगाकर बंद कर दिया है। ज्ञापन देने वालों में रवींद्र भारती, मुस्तफा अली, हिम्मत सिंह सरोज, सतपाल सिंह राना ,कन्हैयालाल मास्टर, रामानंद बाबूजी सहित पीड़ित दलित परिवार के लोग शामिल थे।

### चाणक्य परिषद ने डिप्टी सीएम को सौंपा ज्ञापन

**अयोध्या, अमृत विचार :** अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक एवं श्री श्री परशुराम सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं कृपा निधान तिवारी ने कौशांबी जिले के मृतक राम बाबू तिवारी के परिवार के उत्पीड़न के खिलाफ न्यायोचित कार्रवाई करने की मांग उपमुख्य मन्त्री ब्रजेश पाठक से लखनऊ स्थित उनके आवास पर मिलकर की। साथ ही मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजकर परिवार को एक सरकारी नौकरी एक करोड़ की आर्थिक सहायता एवं पीड़ितों के खिलाफ दर्ज एफआईआर निरस्त कराने, एसआईटी जांच कराकर दोषी पुलिस वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। प्रतिनिधि मंडल में उच्चन्यालय के अधिवक्ता शिव प्रकाश मिश्र, सेनानी अजय पांडे, अतुल दुबे, राजा पांडे, राजेश द्विवेदी थे।

### शिक्षक 27 को करेंगे आंदोलन

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ सरकार के विद्यालयों के मर्जर के खिलाफ प्रदेश भर में सभी मुख्यालयों पर 27 जून को धरना प्रदर्शन करेगा। जिला अध्यक्ष डॉ. संजय सिंह और जिला मंत्री प्रेम वर्मा ने बताया कि 27 जून को आंदोलन के बाद शिक्षक मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजेंगे।

### निजी भूमि पर सीसी मार्ग बनवाने का लगाया आरोप

**रुदौली, अमृत विचार :** मां कामख्या धाम नगर पंचायत के मोहल्ला डलई मऊ में निजी भूमि पर सीसी मार्ग निर्माण किए जाने का आरोप है। जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में डेलईमऊ के रहने वाले राम बहोर ने आरोप लगाया कि अधिकारी भूमिधरी जमीन पर जबरन आरसीसी सड़क बनवा रहे हैं,जबकि नक्शे में किसी भी प्रकार का कोई रास्ता दर्ज नहीं है। राम बहोर ने जांच करा उचित कार्रवाई की मांग की है।

### खड़े वाहन से भिड़ी एसयूवी

**अयोध्या, अमृत विचार।** कोतवाली नगर अंतर्गत फतेहगंज ओवरब्रिज के नीचे रविवार रात एक एसयूवी अनियंत्रित होकर वहां खड़े वाहन से भिड़ गई। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर जांच शुरू कर दी है। कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि शिकायत मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा।

### सेवाज्ञ संस्थानम ने पौधरोपण कर मनाया जन्मदिन

**अयोध्या, अमृत विचार :** सेवाज्ञ संस्थानम् अयोध्या महानगर इकाई ने संस्था के संरक्षक,हनुमत निवास पीठाधीश्वर मिथिलेश नंदनी शरण के जन्मदिवस पर हनुमत निवास परिसर में पौधरोपण किया गया। इसमें अशोक, मौलिश्री, चंदन, मधुकामिनी, मधुमालती,फायकस,एरिका पाम आदि पौधे रोपित किए गए। शुरुआत संस्थानम् के संरक्षक मिथिलेश नंदनी शरण ने किया। इस अवसर पर परेश पांडेय,अनुज सिंह,अभिनव सिंह राजपूत, अंजनी ओझा,अनूप द्विवेदी, पूजा सिंह आदि थे।



पीठाधीश्वर मिथिलेश नंदनी शरण को पौधा भेंट करते सेवाज्ञ संस्थानम के पदाधिकारी।

**शासनादेश** आंगनबाड़ी केन्द्र पर एक ही परिवार की दो महिलाओं को तैनात नहीं किया जा सकता

# 13 दिन में न आख्या भेज सके न शुरु हुई जांच


सुरेश दूबे, पूराबाजार

**अमृत विचार:** मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश को 13 दिन बीत गए लेकिन न तो जांच आख्या भेजी गई और न ही जांच शुरू हो पाई। मामला एक आंगनबाड़ी केंद्र पर सास-बहू की एक साथ तैनाती से जुड़ा है।

ब्लॉक की ग्राम पंचायत गंगौली के आंगनबाड़ी केंद्र में एक साथ सास - बहू की तैनाती के मामले में सीडीओ ने 31 मई को जांच के आदेश देते हुए 10 जून तक जांच आख्या जिला कार्यक्रम अधिकारी को भेजने का निर्देश दिया। सीडीओ ने बीडीओ को तो बीडीओ ने एडीओ को जांच के लिए निर्देशित किया। सीडीओ से 31 मई को खंड विकास अधिकारी पूराबाजार अनुराग सिंह को पत्र भेजा गया।

पत्र में कहा गया है कि जिला कार्यकम अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि शाम्भवी सिंह पत्नी राहुल सिंह निवासी ग्राम पंचायत गंगौली का चयन आंगनबाड़ी केन्द्र कोड 91770090411पर आगनबाड़ी कार्यकत्री पद पर हुआ है। इनके विरुद्ध इस आशय कि शिकायत प्राप्त हुई की उनका जिस आंगनबाड़ी केन्द्र कोड पर चयन किया गया उसी आंगनबाड़ी कोड पर उनकी सास अंजू सिंह पूर्व से ही सहायिका पद पर तैनात है। आंगनबाड़ी कार्यकत्री, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री/ सहायिका पद पर चयन के लिए शासनादेश 21 मार्च 2023 में प्रावधान है कि एक ही आंगनबाड़ी केन्द्र पर एक ही परिवार की दो महिलाओं को तैनात नहीं किया जा सकता है। सीडीओ के पत्र में कहा गया है कि मामले में दो भिन्न-भिन्न परिवार रजिस्टर की प्रतियां दावे-प्रतिदावे के रूप में प्राप्त हुई है। स्थलीय /भौतिक सत्यापन के बाद अपनी आख्या 10 जून तक तक जिला कार्यकम् अधिकारी के ई-मेल तथा वाट्सए नम्बर 9519742628 पर भेजना निश्चित करें। मामले में खंड विकास कार्यालय से कोई प्रगति सामने नहीं आई है। बताया गया बीडीओ को सीडीओ का पत्र एक जून को ही मिल गया था। उन्होंने इसे एडीओ पंचायत के हवाले कर दिया। इतना ही नहीं अब एडीओ पंचायत कह रहे हैं कि जांच शुरू होगी तो बीडीओ बता रहे हैं आज ही जांच कराई जाएगी।

- आंगनबाड़ी केंद्र गंगौली में सास-बहू की एक साथ तैनाती का मामला


मुख्य विकास अधिकारी द्वारा 31 मई को जांच के लिए खण्ड विकास अधिकारी को भेजा गया पत्र।

"जांच की प्रक्रिया प्रारंभ हुई है। आज जांच पूरी हो जाएगी और आख्या भी भेज दी जाएगी। एडीओ पंचायत रवींद्र वर्मा को जांच के लिए निर्देशित किया गया था, विलंब कैसे हुआ जानकारी की जाएगी।" **-अनुराग सिंह, खंड विकास अधिकारी, पूराबाजार।**

"अभी जांच शुरू नहीं हुई है। जांच शुरू करने के बाद जैसी स्थिति होगी आख्या खंड विकास अधिकारी को भेज दी जाएगी। जांच के लिए मौके पर जाऊंगा।"
**-रवींद्र वर्मा, एडीओ पंचायत, पूराबाजार।**

## मॉकड्रिल 26 को, एसडीएम ने किया दौरा


बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करते एसडीएम अशोक कुमार सैनी व क्षेत्राधिकारी आशीष निगम।

रुदौली, अयोध्या

**अमृत विचार:** तहसील रुदौली के बाढ़ से प्रभावित होने वाले तराई क्षेत्र में 26 जून को मॉकड्रिल होगा। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। सोमवार को एसडीएम अशोक कुमार सैनी, क्षेत्राधिकारी आशीष निगम के साथ तहसील रुदौली के बाढ़ से प्रभावित होने वाले गांव कैथी और महंगू का पुरवा पहुंचे। ग्रामीणों से सरयू नदी में बाढ़ के दौरान आने वाली समस्याओं की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बाढ़ के समय आवागमन के लिए पर्याप्त नाव,जानवरों के लिए चारा जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाने की मांग की। एसडीएम ने क्षेत्रीय लेखपाल नक्छेद भारती व शहंशाह आलम को नदी में बढ़ने वाले जलस्तर की रिपोर्ट प्रतिदिन आपदा लिपिक कानूनगो जनार्दन प्रसाद को देने का निर्देश दिया।

एसडीएम सैनी ने बताया की 26 जून को मंहगू का पुरवा में मॉकड्रिल का आयोजन जिलाधिकारी की मौजूदगी में किया जायेगा। कार्यक्रम में एनडीआरफ,बाढ़ खंड,खाद्य आपूर्ति विभाग, विकास खंड,स्वास्थ्य विभाग, पशु चिकित्सा सहित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहेंगे। कोतवाल संजय मौर्य,राजस्व निरीक्षक अनिल यादव मौजूद रहे।

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ...भी है।...
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

## आज का मौसम

आगामी 24 घंटे में बादल छाए रहने व वर्षा होने की संभावना है।

31.5⁰ अधिकतम तापमान | 26.0⁰ न्यूनतम तापमान

## आज के कार्यक्रम

- मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर निविदा संविदा कर्मियों का धरना सुबह 10 :00 बजे से।
- अवध विश्वविद्यालय में पर्यावरण प्रदर्शनी का चतुर्थ दिवस सुबह 11 :00 बजे से।
- मोहर्रम को लेकर ताजियादारान कमेटी की बैठक राठहवेली में दोपहर 12 :00 बजे से।
- परिषदीय विद्यालयों के समायोजन को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक गांधी पार्क में अपराह्न 03 :00 बजे से।

# राज्यसभा चुनाव के बाद से ही भाजपा के मंच पर दिखने लगे थे अभय सिंह

## गोसाईगंज विधानसभा से सपा से तीन बार लड़ा चुनाव, दो बार बने विधायक | रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान रामलला के दर्शन कर दे दिए थे स्पष्ट संकेत

अयोध्या कार्यालय


लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी से भेंट करते गोसाईगंज विधायक अभय सिंह।

**अमृत विचार :** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला के समक्ष फफक कर रोने वाले गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र के सपा विधायक अभय सिंह ने स्पष्ट रूप से भाजपा से जुड़ने का वैचारिक संदेश दे दिया था। राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के बाद से ही वह जिले में आयोजित भाजपा के कार्यक्रमों व अन्य धार्मिक आयोजनों में वह मंच पर दिखायी देने लगे थे। चाहे लोकसभा का चुनाव हो या मिल्कीपुर उपचुनाव, वह भाजपा के पक्ष में खड़े आए। अब सपा से निष्कासित होने के बाद उनकी भाजपा में शामिल होने की राह आसान हो गई। मुख्यमंत्री से सोमवार को मुलाकात कर उन्होंने इसके संकेत भी दे दिए।

बाहुबली अभय सिंह ने वर्ष 2002 राजनीति में कदम रखा व बसपा से अयोध्या विधानसभा का चुनाव लड़ा। चुनाव में वह तीसरे स्थान पर रहे, लेकिन जिले की राजनीति में वह कदम रखने में सफल हो गए। इसके बाद उन्होंने तत्कालीन सपा के जिला अध्यक्ष अशोक सिंह के नेतृत्व में सपा की सदस्यता ली। वर्ष 2012 में नए परिसीमन के दौरान जिले में नई गोसाईगंज विधानसभा सीट का गठन होने पर उन्होंने सपा प्रत्याशी के तौर चुनाव लड़ा व गोसाईगंज विधानसभा का पहला विधायक बनने का गौरव प्राप्त किया। वर्ष 2017 के चुनाव में वह भाजपा व अपना दल समर्थित प्रत्याशी इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू से चुनाव हार गए। इसके बाद वर्ष 2022 के चुनाव में सपा ने उन्हें एक बार फिर अपना प्रत्याशी बनाया। वहीं फर्जी अंकपत्र के मामले में जेल में सजा काट रहे इंद्र प्रताप तिवारी के स्थान पर भाजपा ने उनकी पत्नी आरती तिवारी को प्रत्याशी बनाया, इस चुनाव में अभय ने दोबारा विधायक बनने का गौरव पाया। चुनाव में जीत के बाद से ही अभय सिंह के सुर बदल गए थे। लोकसभा चुनाव के पहले से ही उन्होंने संकेत दे दिया था कि तन से वह भले ही सपा में हैं लेकिन मन उनका कहीं और लगा हुआ है। इस बीच वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी कई बार मिले।

### राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के बाद कहा था, अंतर आत्मा की आवाज पर दिया वोट

वर्ष 2024 में राज्यसभा चुनाव में बीजेपी ने आठ उम्मीदवार उतारे थे, सभी को जीत भी मिली थी। संख्या बल के आधार पर बीजेपी सिर्फ सात प्रत्याशियों को ही राज्य सभा भेज सकती थी, जबकि सपा की तरफ से तीन प्रत्याशी मैदान में थे। सपा के सात बागियों के क्रॉस वोटिंग की वजह से बीजेपी के आठवें प्रत्याशी संजय सेठ जीत गए और सपा के तीसरे प्रत्याशी को हार मिली थी। इन विधायकों में एक अभय सिंह भी थे। उस समय कहा था कि उन्होंने अंतरात्मा की आवाज सुनकर वोट किया है।

### विचारधारा के विपरीत काम करने वालों की पार्टी में जगह नहीं : पारसनाथ

विधायक अभय सिंह को सपा से निष्कासित करने के बाद सपा के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि सपा एक विचारधारा है। जो विचारधारा के खिलाफ बात करेगा तो निश्चित तौर पर परिवार में पार्टी में संबंध खराब होंगे। कोई गलत निर्णय लेगा तो निश्चित तौर से वह पार्टी से बाहर निकाला जाएगा। कहा कि उनके जाने से पार्टी पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

### अभय ने सोशल साइट पर लिखा मार्मिक पत्र

मैं अभय सिंह गोसाईगंज विधानसभा की देवतुल्य जनता से चुना गया जनप्रतिनिधि हूं। आज भारी मन और जागृत आत्मा से यह बात साझा कर रहा हूं...मैं जिस सपा से जुड़ा था, वह डॉ. राम मनोहर लोहिया जी की विचारधारा पर आधारित थी। डॉ. लोहिया रामायण मेले का आयोजन करते थे। रामचरितमानस का सम्मान करते थे। आज वही पार्टी उन लोगों की पक्षधर बन गई जो रामचरितमानस जैसे पवित्र ग्रंथ को जलाते हैं। मैंने बार-बार माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी से आग्रह किया कि जो नेता रामचरितमानस को फाड़ते और जलाते हैं, उनके खिलाफ कारण बताओ नोटिस तो जारी कीजिए,लेकिन पार्टी ने कोई कार्यवाही की। न ही उन्हें इस महापाप से रोका। मेरे हृदय को बड़ा आघात तब पहुंचा जब राम मंदिर निर्माण के बाद सभी सपा विधायकों के दर्शन पर रोक लगा दी गई। क्या मैं अयोध्या का बेटा होकर भी अपने आराध्य श्रीराम के दर्शन न करूं? सपा ने पीडीए का नारा सिर्फ सत्ता पाने के लिए गढ़ा। एक से डेढ़ वर्ष तक कोई संवाद नहीं हुआ-और फिर अचानक पार्टी से निष्कासन कर दिया गया। आज मैं पार्टी से अलग हो रहा हूं, लेकिन मैं धर्म, अपनी संस्कृति, आत्मा और आराध्य राम के साथ अडिग खड़ा हूं।

# टेढ़ी बाजार रेलवे क्रॉसिंग अस्थाई रूप से हुई बंद

**महाकुंभ के दौरान यहां थी सबसे बड़ी पार्किंग**

**भीड़ मैनेजमेंट में इस मार्ग ने निभाई थी अहम भूमिका**

अयोध्या कार्यालय


अस्थायी रूप से बंद हुई टेढ़ी बाजार रेलवे क्रॉसिंग। अमृत विचार

**अमृत विचार :** रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण के करीब एक साल बाद अब टेढ़ी बाजार रेलवे क्रॉसिंग गेट संख्या 111 को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। भविष्य में इसे अस्थायी रूप से बंद कर यहां दीवार खड़ी करने की योजना है। महाकुंभ के दौरान यह रामनगरी का सबसे हॉट स्पॉट एरिया बना हुआ था। 45 दिनों में इसके आसपास करीब दो लाख से ज्यादा वाहनों की पार्किंग कराई गई थी। इसी रेलवे क्रॉसिंग को पार कर करीब 30 लाख लोग राम मंदिर पहुंचे थे।

लखनऊ व प्रयागराज की ओर से अपने निजी साधनों से आने वाले श्रद्धालुओं को गूगल मैप पर हाईवे से महोबरा चोराहा होकर राम मंदिर जाने का सबसे नजदीक व सुलभ मार्ग नजर आता है। महाकुंभ के दौरान इस मार्ग पर प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का उपयोग किया। इसके चलते इस क्रॉसिंग के पास स्थित लंगड़वीर चौराहा को शहर का हॉट स्पॉट एरिया घोषित कर दिया गया था। भीड़ ज्यादा होने पर यातायात पुलिस को यहां पर 24 स्थानों पर पार्किंग की वैकल्पिक व्यवस्था करना पड़ी थी। यहां प्रतिदिन करीब 10 हजार वाहन खड़े होते थे। वर्तमान में भी इस एरिया में सैकड़ों की संख्या में वाहन पार्क होते हैं। श्रद्धालु रेलवे क्रॉसिंग पार कर रामलला व हनुमानगढ़ी दर्शन पूजन को जाते हैं। अब जब इस रेलवे क्रॉसिंग का बंद कर दिया गया है, भविष्य में जब दीवार खड़ी हो जाएगी तो तय है कि श्रद्धालुओं को मंदिर पहुंचने के लिए और लंबा सफर पैदल ही तय करना होगा।

### भीड़ मैनेजमेंट में निभाई थी अहम भूमिका

महाकुंभ के दौरान अयोध्या में इस कदर भीड़ उमड़ी थी कि प्रशासन के हाथ-पैर फूल गए थे। रामपथ प चलना मुश्किल था, धर्मपथ से लेकर बालू घाट तक वाहनों का इस कदर दबाव था कि प्रशासन अपने आपको असहाय महसूस करने लगा था। इस दौरान आईजी प्रवीण कुमार के नेतृत्व में टेढ़ी बाजार रेलवे क्रॉसिंग, लंगड़वीर चौराहे व इसके आसपास के एरिया में भीड़ मैनेजमेंट की योजना बनाई गई। हाईवे से वाहनों को महोबरा चौराहा होकर लंगड़वीर चौराहे तक आने की अनुमति दी गई। एसपी यातायात एपी सिंह ने व्यक्तिगत प्रयास कर यहां पर दर्जनों जगह खाली पड़े स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई। इसके चलते प्रतिदिन यहां पर करीब 10 हजार वाहन खड़े होने लगे। साथ ही लाखों की संख्या में श्रद्धालु इस रेलवे क्रॉसिंग को पार कर आसानी से राम मंदिर तक पहुंचने लगे। यहीं नहीं, भारी भीड़ के चलते रामपथ को वन-वे किया गया। श्रद्धालुओं को राम मंदिर के निकास द्वार से सिर्फ टेढ़ी बाजार की ओर जाने की अनुमति दी गई। ऐसे में लाखों श्रद्धालु इसी मार्ग से मणि पर्वत, विद्याकुंड होते हुए रायगंज होते हुए अपने गंतव्य तक जाने में सफल हुए। इस क्रॉसिंग के स्थायी रूप से बंद होने के बाद अब भविष्य में रामनगरी में यदि महाकुंभ जैसी भीड़ उमड़ती है तो प्रशासन को भीड़ मैनेजमेंट के लिए अतिरिक्त उपाय करने पड़ेंगे।

### स्थानीय लोग भी करते हैं इस मार्ग का प्रयोग

रामपथ पर टेढ़ी बाजार से लता चौक तक के मार्ग को नो व्हीकल जोन घोषित करने के बाद स्थानीय लोग अयोध्या शहर आने जाने के लिए इसी मार्ग का प्रयोग करते हैं। अब इस क्रॉसिंग के बंद होने के बाद उन्हें टेढ़ी बाजार जाकर वहां से ओवरब्रिज पर चढ़कर उस पार उतरना होगा। यहां से वापस लंगड़वीर चौराहे पर आकर रानोपाली होकर अयोध्या शहर की ओर जाना पड़ेगा। इसको लेकर स्थानीय लोगों में रोष है। श्रीबालाजी सरकार सेवा समित के अध्यक्ष सुभाष जायसवाल ने इस संदर्भ में रेल मंत्री को पत्र लिखकर इस रेलवे क्रॉसिंग को पूर्व की तरह खोले जाने की मांग की है।

### यात्रियों की सुविधा के लिए बंद की गई रेलवे क्रॉसिंग

रेलवे प्रशासन का कहना है कि अब गाड़ियों की संख्या बढ़ गई है। इसके चलते ही रेलवे ने आरओबी का निर्माण किया है। तर्क यह भी है कि आरओबी बनने के बाद रेलवे क्रॉसिंग को स्थायी तौर पर बंद कर दोनों ओर दीवार खड़ी कर दी जाती है। अयोध्या में रीडगंज, फतेहगंज व जीआईसी पर आरओबी के निर्माण के बाद इन रेलवे क्रॉसिंगों को पूर्व में ही स्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के अधीक्षक विजय कुमार चौबे का कहना है कि यात्रियों की सुविधा के लिए ही इस रेलवे क्रॉसिंग को अभी अस्थायी तौर पर बंद किया गया है। यात्रियों को ओवरब्रिज का प्रयोग कर अपने गंतव्य को जाना चाहिए।

# वीडीओ और ग्राम प्रधान समेत सात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश

**एक ही व्यक्ति का दो मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का मामला**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** मृतक व्यक्ति का भिन्न-भिन्न तिथियों में दो मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के मामले में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सहायक व ग्राम प्रधान समेत 7 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना करने का आदेश थाना अध्यक्ष हैदरगंज को दिया गया है। यह आदेश मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधांशु शेखर उपाध्याय की अदालत से सोमवार को हुआ।

अधिवक्ता रवि प्रकाश पाठक ने बताया कि हैदरगंज थाना क्षेत्र के जाना बाजार निवासी अखिलेश चंद्र पांडेय की मृत्यु 27 अप्रैल 2022 को मंडलीय अस्पताल दर्शन नगर में हो गई थी। उक्त तिथि का मृत्यु प्रमाण पत्र भी वहां से जारी हुआ। तारा देवी की शादी राजीव निवासी मजरुद्दीनपुर मजरे कादीपुर थाना कोतवाली बीकापुर के साथ हुई थी। तारा देवी अपने पूर्व पति को धोखा देकर बिना तलाक लिए सतीश चंद्र पांडेय निवासी जाना बाजार के पुत्र अखिलेश की संपत्ति हड़पने के लिए उसके साथ रहने लगी। ग्राम पंचायत विकास अधिकारी विजय गुप्ता से मिली भगत कर कूट रचना करके परिवार रजिस्टर में अपना नाम दर्ज करवा लिया और अखिलेश की संपत्ति हड़पने के लिए एक अन्य फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र 26 अप्रैल 2022 की मृत्यु दर्शाते हुए तैयार कराया। ग्राम पंचायत विकास अधिकारी कूट रचना करके परिवार रजिस्टर में तारा देवी का नाम भी बढ़ा दिये। कूटरचना में तारा देवी, ग्राम प्रधान किरन वर्मा, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी विजय गुप्ता, ग्राम पंचायत सहायक राकेश कुमार यादव निवासी जाना बाजार थाना हैदरगंज, जाना बाजार के ग्राम पंचायत सदस्य राम सिंह, रीता वर्मा और अंकित यादव शामिल रहे। इसकी रिपोर्ट दर्ज करने के लिए थाने में तथा एसपी के यहां तहरीर दी गई, लेकिन कहीं से कोई सुनवाई नहीं हुई। तब सतीश चंद्र ने अदालत में प्रार्थना पत्र दिया। सुनवाई के बाद अदालत ने मामले में प्रारंभिक जांच करवाई। उसकी आख्या अदालत में दाखिल होने के बाद कोर्ट ने मामले में रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना करने और इसकी अनुपालन आख्या एक सप्ताह के अंदर न्यायालय को प्रेषित करने का आदेश दिया।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**अयोध्या, अमृत विचार।** बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के लुफ्ताबाद बछौली मजरा जानकीपुर में सोमवार सुबह पांच बजे ट्रेन की चपेट में आने से गांव निवासी संजय निषाद (24) पुत्र गया प्रसाद निषाद की मौत हो गई। वह रेल ट्रैक पार करते सूय वह मनकापुर से प्रयागराज जा रही सरयू एक्सप्रेस की चपेट में आ गया। घायल संजय को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर ले जाया गया, जहां चिकित्सक डॉ. संत कुमार मौर्य ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक दो भाइयों में छोटा था। कोतवाल लालचंद सरोज ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## एक नजर

### उचित दर दुकान के लिए करें आवेदन

**अयोध्या, अमृत विचार :** नगर पंचायत बीकापुर के मोहल्ला तेन्दुआ माफी में रिक्त उचित दर दुकान कार्यरत नहीं है। पूर्व में निर्धारित आरक्षण के अनुसार दुकान नियुक्ति किया जाना है। रिक्त दुकान के सापेक्ष आवेदन पत्र मांगे गए हैं। आवेदन पत्र 21 जुलाई की शाम चार बजे रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के जरिए जिला आपूर्ति कार्यालय में प्राप्त कराया जा सकता है। यह जानकारी जिला आपूर्ति अधिकारी कार्यालय ने दी।

### प्रायोगिक परीक्षा पोर्टल 30 तक खुला रहेगा

**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय ने संबद्ध महाविद्यालयों व आवासीय परिसर की प्रायोगिक, मौखिकी, प्रोजेक्ट रिपोर्ट की परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय ने पोर्टल को 30 जून तक के लिए खोल दिया है। अभी तक यह तिथि 21 जून थी। परीक्षा नियंत्रक विनय कुमार सिंह ने बताया कि छात्र हितों को दृष्टिगत रखते हुए स्नातक द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठम सेमेस्टर तथा परास्नातक द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षाओं की प्रायोगिक, मौखिकी, प्रोजेक्ट रिपोर्ट की परीक्षाओं को संपन्न करने के लिए तिथि बढ़ाई गई है।

## सार-संक्षेप

### स्टेमी केयर यूनिट : अब महावीर को मिला जीवनदान


इलाज के दौरान चिकित्सक डॉ. वीरेंद्र वर्मा।

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में बनी स्टेमी केयर यूनिट ने सोमवार को एक और मरीज की जान बचा ली। पूरे निरहू सोरांव, सुल्तानपुर निवासी महावीर (65) सीने में सुबह साढ़े आठ बजे के करीब तेज दर्द की समस्या लेकर इमरजेंसी ओपीडी पहुंचे। ईएमओ डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने ईसीजी किया, जिसमें हार्ट अटैक की पुष्टि हुई। डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल की स्टेमी यूनिट की सलाह से महावीर को टेनेक्टेप्लेस इंजेक्शन देकर मरीज की जान बचाई गई। साढ़े 9 बजे के करीब महावीर को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। उन्होंने बताया कि हृदयाघात से पीड़ित मरीज को पहले चार घन्टे में यह इंजेक्शन लग जाये तो जान बचाई जा सकती है।

### समस्या निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : जिलाधिकारी


कलेक्ट्रेट कार्यालय में फरियादी की शिकायत सुनते डीएम निखिल टीकाराम फुंडे।

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आमजन की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### डीएम ने किया ईवीएम/वीवी पैट वेयर हाउस का निरीक्षण

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण में बैलेट यूनिट, कंट्रोल रूम, स्ट्रांग रूम, रिजेक्टेड यूनिट कक्ष, वीवीपैट कक्ष, सीसीटीवी कैमरा, सुरक्षा व्यवस्था को देखा। वेयर हाउस में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की ईवीएम/वीवी पैट मशीनें लॉक के अंदर संरक्षित हैं। निर्देश दिया कि सुरक्षा के मद्देनजर स्ट्रांग रूम की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि व जिला निर्वाचन कार्यालय के स्टाफ के लोग मौजूद रहे।

### सीएचसी पर शुरू होगी बायोमीट्रिक हाजिरी



**रुदौली, अयोध्या :** सीएचसी मवई में तैनात फार्मासिस्ट आए दिन सीएचसी से गायब रहते हैं। सूत्र बताते हैं कि शनिवार को गए फार्मासिस्ट सोमवार शाम तक नहीं आ सके थे। इस बारे में सीएमओ डॉ. सुशील कुमार ने कहा कि अस्पतालों में बेहतर सेवा के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे। इसमें जो भी लापरवाही करेगा उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि आने वाले एक माह में हर सीएचसी पर बायोमीट्रिक हाजिरी शुरू कर दी जाएगी।

### लक्ष्य, स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित



**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** भारत सरकार द्वारा अयोध्या के लक्ष्य टेकचंदानी को दिल्ली के लालकिले पर 15 अगस्त को आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में आमन्त्रित किया गया है। पीएम युवा लेखक योजना के तहत 100 सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों में शामिल लक्ष्य को भारत सरकार के विशेष अतिथि के रूप में आमन्त्रित किए जाने पर परिवार में हर्ष है। लक्ष्य के पिता रामनगर कॉलोनी निवासी विश्व प्रकाश रूपन ने बताया कि उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, देश के शिक्षा मंत्री, विश्व प्रसिद्ध लेखकों की मौजूदगी में लक्ष्य लिखित पुस्तक 'सिंध के स्वतंत्रता आंदोलन के अज्ञात नायक' का विमोचन हुआ था। वह संत हंसराज कॉलेज से स्नातक हैं।

# अगले माह बढ़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

अयोध्या कार्यालय

**कावड़ यात्रा व सावन झूला मेला जुलाई में, सुविधाओं पर फोकस**

**बेहतर यातायात के लिए रेल व रोडवेज को पत्र जारी**

**अमृत विचार :** जुलाई (सावन) में अयोध्या में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने के आसार हैं। कावड़ यात्रा और सावन झूला मेला जुलाई माह में पड़ने वाला है। मेले में नागरिक सुविधाओं को लेकर प्रशासन का फोकस बढ़ रहा है। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के आने जाने के लिए अतिरिक्त बस और ट्रेनों की व्यवस्था पर काम शुरू हो गया है। इसके लिए पत्र जारी कर दिया गया है। बिजली के साथ सफाई व्यवस्था का निर्देश दिया गया है।

सावन लगने के साथ ही अयोध्या फिर राम भक्तों के साथ शिवभक्तों से गुलजार होगी। 14 जुलाई से सावन लग रहा है। सावन के साथ हर-हर बम-बम सुनाई पड़ेगा। भगवान भोले को जल चढ़ाने के लिए कावड़ यात्रा शुरू होगी। अयोध्या में भीड़ के मद्देनजर कई अतिरिक्त व्यवस्थाएं करनी पड़ती हैं। श्रद्धालु अयोध्या में नागेश्वर नाथ पर जल चढ़ाने के बाद सरयू जल लेकर दूसरे शिवालयों के लिए जाते हैं।

कावड़ यात्रा के बाद अयोध्या का प्रसिद्ध सावन झूला मेला शुरू हो जाता है। यह अयोध्या के छह प्रमुख मेलों में से एक है। आराध्य का झूलनोत्सव देखने के लिए दूर दराज से श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ यहां के मेलों का आकर्षण पहले से बढ़ गया है। लगभग पखवारे भर चलने वाले इस मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का लगातार जमावड़ा बना रहता है। बारिश के मौसम में भीड़ से गंदगी स्वाभाविक है। ऐसे में सफाई व्यवस्था पर फोकस ज्यादा है। इसके बाद भक्तों के आवागमन के लिए ट्रेन और बसों की व्यवस्था का काम शुरू किया गया है। अतिरिक्त बसों के साथ ट्रेनों के फेरे बढ़ाए जाने पर विचार हो सकता है। कुछ ट्रेनों का ठहराव फैजाबाद से बढ़ाकर अयोध्या किया जा सकता है। जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे ने विभागों के साथ बैठक करके जिम्मेदारी सौंप दी है। मेला सहायक कौशल श्रीवास्तव ने बताया कि संबंधित विभागों को पत्र जारी किए गए हैं। व्यवस्था शुरू कर दी गई है।

## अभ्युदय योजना में शिक्षक के लिए करें आवेदन

**अयोध्या, अमृत विचार:** समाज कल्याण विभाग से संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत सिविल सर्विसेज, जेईई, नीट की प्रतियोगी परीक्षाओं में पावर प्वॉइंट प्रजेंटेशन के साथ ऑफलाइन, ऑनलाइन, क्लासेज में पढ़ने के लिए सरकारी, गैर सरकारी फैकल्टी/शिक्षक से आवेदन पत्र मांगे गए हैं। क्लासेज में अभ्युदय योजना के तहत यूट्यूब चैनल/गूगल मीट के माध्यम से लाइव क्लास भी प्रसारित होनी है। अध्यापन कार्य के लिए इच्छुक योग्य, अनुभवी एवं प्रोफेशनल व्याख्याताओं की सेवाएं अतिथि व्याख्याताओं के रूप में ली जाएंगी।जिला समाज कल्याण अधिकारी आरबी सिंह ने बताया कि इसकी विस्तृत जानकारी विभाग से ली जा सकती है।

# नागेश्वरनाथ में श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

कार्यालय अयोध्या

**अमृत विचार :** आषाढ़ माह के प्रारंभ होने के साथ ही पर्व और त्योहार की भी शुरुआत हो गई है। आषाढ़ की शिवरात्रि महापर्व पर सोमवार को बड़ी संख्या में अयोध्या पहुंचे श्रद्धालुओं ने सरयू नदी में डुबकी लगाकर नागेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक किया और हनुमान गढ़ी व राम मंदिर में भी दर्शन-पूजन किया। 26 जून से गुप्त नवरात्र भी प्रारंभ हो रहा है।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ.अनिल मिश्रा के मुताबिक इन दिनों राम मंदिर में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 80 हजार से लेकर लगभग एक लाख तक पहुंच गई है। सुबह 6:30 से रात्रि 10 बजे तक दर्शन चल रहा है। दोपहर में मात्र 30 मिनट के लिए ही रामलला के भोग आरती को देखते हुए पट बंद किया जाता है।

### नवमी पर छोटी देवकली मंदिर में सजेगी भव्य झांकी

आषाढ़ शुक्ल नवमी व गुप्त नवरात्रि नवमी 4 जुलाई को पड़ रही है। समिति के महासचिव राजेंद्र सिंह ने बताया कि जिसमें अयोध्या की प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां छोटी देवकाली मंदिर में विराजमान माता पार्वती की सुभव्य हरियाली झांकी भी सजाई जाएगी। इस दौरान रात 8 बजे 1051 बत्ती की महाआरती का आयोजन किया जाएगा।

राम मंदिर | हजारों वर्ष पहले मंदिर में किस तरह के पत्थरों से बना था, इसकी जानकारी देने की योजना

# परिसर में रखे हैं खोदाई में मिले 2000 वर्ष पुराने अवशेष

अयोध्या कार्यालय

**आने वाले समय में इन अवशेषों को श्रद्धालु म्यूजियम के माध्यम से देख सकेंगे**


राम मंदिर निर्माण के दौरान मिले अवशेष।

**अमृत विचार :** राम मंदिर निर्माण में भी दो हजार वर्ष पुराने अवशेष प्राप्त हुए थे, जिन्हें आज भी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मंदिर परिसर में ही संरक्षित कर रखा है। आने वाले समय में इन अवशेषों को श्रद्धालु म्यूजियम के माध्यम से देख सकेंगे।

राम जन्मभूमि से प्राप्त अवशेष में देवी-देवताओं की खंडित मूर्तियां, पुष्प कलश, अम्लक, दोरजाम्ब आदि कलाकृतियां, मेहराब के पत्थर, सात ब्लैक टच स्टोन के स्तंभ व छह रेड सैंड स्टोन के स्तंभ और पांच फीट आकार के नक्काशीयुक्त शिवलिंग की आकृति शामिल है।

राम जन्मभूमि का मंदिर बनकर तैयार हो गया है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश दुनिया से अब करोड़ों पर्यटक व श्रद्धालु रामलला का दर्शन भी कर चुके हैं। इसके साथ ही आने वाले श्रद्धालुओं को मंदिर के प्राचीन इतिहास से रू-ब-रू कराने के लिए ट्रस्ट ने हजारों वर्ष पहले मंदिर में किस तरह के पत्थरों से बना हुआ था, इसकी जानकारी प्राप्त अवशेष के माध्यम से देने की योजना बनाई गई है।

ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा ने बताया कि आने वाली पीढ़ी नवीन राम मंदिर के साथ 500 वर्ष के पहले के भी इतिहास को भी जानेगी। इसके अलावा मंदिर के लिए चले लंबे संघर्ष के बारे में जानकारी प्राप्त होगी। ट्रस्ट एक संग्रहालय तैयार कर रहा है, जिसमें सभी अलग-अलग गैलरियां होंगी। इन अवशेष और ऐतिहासिक वस्तुओं को रखा जाएगा।

### परिसर में ही संरक्षित होगा रामलला का टेंट



राम जन्मभूमि परिसर में रामलला चार वर्ष तक जिस स्थान पर लकड़ी के बने मंदिर में विराजित रहे। उस स्थान को यादगार बनाने की तैयारी की जा रही है। ट्रस्ट के मुताबिक 1949 से रामलला जिस सिंघासन पर टेंट में विराजमान रहे। उस टेंट व लकड़ी से बने सिंघासन को स्मृति चिह्न के रूप में दर्शन के लिए प्रदर्शित किया जाएगा, क्योंकि लम्बी लड़ाई के बाद भव्य मंदिर का निर्माण संभव हो सका है और इसके लिए भक्तों ने अपने प्राणों की आहुति भी दी है।

## महिला पॉलीटेक्निक में रोजगार मेला 25 को

**अयोध्या, अमृत विचार:** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय एवं मॉडल कॅरिअर सेंटर से 25 जून को 10 बजे से राजकीय महिला पॉलिटेक्निक परिसर सहादतगंज में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन होगा। सहायक निदेशक सेवायोजन देवव्रत कुमार ने इस रोजगार मेले में प्रतिष्ठित अमेरिकन कम्पनी मौरिस गैरेज (एमजी) मोटर इंडिया प्रा. लि. एवं धूत ट्रांसमिशन जैसी प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। ऐसे अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 से 28 वर्ष के मध्य हैं और शैक्षणिक योग्यता डिप्लोमा (वर्ष-2023, 2024 एवं 2025 उत्तीर्ण) महिला पॉलिटेक्निक उत्तीर्ण एवं आईटीआई (अनुभवी व गैर अनुभवी) है, प्रतिभाग कर सकते है।

## एक नजर

### एसपी ने तीन उपनिरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में किया बदलाव

**अंबेडकरनगर :** जनपद में कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने तीन उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। एसपी ने तीनों अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। बता दें कि महरुआ थाना प्रभारी दिनेश कुमार सिंह को सम्मनपुर थाना प्रभारी बनाया गया है। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के प्रभारी यादवेंद्र सोनकर को महरुआ का थाना प्रभारी बनाया गया है। वहीं कोतवाली टांडा में उप निरीक्षक पद पर तैनात अरविंद कुमार वर्मा को एएचटीयू का नया प्रभारी बनाया है।

### करंट की चपेट में आने आने से महिला की मौत

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** बिजली की चपेट में आने से 38 वर्षीय महिला की मौत हो गई। जिसे परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए ही अंतिम संस्कार कर दिया। मामला जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के उसरहा डिहवा की है। जानकारी के अनुसार गांव निवासी अखिलेश यादव की पत्नी मंजू यादव 38 वर्ष सोमवार को दोपहर में घर में कोई कार्य कर रही थी, तभी करंट की चपेट में आ गई और उसकी मौत हो गई। जिन्होंने बगैर पुलिस को सूचना दिए और पोस्टमार्टम कराए ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। इस घटना से परिजनों व गांव में कोहराम मचा हुआ है। मृतका के पास दो पुत्र हैं। इस संबंध में कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि घटना के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

### बस की छत से गिरकर खलासी की मौत

**आजमगढ़ :** मेहनगर तहसील क्षेत्र के कम्हरिया गांव निवासी 50 वर्षीय चन्द्रशेखर सिंह उर्फ राजन की रविवार देर शाम एक हादसे में मौत हो गई। वे एक निजी बस में खलासी (परिचालक) के रूप में कार्यरत थे और हादसा उस समय हुआ, जब बस वाराणसी की ओर जा रही थी। जानकारी के अनुसार, घटना वाराणसी के चौबेपुर क्षेत्र में उस वक्त हुई जब चन्द्रशेखर सिंह बस की छत से एक यात्री का सामान उतारने के बाद नीचे उतर रहे थे। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वे बस की छत से सीधे नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद बस चालक और चन्द्रशेखर के बेटे ने उन्हें कबीरचौरा स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां देर रात इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी।

# तीन मदरसों पर चला प्रशासन का बुलडोजर

## सरकारी जमीन पर संचालित मदरसों पर कार्रवाई के दौरान एसडीएम, सीओ और थानाध्यक्ष रहे मुस्तैद

जलालपुर, अंबेडकरनगर



मदरसों पर कार्रवाई के दौरान मौजूद एसडीएम पवन कुमार जायसवाल व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार:** शासन के दिशा-निर्देश पर तहसील क्षेत्र में सरकारी जमीन पर संचालित हो रहे तीन मदरसों के विरुद्ध प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर सरकारी जमीन को खाली कराया है। इसके पूर्व तहसील प्रशासन द्वारा मदरसों को नोटिस जारी कर खाली करने का निर्देश दिया गया था। लेकिन प्रबंध समितियों द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने के बाद प्रशासन ने स्वयं मौके पर पहुंचकर उक्त भूमि को खाली कराया है।

उप जिलाधिकारी पवन कुमार जायसवाल ने बताया कि तहसील क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करके अवैध रूप से मदरसों का निर्माण कराया गया था। जिसमें जलालपुर कोतवाली क्षेत्र में मदरसा नूर फातिमा पब्लिक स्कूल बसिया गांव में, मालीपुर थाना क्षेत्र के मदरसा नुरुल इस्लाम अवधना इस्माइलपुर और गुलामी मदरसा इस्लामिक धवरुआ तथा कटका थाना क्षेत्र के भियांव में अवैध रूप से संचालित मदरसे पाए गए थे। इसके संबंध में जानकारी होने पर स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिसमें संचालित मदरसों को अवैध पाया गया। इसके संबंध में प्रबंध समितियों को नोटिस जारी कर सरकारी जमीन को खाली करने का निर्देश दिया गया। लेकिन मदरसा संचालक ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। जिससे प्रशासन ने स्वयं कार्रवाई करते हुए बुलडोजर से ध्वस्त उक्त भूमि को खाली कराया। जबकि कटका थाना क्षेत्र के मदरसों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई हैं। इस मौके पर जलालपुर में मदरसे पर कार्रवाई के दौरान उप जिलाधिकारी पवन जायसवाल, क्षेत्राधिकारी अनूप कुमार सिंह, कोतवाल संतोष कुमार सिंह व मालीपुर थाना क्षेत्र में हुई कार्रवाई में अधिकारियों के अलावा थाना अध्यक्ष स्वतंत्र मौर्य पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

वहीं संबंध में जिलाधिकारी अनुमप शुक्ला ने बताया कि सरकारी जमीनों पर अवैध रूप से संचालित 25 मदरसों को चिह्नित किया गया है। जहां पर राजस्व संहिता और पीपी एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को ध्वस्तीकरण की कार्रवाई जलालपुर तहसील में की गई है।

### उपजिलाधिकारी, सीओ और ईओ ने हटवाया अवैध कब्जा

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जनपद के अकबरपुर नगर पालिका क्षेत्र के शहजादपुर मोहल्ले में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। उपजिलाधिकारी अकबरपुर और क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में नगर पालिका की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दर्जनों दुकानों के सामने से अवैध अतिक्रमण हटवाया और कई व्यापारियों पर 20 हजार रुपये से अधिक का जुर्माना भी लगाया है। बता दें कि नगर पालिका क्षेत्र में लंबे समय से दुकानदारों द्वारा नालियों और सडक़ पर कब्जा कर लिया गया था, जिससे यातायात में अवरोध के साथ ही नालियों की सफाई में भी परेशानी आ रही थी। बरसात का मौसम शुरू होते ही जल निकासी की समस्या होने लगी, जिसको देखते हुए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया। अभियान के दौरान हाजी कमाल किराना, विष्णु गुप्ता कांटा बाट बर्तन भंडार, एसके इलेक्ट्रॉनिक, अनमोल ट्रेडर्स, चंदा सेठ, रवि जायसवाल, पंजाब क्लॉथ, साधु सेठ, बीबीएस साधु सेठ, भोलानाथ, बीके फैशन, राजकुमार सराफा और नेशनल फैशन जैसे प्रतिष्ठानों के सामने से अतिक्रमण हटाया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यदि इन दुकानदारों द्वारा दोबारा अतिक्रमण किया गया तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान अकबरपुर नगर पालिका परिषद कद्धी ईओ बीना सिंह भी मौके पर मौजूद रहीं।

### शांतिपूर्वक मनाएं मुहर्रम का त्योहार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर:** बिना फोर्स के जुलूस कतई न निकले अगर कोई निकलते हैं तो उसकी जिम्मेदार स्वयं संचालक जिम्मेदार होंगे। इसलिए बिना फोर्स के जुलूस न निकाले। उक्त बातें कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने जलालपुर कोतवाली परिसर में आयोजित मुहर्रम त्योहार के मद्देनजर आयोजित बैठक के दौरान कहा। बैठक को तहसीलदार पद्मेश श्रीवास्तव की मौजूदगी में आयोजित किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि त्योहार को शांतिपूर्वक मनाएं, जिससे त्योहार में कहीं परेशानी न हो। इस मौके पर नगर अध्यक्ष संदीप गुप्ता, कृष्ण गोपाल कसौधन, देवेश मिश्रा, अरुण सिंह, मीशम रजा, नगर पालिका बाबू राम प्रकाश पांडे, अकिल अब्बास, मोहम्मद सादिक, दुर्गेश उपाध्याय, अमित कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# ई-रिक्शा चालकों ने प्रदर्शन कर नपा का किया घेराव

जलालपुर, अंबेडकरनगर



ई-रिक्शा चालकों से टैक्सी स्टैंड के ठेकेदार द्वारा अवैध वसूली को लेकर वार्ता करते ईओ अरविंद कुमार व चेयरमैन प्रतिनिधि अबुल बशर अंसारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर पालिका क्षेत्र में ई-रिक्शा चालकों से टैक्सी स्टैंड के ठेकेदार द्वारा अवैध वसूली का मामला सामने आया है। ई-रिक्शा चालकों ने आरोप लगाते हुए रामलीला मैदान में ई-रिक्शा खड़ा कर प्रदर्शन करते हुए नगर पालिका का घेराव किया।

सूचना पर पहुंचे चेयरमैन प्रतिनिधि अबुल बशर अंसारी और ईओ अरविंद कुमार ने ई-रिक्शा चालकों से वार्ता कर मामले की जानकारी ली। ईओ ने कहा कि अवैध वसूली के लिए ठेकेदार को नोटिस जारी की जायेगी और भविष्य में नगर क्षेत्र के ई-रिक्शा चालकों से वसूली नहीं होगी। ईओ के आश्वाशन के बाद ई-रिक्शा चालकों ने प्रदर्शन समाप्त किया। सोमवार को नगर

**नगर पालिका क्षेत्र में टैक्सी स्टैंड के ठेकेदार पर अवैध वसूली का लगाया आरोप**

जलालपुर के रामलीला मैदान में दर्जनों ई-रिक्शा चालक अपने वाहन के साथ पहुंच गए और प्रदर्शन करते हुए नगर पालिका का घेराव किया। रिक्शा चालकों ने कहा कि टैक्सी स्टैंड ठेकेदार द्वारा उनसे प्रति रिक्शा पचास रुपए की वसूली प्रति दिन की जाती है। वहीं रसीद के बदले सादे कागज पर लिख कर दिया जाता है। जब कि पूर्व में ऐसा नहीं था। वहीं आक्रोशित चालकों ने बताया कि पहले केवल स्टैंड पर खड़े वाहनों से ही वसूली की जाती थी।

आश्वासन के बाद ई-रिक्शा चालक हुए शांत : जलालपुर नगर पालिका परिषद में प्रदर्शन और घेराव की सूचना पर पहुंचे चेयर मैन प्रतिनिधि अबुलबशर और ईओ अरविंद कुमार ने ई-रिक्शा चालकों को आश्वशत किया कि उन से अब वसूली नहीं की जाएगी। आश्वाशन के बाद ई-रिक्शा चालकों ने अपना प्रदर्शन समाप्त किया। प्रदर्शन में ई-रिक्शा चालक मोहित राम, अंसार अली, राम चरित्र, मो. सलीम, विवेक कुमार और नुरुस्लाम समेत दर्जनों ई-रिक्शा चालक शामिल रहे।

वही जलालपुर नगर पालिका परिषद के ईओ अरविंद कुमार ने बताया कि ई-रिक्शा चालाकों से बातचीत कर उन्हें आश्वस्त कर प्रदर्शन को समाप्त करा दिया गया है। ई-रिक्शा चालकों से हो रही वसूली को लेकर टैक्सी स्टैंड के ठेकेदार को नोटिस जारी की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### मारपीट के मामले में सपाइयों ने एसपी से की मुलाकात

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जनपद के भीटी थाना क्षेत्र में एक दलित युवक के साथ हुई मारपीट के मामले में समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक केशव कुमार से मुलाकात की। सपा विधायक त्रिभुवन दत्त ने बताया कि रामपुर ग्रांट निवासी रघुनाथ के यहां शादी समारोह था। उनका बेटा शाम को गांव की दुकान से पत्तल लेने गया था। वहां थाने का हिस्ट्रीशीटर जितेंद्र दुबे ने उससे कुछ काम के लिए कहा। जब उसने काम के लिए मना किया तो उससे मारपीट की। इस दौरान परिवार वालों से भी कहासुनी हुई। बीते 20 जून को जब रघुनाथ अपने रिश्तेदारी से लौट रहे थे, तब जितेंद्र दुबे ने अपने साथियों के साथ मिलकर उन पर हमला कर दिया। हमले में रघुनाथ के हाथ टूट गया और गंभीर चोटें आईं। वह बेहोश हो गए। थाने के सिपाही पवन राय और रामलाल गुप्ता मौके पर पहुंचे और उन्हें थाने छोड़कर चले गए। पुलिस ने पीड़ित की पत्नी से तहरीर लेकर मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। पीड़ित अभी भी मेडिकल कॉलेज में भर्ती है। प्रतिनिधिमंडल व पूर्व मंत्री राम अचल राजभर ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। वहीं पुलिस अधीक्षक ने धाराएं बढ़ाने के साथ ही आरोपियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### जनपद में किसानों के लिए खुलेंगे आठ वन स्टॉप शॉप

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जनपद में किसानों को कृषि संबंधी सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के लिए एग्रीजंक्शन योजना के तहत आठ वन स्टॉप शॉप खोले जाएंगे। कृषि विभाग को वित्तीय वर्ष 2025-26 में यह लक्ष्य दिया गया है। इन केंद्रों पर किसानों को बीज, उर्वरक, माइक्रोन्यूट्रिएंट, वर्मी कंपोस्ट और कीटनाशक जैसी कृषि सामग्री मिलेगी। साथ ही लघु कृषि यंत्र किराए पर लेने की सुविधा भी उपलब्ध होगी। किसान यहां से तकनीकी सहायता और अन्य आवश्यक सेवाएं भी प्राप्त कर सकेंगे। सरकार इस योजना के लिए बैंक से ऋण दिलवाने में मदद करेगी। ऋण पर 7 .5 प्रतिशत की ब्याज दर पर अनुदान का प्रावधान है। पहले वर्ष के लिए किराए की 50 प्रतिशत राशि भी सरकार द्वारा दी जाएगी। उपकृषि निदेशक अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि इन केंद्रों के लिए आवेदन ऑनलाइन लिए जाएंगे। यह योजना न केवल किसानों को बेहतर कृषि पद्धतियां अपनाने में मदद करेगी, बल्कि कृषि स्नातक बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्रदान करेगी। इससे कृषि क्षेत्र में नवाचार को भी बढ़ावा मिलेगा।

### वन इंडिया फैशन फैमिली मार्ट का हुआ उद्घाटन



फैमिली मार्ट का फीता काटकर उद्घाटन करते नगर पालिका अध्यक्ष। अमृत विचार

**आजमगढ़, अमृत विचार :** देशभर में फैशन रिटेल क्षेत्र में अपनी खास पहचान बना चुके वन इंडिया फैमिली मार्ट ने आजमगढ़ में एक नया अध्याय शुरू किया है। मातबरगंज स्थित शंकर जी की मूर्ति चौक के पास स्टोर को अब एक आधुनिक और आकर्षक स्वरूप में 'वन इंडिया फैशन' के रूप में लॉन्च किया गया है। इस नये रूप का भव्य उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष सरफराज आलम मंसूरी ने फीता काटकर किया। इस स्टोर में ग्राहकों की बदलती प्राथमिकताओं और बढ़ती अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए वन इंडिया फैमिली मार्ट ने अब फैशन के क्षेत्र में और भी व्यापक सुविधाएं देने की दिशा में कदम बढ़ाया है। इस स्टोर में अब 50,000 से अधिक फैशन कलेक्शन, ट्रेंडी कपड़े, एसेसरीज और हर उम्र के लिए फैमिली शॉपिंग के भरपूर विकल्प उपलब्ध हैं। नगर पालिका अध्यक्ष सरफराज आलम मंसूर ने कहा कि वन इंडिया फैशन का यह नया रूप आजमगढ़ के नागरिकों के लिए एक बेहतरीन तोहफा है। वहीं स्टोर मैनेजर संतोष तिवारी ने बताया कि हमने यह सुनिश्चित किया है कि हर ग्राहक को अच्छी सुविधा मिले। इस मौके पर काशिफ अहमद, दानिश अहमद स्टोर मालिक सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

# दौड़ में दिव्यांश और हॉकी में स्टेडियम ए का रहा दबदबा

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर



राजकीय एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में सम्मानित खिलाड़ियों के साथ मौजूद जिला क्रीड़ाधिकारी शीला भट्टाचार्य व डॉ. हनुमान प्रताप सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार:** राजकीय एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में ओलंपिक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान ओलंपिक रेस और अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। खिलाड़ियों को जिला क्रीड़ाधिकारी शीला भट्टाचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला क्रीड़ाधिकारी शीला भट्टाचार्य द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया।

ओलंपिक डे पर स्टेडियम में ओलंपिक रेस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। जिसमें 30 से भी ज्यादा बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें 100 मीटर रेस बालक वर्ग में दिव्यांश पांडे, प्रथम स्थान, अभिसार द्वितीय स्थान और अंकित कुमार ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं 100 मीटर रेस बालिका वर्ग में साक्षी प्रथम, रिया द्वितीय और जानवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर रेस में बालक वर्ग में सौरभ राज प्रथम, हिमांशु द्वितीय तथा संदेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में अंजलि ने प्रथम, साक्षी कुमारी द्वितीय तथा राधिका ने तृतीय स्थान हासिल किया। ओलंपिक डे पर स्टेडियम में हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। जिसमें आठ टीमों ने प्रति भाग किया। प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल स्टेडियम ए और रजत पब्लिक स्कूल के बीच हुआ। जिसमें रजत पब्लिक स्कूल को हराकर स्टेडियम ए फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल स्टेडियम बी वर्सेस यूपीएस अफजलपुर के बीच में हुआ। जिसमें स्टेडियम को चार गोल से शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच स्टेडियम ए वर्सेस स्टेडियम बी के बीच खेला गया। इस मुकाबले में स्टेडियम ए स्टेडियम बी को 2-1 हराया और प्रतियोगिता पर कब्जा कर लिया। अंत में कार्यक्रम आयोजक डॉ. हनुमान प्रताप सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। वहीं हॉकी प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाले खिलाड़ियों में मधुलिका, सुषमा, मुस्कान, अंशिका, अरुणिमा, सेहरान और चयनित सरस्वर, शुभम और जिया को पुरस्कृत किया गया। क्रीड़ाधिकारी ने खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र, मेडल और टी-शर्ट देकर सम्मानित किया।

### जमीन बैनामा के नाम पर पांच लाख रुपये की धोखाधड़ी

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर:** जनपद के आलापुर थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ जमीन बैनामा के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़िता निशा मौर्य ने पुलिस अधीक्षक केशव कुमार को शिकायती पत्र सौंपा है।

निशा ने बताया कि जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के अन्नापुर गांव निवासी हरीलाल निषाद ने उनके पति से जमीन बैनामा कराने की बात की थी। सहमति बनने पर हरीलाल ने अपनी पत्नी के खाते में 5 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए। जब जमीन की जांच की गई तो वह आबादी की निकली। इस कारण बैनामा नहीं हो सका।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पर भाजपा ने की संगोष्ठी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**गोष्ठी में भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राहुल रस्तोगी ने डॉ. श्यामा प्रसाद को किया नमन**



गोष्ठी को संबोधित करते भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राहुल रस्तोगी व अन्य।

**अमृत विचार:** भारतीय जन संघ के संस्थापक प्रखर राष्ट्रवादी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर जिला मुख्यालय स्थित लोहिया भवन सभागार में भाजपा ने मुख्य अतिथि भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राहुल रस्तोगी और भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी की अध्यक्षता में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राहुल रस्तोगी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नमन करते हुए कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का अधिकतर जीवन राष्ट्र हित के लिए संघर्षो में बीता। उन्होंने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण भारत माता के चरणों में समर्पित कर दिया। उन्होंने देश की एकता, अखंडता और आत्म सम्मान के लिए अपने जीवन समर्पित कर दिया। एक देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान नहीं चलेगा का नारा उन्होंने दिया था। यह कोई नारा नहीं था, उस तेजस्वी, तपस्वी की हुंकार थी। जिसने 19वीं शताब्दी के भारत को यह समझाया कि यदि राष्ट्र की एकता को बचाना है तो सत्ता की चुप्पी नहीं, बलिदान की गूंज चाहिए। मुखर्जी जी 33 वर्ष की आयु में कोलकाता विश्वविद्यालय के कुलपति बने, जो अपने आप में एक कीर्तिमान था। जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित कर उपस्थित मुख्य अतिथि सहित सभी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन बताता है कि राजनीति केवल सत्ता का साधन नहीं है, अपितु राष्ट्र सेवा का माध्यम है। डॉ. मुखर्जी की 23 जून 1953 को जेल में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई थी। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की सपनों को मोदी के नेतृत्व में भाजपा की केंद्र सरकार ने 5 अगस्त 2019 को धारा 370 को हटा दिया। आज कश्मीर से कन्याकुमारी तक एक विधान, एक प्रधान और एक निशान है। कार्यक्रम का संयोजन रजनीश सिंह ने और संचालन विनय पाण्डेय ने किया।

संगोष्ठी में विधायक धर्मराज निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा, राम प्रकाश यादव, ज्ञान सागर सिंह, यमुना प्रसाद चतुर्वेदी, रमा शंकर सिंह, पूर्व विधायक अनीता कमल, पूर्व चेयर मैन सरिता गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद्र गुप्ता, विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू, जिला महामंत्री दिलीप पटेल देव, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, राम किशोर राजभर, विजय विश्वकर्मा, जिला मंत्री संजय सिंह, सुनील पासवान, सोशल मीडिया जिला संयोजक शाश्वत मिश्र, नंद कुमार तिवारी राना, अमरनाथ सिंह, शशि द्विवेदी, अरविंद सिंह डिंपू आदि शामिल रहे।

### भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ने दी आत्महत्या की धमकी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार:** भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रिंकल सिंह ने खुद पर और उनके पति पर हुए हमले के बाद आरोपियों पर कार्रवाई न होने को लेकर महरुआ थाने में धरना दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो वह आत्महत्या करने के लिए विवश होंगी।

रिंकल सिंह ने बताया कि उनके गांव में स्थित एक सार्वजनिक तालाब पर गांव के ही दीपक सिंह उर्फ दीपू द्वारा जेसीबी से अवैध मेड़बंदी की जा रही थी। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके बाद रिंकल सिंह जब अपने घर पहुंचीं तो दीपक का भाई सीपू सिंह बुलेट से घर आ धमका और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसी दौरान उनके पति जब गांव में थे, तो वहां उनके साथ मारपीट भी की गई। रिंकल सिंह का आरोप है कि घटना की जानकारी पुलिस को देने के बावजूद महरुआ थाने ने कोई कार्रवाई नहीं की। इससे नाराज होकर वह थाने पर ही धरने पर बैठ गईं और कहा कि जब उन्हें एक जनप्रतिनिधि होने के बावजूद न्याय नहीं मिल रहा तो आम लोगों की क्या स्थिति होगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होगी, वह न तो घर जाएंगी और न ही धरना खत्म करेंगी, बल्कि आत्महत्या करने के लिए विवश होंगी।

**बाबा रामनाथ स्मारक पी0जी0 कालेज, बिहामदपुर, आशापार, जिला-अम्बेडकरनगर उ0प्र0**

में आवश्यकता है

प्राचार्य–01 पद तथा स्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत बी0ए0 पाठ्यक्रम (अंग्रेजी) तथा परास्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत एम0ए0 पाठ्यक्रम (प्राचीन इतिहास, राजनीतिशास्त्र एवं समाजशास्त्र) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता–02 पद

**योग्यता एवं वेतनमान–** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों की दो स्व–हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

**प्रबन्धक–गीता यादव**
मो0नं0–9452066511

**कार्यालय नगर पालिका परिषद जलालपुर अम्बेडकर नगर**

पत्रांक: 169/ न0पा0परि0ज0/2025–26    दिनांक– 21–06–2025

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद, जलालपुर जनपद अम्बेडकर नगर के द्वारा स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में A/B/C/D/E श्रेणी (जैसा लागू हो) में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदा दाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर 15वां वित्त आयोग मद के 04 कार्य एवं राज्य वित्त आयोग मद के 06 कार्य, की ई–निविदा आंमत्रित की जाती है।

| कमांक | विवरण | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा देखने /डाउनलोड / खरीदने की तिथि | 23.06.2025 12:00 PM | 08.07.2025 01: 00 PM |
| 2. | बिड समाप्ति की तिथि | 08.07.2025 12: 00 PM | 08.07.2025, 01: 00 PM |
| 3. | बिड खोलने की तिथि एवं समय | | 06.07.2025 02:00 PM |

**नियम एवं शर्तें–**

1. सशर्त निविदायें मान्य नहीं होगी और स्वत: ही निरस्त समझी जायेगी।
2. बिना कारण बताये किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जलालपुर को होगा।
3. निर्माण कार्यो की निविदा में वर्णित सामग्री आदि पर आयकर. जी.एस.टी.कर व अन्य करों की कटौती ठेकेदार के बिल से नियमानुसार की जायेगी।
4. निविदादाता को चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, श्रम विभाग का पंजीयन, आयकर व जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र की प्रमाणित छायाप्रति साथ में संलग्न करनी अनिवार्य होगी। जो वर्तमान समय तक वैध होनी चाहिये।
5. उक्त निविदा से संबंधित शेष नियम शर्ते बेवसाईट www.etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

**अधिशाषी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद
जलालपुर अम्बेडकर नगर

**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद
जलालपुर अम्बेडकर नगर

# सहकारी समितियों को और बनाएं सशक्त

## केंद्रीय राज्यमंत्री सहकारिता मुरलीधर मोहोल ने बैठक कर नीति आयोग के सूचकांकों की समीक्षा की

संवाददाता, बलरामपुर


जिले के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते केंद्रीय राज्यमंत्री। अमृत विचार

**अमृत विचार:** केंद्रीय राज्यमंत्री सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन मुरलीधर मोहोल की अध्यक्षता में आकांक्षी जनपद के लिए सूचकांकों की प्रगति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस दौरान नीति आयोग द्वारा निर्धारित सूचकांकों में जनपद में हुए बेहतर कार्य की सराहना की गई।

बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, कृषि एवं जल संसाधन, बेसिक इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं वित्तीय समावेशन व स्किल डेवलपमेंट पर विस्तृत समीक्षा की गई। केंद्रीय राज्यमंत्री ने प्राइमरी से उच्च प्राथमिक जाने वाले बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन, फसल बीमा योजना से अधिक से अधिक कृषकों को आच्छादित किए जाने और स्किल डेवलपमेंट में सुधार के निर्देश दिए। इसके बाद केंद्रीय राज्यमंत्री ने ग्रामीण सहकारी समिति बी पैक्स का निरीक्षण किया और समिति के सचिव से संवाद किया। उन्होंने सहकारी समितियों को और सशक्त बनाने पर जोर दिया, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार हो। उन्होंने समिति द्वारा संचालित जन औषधि केंद्र को जिला चिकित्सालय परिसर में संचालित करने की कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया। केंद्रीय राज्यमंत्री ने पीएचसी जोकहिया का निरीक्षण किया और दिशा-निर्देश दिए। ओपीडी में आने वाले मरीजों के रिकॉर्ड रखने के निर्देश दिए जिससे पूर्व में की गई इलाज की जानकारी उपलब्ध हो सके। बैठक में विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष डॉक्टर धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, डीएम पवन अग्रवाल, सीडीओ हिमांशु गुप्त और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# ग्रामीण बेटियों के लिए संवर रहा भविष्य, मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

संवाददाता, बलरामपुर

**कवायद**
- ▸▸ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में अकादमिक भवन व छात्रावास का हो रहा निर्माण
- ▸▸ कस्तूरबा परियोजनाओं पर कुल 8.92 करोड़ रुपये की आएगी लागत

**अमृत विचार:** ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों को अब शिक्षा के लिए गांव छोड़कर शहर नहीं जाना पड़ेगा। विकासखंड गैसड़ी और गैड़ास बुजुर्ग स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में आधुनिक सुविधाओं से युक्त अकादमिक भवन और छात्रावास का निर्माण तेजी से हो रहा है। इन परियोजनाओं पर कुल 8.92 करोड़ रुपये की लागत आएगी। जिससे इन विद्यालयों में पढ़ने वाली छात्राओं को बेहतर शैक्षिक वातावरण और आवासीय सुविधा एक ही परिसर में उपलब्ध होगी। गैसड़ी स्थित विद्यालय में 4.46 करोड़ रुपये की लागत से नया अकादमिक ब्लॉक और छात्रावास बनाया जा रहा है। गैड़ास बुजुर्ग में भी लगभग समान राशि से निर्माण कार्य प्रगति पर है। इन भवनों के बन जाने से छात्राएं सुरक्षित माहौल में रहकर शिक्षा प्राप्त कर सकेंगी। स्थानीय निवासी ने बताया कि पहले बेटियों की पढ़ाई अक्सर पांचवीं या आठवीं कक्षा के बाद रुक जाती थी लेकिन अब गांव में ही छात्रावास की सुविधा मिलने से उनका भविष्य उज्ज्वल होगा। ग्रामीणों ने सराहना करते हुए कहा कि यह योजना न सिर्फ बालिका शिक्षा को बढ़ावा देगी बल्कि उनके जीवन में आत्मनिर्भरता की नींव भी रखेगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ल ने कहा कि ग्रामीण बेटियों को गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित शिक्षा देना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इन भवनों के निर्माण से बालिका शिक्षा के क्षेत्र में एक सशक्त आधार तैयार होगा और अब बेटियों को आगे की पढ़ाई के लिए शहर नहीं जाना पड़ेगा।


बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करते विधायक और अधिकारी। अमृत विचार

## विधायक ने अधिकारियों के साथ किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण

**संवाददाता, बलरामपुर, अमृत विचार :** बाढ़ की विभीषिका से बचाव के लिए तुलसीपुर विकास खंड के गांवों में तत्काल बचाव के प्रबंध करने के निर्देश दिए गए हैं। महादेव हरिहर नगर, ओजहवा, पूरे बक्स छतई डीह, हड़पुर जनकपुर, हज्जीडीह जैसे गांव बूढ़ी राप्ती नदी की बाढ़ से प्रभावित होते हैं, जबकि दरोगा बलोहवा, पंडित पुरवा, पत्रहावा, जद्दापुर जैसे गांव सीरिया नाला की बाढ़ से प्रभावित होते हैं। ग्रामीणों की चिंता को देखते हुए क्षेत्रीय विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड को अवर अभियंता और सहायक अभियंता के साथ उक्त पहाड़ी नालों का निरीक्षण करने और तत्काल बचाव के प्रबंध करने का निर्देश दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि बाढ़ के समय उनकी फसलें और घर तबाह हो जाते हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान होता है। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। अशोक कुमार पांडेय, प्रधान राधे श्याम वर्मा, राम मूर्ति वर्मा, संतोष कुमार पाठक आदि ने भी ग्रामीणों की समस्याओं को समझने और समाधान करने में सहयोग किया।

# मानसून की पहली बारिश में ही तालाब बनी सीएचसी

## जलजमाव से चिकित्सक आवास, ओपीडी और मुख्य द्वार तक लग गया पानी, मरीजों की हुई फजीहत

तुलसीपुर, बलरामपुर


सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर में भरा बरसात का पानी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** बरसात की शुरुआत होते ही तुलसीपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जलभराव की समस्या से जूझने लगा है। सोमवार को कुछ ही घंटे की बारिश में पूरा सीएचसी परिसर पानी में डूब गया। मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर डॉक्टरों के आवास, ओपीडी और अन्य विभागों तक पानी भर गया, जिससे अस्पताल का परिसर तालाब में तब्दील हो गया। जलभराव की स्थिति इतनी गंभीर रही कि इलाज के लिए पहुंचे मरीज और उनके परिजन असहज हो उठे। संक्रमण से जुड़ी सलाह लेने आए कई मरीजों ने आशंका जताई कि कीचड़ व गंदे पानी से होकर अस्पताल परिसर में प्रवेश करने से कहीं वे किसी नए संक्रमण का शिकार न हो जाएं। सीएचसी के अधीक्षक डॉ. विकल्प मिश्र ने बताया कि बारिश के तुरंत बाद पंपसेट की मदद से जलनिकासी की अस्थाई व्यवस्था की गई है, लेकिन स्थायी समाधान के लिए सीएचसी परिसर का उच्चीकरण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कई बार उच्चाधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया गया है, परंतु अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है।

स्वास्थ्य केंद्र में लगातार जलभराव से न केवल मरीजों की परेशानी बढ़ी है, बल्कि सभी कमरों में संक्रमण फैलने का खतरा भी मंडरा रहा है। बारिश की पहली फुहार ने ही स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों की पोल खोल दी है। यदि जल्द समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी प्रवीण दुबे तुलसीपुर ने बताया कि उच्चीकरण कराना है। बजट प्राप्त होने पर कार्य किया जाएगा।


हत्या के गिरफ्तार अभियुक्तों के साथ एसपी और पुलिस टीम। अमृत विचार

## भाई ही निकला मास्टरमाइंड, दी थी भाई की हत्या की सुपारी

**बलरामपुर, अमृत विचार :** नगर कोतवाली की पुलिस ने एक ब्लाइंड मर्डर केस का 72 घंटे में सफल अनावरण किया है। पुलिस ने घटना में शामिल चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है और उनसे हत्या में इस्तेमाल लोहे की रॉड और अन्य सामान बरामद किया है। एसपी विकास कुमार ने बताया कि मृतक राजू उर्फ रऊफ का भाई मारुफ घटना का मास्टरमाइंड निकला। मारुफ ने अपने भाई की हत्या इसलिए करवाई क्योंकि राजू उर्फ रऊफ नशे का आदी था और नशे के लिए पैसा मांगता था, नहीं देने पर परिवार को मारता-पीटता था। मृतक भाई मारूफ को भी जान से मारने की धमकी देता था। इसी से तंग आकर मारूफ ने चार लोगों को हत्या के लिए 50000 में सुपारी दी थी। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से 42,100 रुपये नगद, चार मोबाइल फोन, एक ई-रिक्शा और दो मोटरसाइकिल भी बरामद की है। अभियुक्तों की पहचान मारुफ पुत्र मो. शफी, आफताब अहमद उर्फ गुड्डू, अंसार अहमद उर्फ रिंकू और वकील यादव के रूप में हुई है।

# बारिश होते ही खुली अमृत भारत स्टेशन की पोल

संवाददाता, बलरामपुर


अमृत भारत स्टेशन बलरामपुर में बारिश के बाद टपकता पानी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** बलरामपुर रेलवे स्टेशन का कायाकल्प अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 10.78 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है, लेकिन उद्घाटन के तुरंत बाद ही इसकी पोल खुल गई। पहली बारिश ने ही स्टेशन की छत से पानी टपकने की समस्या को उजागर कर दिया। यात्रियों का कहना है कि इतनी बड़ी राशि खर्च करने के बावजूद भी विभाग और ठेकेदारों की उदासीनता के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक यात्री ने बताया कि हमारे स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने का दावा किया गया था, लेकिन पहली बारिश ने ही इसकी सच्चाई सामने ला दी।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि विभाग और ठेकेदारों की लापरवाही के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है। उन्होंने बताया कि बलरामपुर रेलवे स्टेशन अमृत भारत स्टेशन को मुंह चिढ़ा रहा है। कहा कि यदि काम पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ किया जाता तो ऐसी नौबत ही नहीं आती। उन्होंने मांग की है कि जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और समस्या का समाधान किया जाए। ताकि रेलवे स्टेशन पर आने वाले मुसाफिरों को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने कहा कि इस घटना ने एक बार फिर से विभागीय लापरवाही और ठेकेदारों की उदासीनता को उजागर किया है। अब देखना होगा कि रेलवे प्रशासन इस समस्या का समाधान करने के लिए क्या कदम उठाता है और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाती है।

## सार-संक्षेप

### नशेड़ी युवक ने ब्लेड से खुद काटा अपना गला

**बलरामपुर, अमृत विचार :** नगर के वीर विनय चौराहा के निकट सोमवार को एक नशेड़ी युवक ने ब्लेड से खुद का गला काट लिया। वह सड़क पर गिर गया। गले से खून निकलता देख वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। उसे जिला मेमोरियल अस्पताल पहुंचाया गया। युवक होश में था, जो स्वयं के एचआइवी पाजिटिव होने की बात कह रहा था। बताते हैं कि वीर विनय चौराहा स्थित यातायात पुलिस बूथ के निकट देर शाम कुछ युवक नशे में धुत होकर आपस में विवाद कर रहे थे। इसी बीच एक युवक कहीं से ब्लेड लेकर आया और अपना हाथ व गले पर चला दिया। उसके हाथ व गले से खून बहने लगा। कुछ पलों में वह सड़क पर गिर गया। यूपी डायल 112 की गाड़ी थी, लेकिन किसी पुलिसकर्मी ने उसे हाथ नहीं लगाया। एंबुलेंसकर्मियों ने घायल युवक को लादकर जिला मेमोरियल अस्पताल अस्पताल पहुंचाया। वहां उसे उतारकर इमरजेंसी तक लेकर गए, लेकिन ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक, फार्मासिस्ट व अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने गले में टांका तो दूर, उसे हाथ तक नहीं लगाया। चूंकि युवक नशे में था, इसलिए चिल्लाते और उलाहना देते हुए निकल गया। वहीं अस्पताल स्टाफ का कहना था कि इस तरह का नाटक नशेड़ी युवक आए दिन करता रहता है। मुख्य चिकित्साधीक्षक डा. शारदा रंजन से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका मोबाइल नेटवर्क क्षेत्र के बाहर बताता रहा।

### नौ विकास खंडों में बनेंगे 63 नए आंगनबाड़ी केंद्र

**संवाददाता, बलरामपुर, अमृत विचार :** महिला और बच्चों के समग्र विकास के लिए जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग की योजना के तहत जिले के नौ विकास खंडों में कुल 63 नए आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण किया जाएगा। प्रत्येक भवन के निर्माण पर 11.84 लाख रुपये की लागत आएगी। इसमें से 8 लाख रुपये मनरेगा के अंतर्गत जबकि शेष राशि राज्य वित्त आयोग और बाल विकास परियोजना के माध्यम से खर्च की जाएगी। भवनों के लिए ग्राम पंचायतों द्वारा उपलब्ध कराई गई भूमि का उपयोग किया जाएगा। बेलवा सुल्तानजोत, समदा, विश्रामपुर, ज्योनार, गनवरिया, रतनपुर, कलवारी, रछौड़ा और गोपालपुर शामिल हैं।

### ज्ञापन देने की बनाई गई रणनीति

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विनय तिवारी एवं मंत्री उमाशंकर सिंह ने जिला एवं ब्लॉक पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रणनीति बनाई। बताया कि वर्तमान समय में परिषदीय विद्यालयों में कम छात्र संख्या को आधार बनाकर पेयरिंग/मर्जर किए जाने की कार्रवाई गतिमान कर दी गई है, जो शिक्षा अधिकार अधिनियम- 2009 एवं बाल अधिकार के सर्वथा विपरीत एवं विधि विरुद्ध है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश के क्रम में समस्त जिला व ब्लॉक पदाधिकारी कलेक्ट्रट परिसर में 27 जून को मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को देंगे।

### श्रेष्ठा परीक्षा में एकलव्य ने लहराया परचम

**संवाददाता, बलरामपुर, अमृत विचार :** पचपेड़वा ब्लॉक के उप्राथि विजुआ कला के छात्र एकलव्य ने श्रेष्ठा प्रवेश परीक्षा 2025 में 1109वीं रैंक हासिल कर सीबीएससी स्कूल में कक्षा 9 में दाखिला पक्का कर लिया है। इस परीक्षा में एकलव्य की सफलता से विद्यालय और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। एकलव्य के अलावा उमेश कुमार व शशांक ने भी क्रमश: 871वीं और 1412वीं रैंक हासिल की है।

# दिव्यांग बच्चों के परीक्षण के लिए क्षेत्रों में लगेगा मेडिकल एसेसमेंट कैंप

**मिलेगी सुविधा**
- ▸▸ परीक्षण के बाद मिलेगा दिव्यांगता प्रमाण पत्र, तैयारी में जुटा विभाग

संवाददाता, गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** दिव्यांग बच्चों के परीक्षण के लिए जिले के सभी ब्लाकों पर मेडिकल एसेसमेंट कैंप का आयोजन किया जायेगा। इस कैंप में बच्चों के दिव्यांगता की जांच होगी और फिर उन्हें दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा। कैंप में चिन्हित बच्चों का डाटा समर्थ पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा। 15 अगस्त तक इस कार्य को पूरा करने का निर्देश है।

समग्र शिक्षा अभियान के समेकित शिक्षा को कैंप आयोजन की जिम्मेदारी मिली है। राज्य परियोजना निदेशक की तरफ से कैंप आयोजन को लेकर विस्तृत दिशा निर्देश जारी किया गया है। जिला समन्वयक समेकित शिक्षा राजेश सिंह ने बताया कि कैंप आयोजन की तैयारी की जा रही है।

**स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से अटका 500 बच्चों का प्रमाण पत्र:** एक तरफ जहां समेकित शिक्षा विभाग दिव्यांग बच्चों के जीवन स्तर को सुधारने और उन्हे स्कूल तक लाने की जद्दोजहद में जुटा हैं वहीं स्वास्थ्य महकमे के अधिकारी बच्चों को प्रमाण पत्र देने में आनाकानी कर रहे हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों की लापरवाही से 500 दिव्यांग बच्चों के प्रमाण पत्र का सत्यापन अटका है। यह प्रमाण पत्र समेकित शिक्षा विभाग की तरफ से लगाए गए मेडिकल एसेसमेंट कैंप में बनाए गए थे। प्रमाण पत्रों को ऑनलाइन भी किया जा चुका है। सिर्फ सत्यापन की प्रक्रिया स्वास्थ्य विभाग को पूरी करनी है लेकिन वह पिछले कई महीने से अटकी पड़ी है। उधर बच्चे अपने प्रमाण पत्र के लिए चक्कर काट रहे हैं। बच्चों का कहना है कि कई बार आने के बावजूद भी अभी तक प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं हो सका है जिससे काफी परेशानियों का सामना भी करना पड़ रहा है।

### जिले में चिकित्सकों के न होने पर बाहर से बुलाए जा सकेंगे डॉक्टर

मेडिकल एसेसमेंट कैंप में ऑर्थोपेडिक सर्जन, ईएनटी सर्जन, नेत्र विशेषज्ञ, साइकोलॉजिस्ट/साइकिट्रिशियन व एक ऑडियोलॉजिस्ट का शामिल होना अनिवार्य है। यदि जनपद में चिकित्सक उपलब्ध नहीं है तो बाहर से निजी डॉक्टर को बुलाया जा सकता है।

### शिविर आयोजन के लिए मिले 1.70 लाख रुपये

मेडिकल एसेसमेंट कैंप के आयोजन के लिए विभाग को 1.70 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं। प्रत्येक कैंप पर 10, हजार रुपये खर्च किए जायेंगे। इस धनराशि को डॉक्टर्स को लाने ले जाने, उनके मानदेय, जलपान व प्रमाण पत्रों की प्रिंटिंग पर खर्च किया जायेगा।

# शिक्षक को हटाने की मांग

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** करनैलगंज स्थित कंपोजिट स्कूल रामपुर टेपरा में कार्यरत शिक्षक पर एसएमसी अध्यक्ष व अभिभावकों ने गंभीर आरोप लगाया है। सोमवार को अभिभावकों ने बैठक कर शिक्षक की कार्यशैली पर आपत्ति जतायी और स्कूल से हटाने की मांग की। अभिभावकों का आरोप है कि वह स्कूल में शराब पीकर आते हैं जिससे छात्राएं स्कूल आने से कतराती हैं। अभिभावकों ने कहा कि अगर शिक्षक को स्कूल से नहीं हटाया गया तो वह बच्चों का नाम कटाकर प्राइवेट स्कूल में दाखिला करा देंगे। करनैलगंज का कंपोजिट स्कूल रामपुर टेपरा बीते कुछ महीनों से विवादों में है। यहां कार्यरत शिक्षक अखंड प्रताप सिंह के खिलाफ स्कूल की शिक्षिका अश्लील मैसेज भेजने का आरोप लगा चुकी है। जिसकी जांच तीन सदस्यीय टीम कर रही है। अब एसएमसी अध्यक्ष व अभिभावकों ने भी उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को एसएमसी अध्यक्ष व अभिभावकों की बैठक हुई। विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष सोनी ने कहा शिक्षक अखंड प्रताप सिंह के कृत्य से शिक्षिका भयभीत और डरी हुई हैं।


आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को प्रमाण-पत्र प्रदान करते प्रशिक्षण प्रभारी। अमृत विचार

## बच्चों के पोषण में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भूमिका अहम

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के पोषण में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भूमिका महत्वपूर्ण हैं। ये बात डीपीओ निहारिका ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण कार्यक्रम में कही। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग तथा दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के सात दिवसीय आवासीय आधारभूत प्रशिक्षण का समापन सोमवार को हुआ। जिला ग्राम्य विकास संस्थान झंझरी में आयोजित प्रशिक्षण की जानकारी देते हुए जिला प्रशिक्षण अधिकारी अभिषेक मणि त्रिपाठी ने बताया कि यह प्रशिक्षण नवचयनित सहायिकाओं को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के रूप में दक्ष बनाने के लिए संचालित किया गया। प्रशिक्षण में आईसीडीएस, पोषण, स्तनपान, ऊपरी आहार, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, कुपोषण की निगरानी, आंगनबाड़ी केंद्र की व्यवस्था, टीकाकरण, समावेशी शिक्षा, अभिभावक सहभागिता आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।


सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक में मौजूद डीएम और अन्य अधिकारी। अमृत विचार

## त्योहारों में बनाए रखें आपसी भाईचारा और सौहार्द: डीएम

**बलरामपुर, अमृत विचार :** श्रावण मास एवं मोहर्रम को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक डीएम पवन अग्रवाल एवं एसपी विकास कुमार की अध्यक्षता में हुई। डीएम ने सर्किलवार एवं थानावार तैयारियों की समीक्षा की। सभी एसडीएम, सीओ एवं एसएचओ ने बताया कि थानावार पीस कमेटी की बैठक कर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। डीएम ने विभिन्न थानों से आए संभ्रांत नागरिकों से वार्ता की एवं उनके महत्वपूर्ण सुझाव सुने। एसपी ने कहा जिले में सभी त्योहार सकुशल संपन्न होते आए हैं। उन्होंने कहा कि मोहर्रम में तजिए की लंबाई, ऊंचाई निर्धारित मानक के रूप हो जिससे कोई दुर्घटना न हो। उन्होंने कहा कि सभी सौहार्दपूर्ण ढंग से आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाएं। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, एडीएम न्यायिक, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त एसडीएम, समस्त सीओ, सीएमओ आदि मौजूद रहे।

# उतरौला में आपूर्ति ठप लोगों को हुई परेशानी

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार:** स्थानीय नगर में रविवार और सोमवार की मध्यरात्रि को कस्बा और आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप रही। तेज उमस और भीषण गर्मी के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। आधी रात के बाद भी बिजली की बहाली नहीं हो सकी, जिससे पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूबा रहा। कस्बे में बिजली बार-बार ट्रिप करने लगी, जिससे फाल्ट की समस्या शुरू हो गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी समस्या के समाधान की दिशा में कोई पहल नहीं करते हैं। लोगों ने बिजली विभाग की उदासीनता और लापरवाही पर आक्रोश जताया है। ग्रामीणों की ओर से आंदोलन की भी चेतावनी दी गयी है। स्थानीय प्रशासन से समस्या के समाधान की मांग की है, ताकि आमजन को राहत मिल सके और रातें सुकून भरी हो सकें।


**बाबू दुर्गा प्रसाद मिश्र महाविद्यालय, बहिराडीहा, छपिया, गोण्डा**

में आवश्यकता है

प्राचार्य–01 पद तथा परास्नातक स्तर पर वाणिज्य संकाय के अन्तर्गत एम. काम0 पाठ्यक्रम में प्रवक्ता–02 पद तथा परास्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत एम0ए0 पाठ्यक्रम में (राजनीतिशास्त्र) तथा विज्ञान संकाय के अन्तर्गत एम0एस0सी0 पाठ्यक्रम (भौतिक विज्ञान एवं गणित) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता–02 पद

**योग्यता एवं वेतनमान–** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों की दो स्व–हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

**प्रबन्धक–हरिद्वार मिश्र**
मो0नं0–9919424909

**बाबा गयादीन वैद्य बाबूराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मैनपुर, गोण्डा**

में आवश्यकता है

परास्नातक स्तर पर कृषि संकाय के अन्तर्गत एम.एससी0 कृषि पाठ्यक्रम में (एग्रोनॉमी, एग्रीकल्चर केमेस्ट्री, हार्टिकल्चर, जेनेटिक्स एण्ड प्लान्ट ब्रीडिंग एवं एनीमल हस्बैन्ड्री एण्ड डेयरिंग) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता–02 पद

**योग्यता एवं वेतनमान–** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों की दो स्व–हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

**प्रबन्धक–सत्य प्रकाश तिवारी**
मो0नं0–9721655000, 9628551000

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्या योगेन रक्ष्यते ।
मृजया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते ॥

धर्म की रक्षा सत्य से होती है ,विद्या की रक्षा अभ्यास से , सौंदर्य की रक्षा स्वच्छता से तथा कुल की रक्षा सदाचार से होती है।

## संपादकीय

# अनिश्चितता के बीच

इजराइल-ईरान संघर्ष काफी बढ़ गया है। अमेरिका सीधे तौर पर युद्ध में शामिल हो गया है। रविवार को ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिका के हमलों के बाद संयुक्त सुरक्षा परिषद की आपात बैठक में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमला पहले से संकटग्रस्त क्षेत्र को और खतरनाक मोड़ पर ले आया है। उन्होंने चेताया था कि ईरान इन हमलों का प्रतिशोध ले सकता है। सोमवार को ईरान ने सीरिया में अमेरिका के सैन्य ठिकाने पर हमला किया। यानी हालत काबू से बाहर जा रहे हैं। इससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तनाव बढ़ गया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते तनाव का असर विभिन्न क्षेत्रों में महसूस किया जा सकता है, जिसमें व्यापार, राजनीति, और सामाजिक-आर्थिक स्थितियां शामिल हैं। तनाव से वैश्विक व्यापार मार्ग बाधित हो सकता है। भू-राजनीतिक तनाव वैश्विक व्यापार गतिशीलता के लिए कुछ चुनौतियां पेश करते हैं। मध्य पूर्व में व्यापक संघर्ष का सऊदी अरब, इराक, कुवैत और यूएई से तेल आपूर्ति पर असर पड़ने की उम्मीद है, जिससे तेल की कीमतों में भारी उछाल आएगा। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरत का करीब 85 फीसदी हिस्सा आयात करता है।

भारत का आयात बिल तेजी से बढ़ सकता है, महंगाई बढ़ सकती है और देश की राजकोषीय स्थिति पर दबाव पड़ सकता है। हालात का असर निर्यात पर भी पड़ेगा। ढुलाई व्यवधान से निर्यातकों के समक्ष चुनौतियां बढ़ गई हैं। देश से ईरान को भेजी गई एक लाख टन बासमती चावल की खेप बंदरगाहों पर अटकी है। अखिल भारतीय चावल निर्यातक संघ का कहना है कि निर्यात खेप में देरी और भुगतान को लेकर अनिश्चितता वित्तीय तनाव पैदा कर सकती है। साथ ही कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव मुद्रास्फीति और लॉजिस्टिक्स लागत दोनों को प्रभावित कर सकता है, लेकिन भारत की विविध ऊर्जा खरीद रणनीति और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई)का सक्रिय रुख नकदी और व्यापक आर्थिक स्थिरता बनाए रखने में मदद करता है। राहत की बात है कि भारत का निर्यात क्षेत्र लचीला और अनुकूलनशील बना हुआ है। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) का कहना है कि ईरान और इज़राइल दोनों के साथ देश का व्यापार महत्वपूर्ण होने के बावजूद, कुल निर्यात-आयात टोकरी का एक छोटा हिस्सा है। महत्वपूर्ण है कि सरकार और उद्योग जगत संयुक्त रूप से व्यापार प्रभावित न हो इसके लिए कम से कम व्यवधान सुनिश्चित करने को घटनाक्रमों की निगरानी कर रहे हैं।

# कैसे उखड़ने लगे नक्सलियों के पांव



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

नक्सल प्रभावित जनजातीय क्षेत्रों में स्कूलों और स्वास्थ्य सेवा केंद्रों का व्यापक विस्तार किया गया। हथियार डाल चुके नक्सलियों के लिए पुनर्वास नीति अपनाकर माओवादियों को मुख्यधारा में फिर से शामिल होने का मार्ग प्रशस्त किया गया।

भारत में लंबे समय से नक्सलियों की हिंसा के कारण मासूम लोग अपनी जान से हाथ धोते रहे हैं। ये बीती सरकारों के लिए सिरदर्द रहे हैं। पर केन्द्र में मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद इनके पैर उखड़ने लगे। वे कहते हैं कि नक्सलवाद यदि एक विचार है तो इसे बदलने के लिए काम करना चाहिए और यदि विद्रोह है तो इसे कुचलने के लिए काम करना चाहिए। 2014 में जब नरेंद्र मोदी को देश का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी बीजेपी ने दी तो उन्होंने अपनी दूसरी ही रैली में बस्तर में जाकर माओवादियों को ललकारते हुए कहा था- "लोकतंत्र को स्वीकार करिए। सभी समस्याओं का सबसे अच्छा समाधान यही है। बम, बंदूक और पिस्तौल खून-खराबा तो कर सकते हैं, लेकिन नया जीवन नहीं दे सकते। हमें खून नहीं, पसीना बहाना है। हमें इस धरती को हरा-भरा बनाना है, लाल नहीं।''

11 साल बाद जब गृह मंत्री अमित शाह यह घोषणा करते हैं कि 2026 तक देश से नक्सलवाद का सफाया हो जाएगा । यह सही है कि पूर्वी भारत में नक्सल आंदोलन की शुरुआत मुख्य रूप से गरीबी के कारण हुई। तब की भारत सरकार ने राज्यों के विकास की ओर ध्यान नहीं दिया। उन्हीं दिनों देश में जंगल माफिया, पत्थर माफिया, लकड़ी माफिया, खनिज माफिया पैदा होने लगे। धीरे-धीरे समस्या गहराई तक पहुंचने लगी। फिर यही माफिया अंतर-राज्यीय सीमाओं पर खुले आम अपनी गैरकानूनी गतिविधियों का संचालन करने लगे। खुफिया अड्डे बनाकर भारी मात्रा में असलहे जमा करने लगे और फिर सीधे सरकार को चुनौती देने लगे। हथियारों के बल पर अपने अपने क्षेत्र में साम्यवादी शासन भी चलाने लगे।

कहने की आवश्यकता नहीं कि नक्सली नेताओं ने राजनीतिक नेताओं को भी अपने दबाव में ले लिया और अपने लिए एक बौद्धिक गैंग की आड़ भी तैयार कर ली। यह बौद्धिक गैंग उनके हर खून खराबे को जमीनी संघर्ष का स्वरूप प्रदान करने लगा, जहां हत्या और लूट मार को किसानों और गरीबों के प्रति शोषण के खिलाफ प्रतिक्रिया के रूप में प्रस्तुत किया जाने लगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसे कथित बुद्धिजीवियों को ही शहरी नक्सली का नाम दिया। गृह मंत्री अमित शाह ने यह कहने में कोई हिचक नहीं दिखाई कि कांग्रेस इन शहरी नक्सलियों को सरंक्षण देती रही है। बीजेपी नेतृत्व ने इन शहरी नक्सलियों के खतरनाक एजेंडे का पर्दाफाश पूरी दुनिया के सामने किया। प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा - हर कोई देख सकता है कि कांग्रेस उन लोगों के साथ कितनी निकटता से खड़ी है, जो भारत के लिए अच्छे इरादे नहीं रखते हैं।"

बीजेपी नेतृत्व ने वाम विचार धारा को ध्वस्त करने के लिए लोकतांत्रिक तरीकों का बखूबी इस्तेमाल किया। उनके गढ़ में जाकर उनकी ही विचारधारा को चुनौती दी। जनता को पूरी तरह से जागरूक करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी और अंत में उन्हें जनता के जरिए ही हाशिये पर बिठा दिया। 2014 के चुनाव में जब मोदी प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार बने तो उसी साल वामपंथी सांसदों की संख्या 24 से घटकर 10 हो गई और फिर 2019 के आम चुनाव में लोकसभा में वामपंथियों संख्या 4 रह गई। राष्ट्रवाद के आगे दक्षिणपंथी विचारधारा धराशायी होने लगी। सीपीआई, सीपीआई-मार्क्सवादी और सीपीआई-मार्क्सवादी-लेनिनवादी की राजनीति को देश ने एक तरह से खारिज करना शुरू कर दिया। एक समय वह भी था जब 2004 के आम चुनाव में वामपंथियों ने लोकसभा की 61 सीटें जीती थी। अब केरल के अलावा वाम मोर्चा कहीं भी खड़ा होने की स्थिति में नहीं है। बीजेपी नेतृत्व ने वाम मोर्चे के अहंकार, आत्मसंतुष्टि, भ्रष्टाचार और उनकी राजनीतिक हिंसा को मुद्दा बनाया और उन्हें राजनीतिक रूप से अप्रासंगिक बना दिया।

राजनीतिक रूप से एक विजय हासिल करने के साथ साथ प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने वाम रक्त क्रांति को भी देश से समाप्त करने का बीड़ा उठाया। सबसे पहले वामपंथ के पारंपरिक समर्थकों को उनसे अलग करने की रणनीति बनाई। खासकर ग्रामीण इलाकों में सुधार के कई कार्यक्रम शुरू किए गए। महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की योजना बनाई गई। फिर मोदी सरकार ने माओवादी उग्रवाद से निपटने के लिए व्यापक योजना बनाई। माओवादी विद्रोह का मुकाबला करने के लिए स्थानीय लोगों को सशक्त बनाया गया। मोदी सरकार ने स्पष्ट रूप से घोषणा की कि नक्सलवाद के प्रति ज़ीरो टोलेरेन्स रखेंगे। यह प्रण किया गया कि 31 मार्च, 2026 तक वामपंथी उग्रवाद को पूरी तरह से खत्म कर देंगे। फिर गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सुरक्षा अभियान, विकास और पुनर्वास एक एकीकृत योजना लागू की गई। ऑपरेशन कगार चला कर सैकड़ों नक्सलियों का खात्मा किया गया और हजारों को आत्मसमर्पण के लिए तैयार किया गया। परिणाम भी सामने आया। 2014 में जहां 126 जिले नक्सलवाद से प्रभावित थे वहीं 2025 में केवल 6 सबसे अधिक प्रभावित जिले ही बच गए हैं।



राजनीतिक रूप से एक विजय हासिल करने के साथ साथ प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने वाम रक्त क्रांति को भी देश से समाप्त करने का बीड़ा उठाया। सबसे पहले वामपंथ के पारंपरिक समर्थकों को उनसे अलग करने की रणनीति बनाई। खासकर ग्रामीण इलाकों में सुधार के कई कार्यक्रम शुरू किए गए।

नक्सल प्रभावित जनजातीय क्षेत्रों में स्कूलों और स्वास्थ्य सेवा केंद्रों का व्यापक विस्तार किया गया। हथियार डाल चुके नक्सलियों के लिए पुनर्वास नीति अपनाकर माओवादियों को मुख्यधारा में फिर से शामिल होने का मार्ग प्रशस्त किया गया। गृह मंत्री अमित शाह ने बल, सुशासन और समावेशी आउटरीच का एक त्रिस्तरीय फार्मूला अपनाकर नक्सलवाद को खत्म करने का समयबद्ध कार्यक्रम तैयार कर लिया है। जो हथियार डालने के लिए तैयार नहीं हो रहे, उन्हें खत्म करने का अभियान दिन रात चलाया जा रहा है। केवल इसी साल 200 से अधिक हथियारबंद नक्सलियों का सफाया किया जा चुका है। इसके अलावा 600 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण भी किया है। आकड़े बताते हैं कि 30 मई 2025 तक 2824 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। नक्सलवाद के खिलाफ अभियान को सबसे बड़ी सफलता तब मिली जब 14 मई, 2025 को सुरक्षा बलों ने नक्सलवाद के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन चलाया। छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर स्थित करेंगुट्टालु हिल (केजीएच) पर किए गए इस अभियान में 31 नक्सली मारे गए।

ताजा हालत ये है कि मोदी सरकार ने नक्सलियों को तबाह कर दिया है। जो आदिवासी नक्सलियों के समर्थन में होने के लिए मजबूर किए गए थे वे ही अब नक्सल के खिलाफ आवाज बुलंद कर रहे हैं। आदिवासी अधिकारों के लिए काम जिस गति से हो रहा है, उससे नक्सल समस्या को एक तय समय सीमा में हल करने के प्रति विश्वास पैदा होने लगा है केवल हथियारों से समाजवाद आ सकता है, इस धारणा को बदलने में सफलता मिल रही है।

## प्रसंगवश

# वैश्विक अशांति के बीच नेपाल शांति देशों में शुमार

जब दुनिया के तमाम देशों में मार काट मची हो, ये मेरा ये तेरा को लेकर युद्ध चल रहा हो तब बुद्ध की धरती नेपाल का दुनिया के शांति देशों में सम्मान जनक स्थान पर होना निश्चित ही नेपाल के लिए गर्व की बात है। सच मायने में यह इस बात का भी सबूत है कि नेपाल बुद्ध के पंचशील सिद्धांतों का अक्षरशः पालन करने वाला देश है।

यद्यपि कि नेपाल के कुछ पड़ोसी देश उसकी शांति प्रियता का बेजा फायदा उठाने की ताकत में रहते हैं। इस नन्हें राष्ट्र पर अपना प्रभुत्व जमाने के लिए तमाम तरह के प्रलोभन भी देते रहते हैं। लेकिन नेपाल में शासक कोई भी रहा हो, किसी के अधीन होना स्वीकार नहीं किया। इस होड़ में इस नन्हें राष्ट्र को अशांत करने की कोशिशें भी हुईं लेकिन नेपाल बेदाग का बेदाग बना रहा।

बता दें कि वैश्विक स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, युद्ध और आर्थिक अस्थिरता के बीच शांति सूचकांक 2025 में पिछले वर्ष की तुलना में 0.36 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। यह जानकारी अंतर्राष्ट्रीय शोध संस्था इंस्टिट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस द्वारा जारी ग्लोबल पीस इंडेक्स 2025 में दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद का यह समय विश्व का सबसे अशांत दौर माना गया है।



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

रिपोर्ट में आइसलैंड को लगातार 2025 में भी सबसे शांतिपूर्ण देश घोषित किया गया है, जबकि रूस को सबसे अशांत देश का दर्जा मिला है। आइसलैंड के बाद सूची में आयरलैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रिया, स्विट्जरलैंड, सिंगापुर, पुर्तगाल, डेनमार्क, स्लोवेनिया और फिनलैंड शामिल हैं। नेपाल को 76वें स्थान पर रखा गया है, जो दक्षिण एशिया में भूटान (21वां स्थान) के बाद दूसरा सबसे शांतिपूर्ण देश है। वहीं, भारत 115 वें और चीन 98 वें स्थान पर है।

सबसे अशांत देशों की सूची में क्रमशः रूस, यूक्रेन, सूडान, कांगो, यमन, अफगानिस्तान, सीरिया, दक्षिण सूडान, इज़राइल और माली शामिल है। यह सूचकांक देशों में कानून व्यवस्था, आंतरिक सुरक्षा, राजनीतिक स्थिरता, हिंसक संघर्ष, सामाजिक न्याय और विदेश नीति के प्रभाव के आधार पर तैयार किया जाता है।



शांति का मतलब केवल संघर्ष से बचना नहीं, बल्कि न्याय, समानता और मानव सम्मान की रक्षा करना है। हमें शिक्षा, धार्मिक संस्थान, मीडिया और नीतियों में शांति को आधार बनाना होगा।

राष्ट्रीय मदरसा संघ नेपाल के महासचिव मौलाना मशहूद खां नेपाली सहित नेपाल के तमाम नामचीन लोगों ने इस रिपोर्ट में नेपाल की प्रगति को सकारात्मक संकेत बताते हुए कहा कि नेपाल का विश्व के शांतिपूर्ण देशों की सूची में शामिल होना गर्व का विषय है, लेकिन यह केवल उपलब्धि नहीं बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। शांति का मतलब केवल संघर्ष से बचना नहीं, बल्कि न्याय, समानता और मानव सम्मान की रक्षा करना है। हमें शिक्षा, धार्मिक संस्थान, मीडिया और नीतियों में शांति को आधार बनाना होगा। किसी भी देश को शांति प्रिय बनाए रखना सिर्फ सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, इसके लिए "मदरसों, स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, मंदिरों, मस्जिदों सहित सभी संस्थानों को शांति का संदेशवाहक बनना चाहिए। हमें बच्चों को केवल शिक्षा नहीं, बल्कि सहिष्णुता और सम्मान भी देना होगा। नेपाल एक ऐसा देश बन रहा है जहां शांति केवल एक रैंकिंग नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय भावना है। यह सफलता दिखाती है कि आर्थिक सीमाएं या क्षेत्रफल किसी देश की महानता का निर्धारण नहीं करते, बल्कि जागरूक और न्यायप्रिय लोग करते हैं।

# प्रकाश प्रदूषणः अदृश्य संकट की उभरती हुई रोशनी



डॉ . शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर, मथुरा

प्रकाश प्रदूषण कोई एक दिन में हल होने वाली समस्या नहीं है। यह कोई ऐसी चीज़ नहीं है, जिसका हल सिर्फ नई तकनीक से मिल जाए।

विकास की रफ्तार और रोशनी की चमक ने अंधेरे के अस्तित्व को संकट में डाल दिया है। कभी रात का अंधकारधरती के संतुलन का एक स्वाभाविक हिस्सा हुआ करता था, लेकिन अब वह बिजली की पहुंच से बची-बचाई कुछ जगहों पर ही रह गया है। पहले जहां रातें गहरी होती थीं और आसमान तारों से भरा मिलता था, अब वहां कृत्रिम रोशनी की ऐसी परत चढ़ गई है कि आसमान में स्वाभाविक रूप से तारों का दिख जाना भी एक अनूठा और विशिष्ट अनुभव लगने लगता है। यह बदलाव जितना तकनीकी लगता है, उतना ही गहराई से यह हमारे पर्यावरण और जीवन के ताने-बाने को प्रभावित कर रहा है।

प्रकाश प्रदूषण अब तक हमारी सार्वजनिक चर्चा का हिस्सा नहीं बन पाया है, क्योंकि यह आंखों से दिखते हुए भी सीधे महसूस नहीं होता। लेकिन इसकी चुपचाप उपस्थिति हमारे आसपास के पेड़-पौधों, पक्षियों, कीटों और यहां तक कि हमारी अपनी नींद और जैविक घड़ी को गड़बड़ा रही है। वैज्ञानिक अध्ययन बताते हैं कि ज्यादा रोशनी से पक्षियों का प्रवास चक्र, प्रजनन और घोंसले बनाने की आदतें प्रभावित होती हैं। कुछ इलाकों में तो पेड़ों की पत्तियां समय से पहले झड़ने लगी हैं और मौसम के चक्र बिगड़ने लगे हैं। ये संकेत मामूली नहीं हैं- ये हमें बता रहे हैं कि प्रकृति की लय धीरे-धीरे असंतुलित हो रही है।

हमारे शहरों में यह रोशनी अब 'सुरक्षा' और 'सौंदर्यीकरण' के नाम पर योजनाओं का हिस्सा बन चुकी है। सड़कों, झीलों और स्मारकों को रात भर जगमग बनाए रखना अब 'विकास' की निशानी माना जाता है। लेकिन इन योजनाओं में शायद ही कभी यह देखा जाता है कि उनके आसपास कितनी जैव विविधता है, और उस पर इसका क्या असर पड़ेगा। अंधकार को जैसे एक रुकावट की तरह देखा जाने लगा है-जबकि वह प्रकृति के लिए उतना ही ज़रूरी है जितनी रोशनी।



कुछ देश इस खतरे को पहले ही पहचान चुके हैं। फ्रांस, जर्मनी और जापान जैसे देशों ने सार्वजनिक स्थलों पर रात्रिकालीन रोशनी के नियम तय किए हैं। कुछ जगहों पर तो तय समय के बाद दुकानें और होर्डिंग्स की लाइट बंद कर दी जाती हैं। भारत में अभी इस दिशा में कोई विशेष कानून या नीति नहीं बनी है, जबकि हमारे यहां की पारिस्थितिक विविधता कहीं अधिक संवेदनशील है। पश्चिमी घाट, हिमालय और गंगा के मैदानों में रहने वाले रात्रिचर जीवों के लिए रात का अंधेरा जीवन का आधार है। जब वहां रोशनी पहुंचती है, तो वह उनकी आदतों और व्यवहारों को बदल देती है-और धीरे-धीरे उनके अस्तित्व को भी।

हमारे पारंपरिक समाजों में रात का अंधकार केवल एक समय नहीं था-वह विश्राम, मौन और आत्मचिंतन का प्रतीक भी था। अब वह मौन खो गया है। शहरों में रात बस एक और 'काम का समय' बन चुकी है। रोशनी वहां उत्पादकता का प्रतीक है, विश्राम का नहीं। और यही वह बुनियादी सोच है, जो हमारे जैविक, मानसिक और सामाजिक संतुलन को धीरे-धीरे कमजोर कर रही है।

प्रकाश प्रदूषण कोई एक दिन में हल होने वाली समस्या नहीं है। यह कोई ऐसी चीज़ नहीं है, जिसका हल सिर्फ नई तकनीक से मिल जाए। यह समझने की ज़रूरत है कि विकास और पर्यावरण एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि सहयोगी होने चाहिए। रोशनी कितनी हो, कहां हो, कितनी देर तक हो- ये तय करना अब ज़रूरी हो गया है। अगर हम समय रहते नहीं चेते, तो आने वाली पीढ़ी शायद अंधेरे में झिलमिलाते तारों को सिर्फ किताबों या कहानियों में ही देख सकेगी।

इस संकट को स्वीकार करना पहला कदम है। जब तक हम इसे एक वास्तविक पर्यावरणीय समस्या की तरह नहीं समझेंगे, तब तक यह धीरे-धीरे हमारे जीवन की स्वाभाविकता को निगलता रहेगा। और सोचिए कि अगर एक दिन अंधकार भी कृत्रिम हो जाए-तो फिर जीवन की असल लय कहां बचेगी?

## सोशल फोरम

# जिंदगी से बड़ी है जिंदगी

हर व्यक्ति की अलग-अलग क्षेत्र में अलग-अलग क्षमता होती है, प्रकृति प्रदत्त। सभी की क्षमता सभी क्षेत्रों में नहीं हो सकती। प्रकृति की योजना। यह योजना हमारे लिए अनुत्क्रमणीय है। इस सीमा को महसूस करना और क्षेत्र-सापेक्ष क्षमता का आकलन करना ही हमारे लिए शक्य है। यह जीवन की एक अकाट्य सीमा है।

दृढ़ संकल्प से क्षेत्र विशेष में सीमा के विस्तार की संभावना रहती है। किंतु कोई भी विस्तार असीमित नहीं है। इस दृश्य और गम्य संसार में कुछ भी असीमित नहीं है। वह वस्तु या पदार्थ हो, शक्ति या ऊर्जा हो, व्यक्ति या परिघटना हो, कुछ भी असीमित नहीं।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

संभवतः इसी रिक्ति को भरने के लिए परम, निःसीम, कालातीत, पूर्ण, अनादि-अनंत परम सत्ता, परम शक्ति, परम चेतना, परम सत्य, ईश्वर की अवधारणा विकसित हुई हो। लोकोत्तरवाद, स्वर्ग-नर्क, मोक्ष, रहस्यवाद, अंतिम फ़ैसला वगैरह की परिकल्पनाएं इसी रिक्ति से निकली हों। विडंबना यह है कि इन तमाम परिकल्पनाओं के बावजूद अपनी क्षमता का सीमांत किसी को ज्ञात नहीं। क्षमता हो, न हो, कुछ करने, कुछ पाने की आकांक्षा बनी रहनी है। अंतिम सांस तक बनी रहनी है। आकांक्षा और क्षमता के बीच द्वंद्व में तालमेल बिठाने का प्रयास ही ज़िंदगी है। यह प्रयास अंतिम सांस तक चलना है। एक वस्तुगत भुलावे को भुलावा न मानकर लगातार उसे धक्का देने, किसी न किसी प्राप्य को लक्ष्य बनाने और निरंतर उसको प्राप्त करने की ओर आगे बढ़ने के प्रयास का नाम ही ज़िंदगी है।

ज़िंदगी का अंत कब आएगा? पता नहीं। किंतु नए-नए मंसूबे बनाना, उनके लिए नई नई योजनाएं तैयार करना, उन पर आगे बढ़ने की कोशिश करना, ज़िंदगी के अंत तक जारी रहेगा। जीने की प्यास अंत तक बनी रहेगी। अपने सामर्थ्य के घिसते, बिखरते जाने के बावजूद बनी रहेगी। ज़िंदगी की आकांक्षाएं, उनकी पूर्ति की आकांक्षाएं, उनकी पूर्ति के लिए किए गए प्रयास की आकांक्षाएं, प्रयास के सामर्थ्य की आकांक्षाएं... अंतिम सांस तक बनी रहेंगी। ज़िंदगी बीतते जाने के साथ आकांक्षा और क्षमता के बीच छाया अनिश्चितता का कोहरा घना होता जाएगा।

-फेसबुक वॉल से

# क्या होता है लिखने या बोलने से



हफीज किदवई
लेखक

हमें दुनिया के किसी भी मसले पर अपनी पूरी समझ से एक राय देना ठीक लगता है। अपने नज़रिए को बताना सही लगता है। हम हिरोशिमा के परमाणु हमले की हर साल मज़म्मत करते हैं, क्योंकि हम नहीं चाहते दुनिया में यह कहीं दोबारा हो। जबकि हमें कभी हिरोशिमा नहीं जाना। हमारे बुज़ुर्ग रास्ता दिखा गए हैं कि कोई भी देश हो, कोई भी नस्ल हो, कोई भी रंग हो, कोई भी जाति हो, तुम यह देखो की तुम्हारे कदम से सबसे आख़री कमज़ोर व्यक्ति को क्या लाभ पहुंच सकता है, उसे लाभ पहुंचा दो।

जिन्हें लगता है कि ईरान-इज़राइल से हमें क्या वास्ता। जिनको लगता है कि दूसरों के मसलों पर बोलने की हमें क्या ज़रूरत, जिन्हें लगता है कि यार तुम्हारे लिखने, बोलने से उन पर क्या ही फ़र्क़ पड़ता है। जिन्हें लगता है कि हम क्यों इतना लिख-बोल रहे हैं, जबकि यह हमसे कोई बहुत जुड़ा हुआ मुद्दा नहीं है। उनसे हमें कुछ कहना है। जो आप सोचते हैं, हमें भी पता है। हमसे बेहतर कौन जानता है कि यहां लिखने-पढ़ने से उधर फ़र्क़ नहीं पड़ता मगर हम लिखते हैं। असल में दुनिया में कहीं भी कोई मसला गुज़रे और उसमें अगर आपको सही या ग़लत की समझ आए, तो बोलने में क्या बुराई है। ऐसे बहुत से मुद्दे हैं, जिन पर हमें नहीं बोलना चाहिए, क्योंकि हमारा उनसे कोई जुड़ाव नहीं है। तो क्या बोलने के लिए किसी जुड़ाव की ज़रूरत है। हमें तो यही लगता है कि हमारे पास जो नज़रिया है, उससे टकराने वाली कोई भी बात या फिर उससे जुड़ी कोई भी बात कहीं भी हो, तो कहने में क्या ही जाता है।

हम न किसान हैं और न कभी किसानी की है, तो क्या हम इन पर न ही बोलें। हम तो औरत नहीं हैं, तो क्या जिस मुश्किल का सामना यह करती हैं, उसे न लिखे। एलजीबीटीक्यू समुदाय से जुड़े न होने पर क्या हम इनकी तक़लीफ़ पर न लिखें। हम तो हर चीज़ से पल्ला झाड़ सकते हैं यह कहकर कि इससे हमारा क्या मतलब, मगर यह तो हमसे नहीं हो सकेगा।

अफ्रीका हो, यूरोप हो, अमरीका हो, अस्ट्रेलिया हो, कोरिया हो, एशिया हो या कहीं भी हो,आपको बोलने में तक़लीफ़ क्यों होती है। सबसे आसान है कि मुंह पर चादर डालकर पड़े रहो। जब अपने पर आएगी, तब देखा जाएगा। हम तो उन घरों से आए लोग हैं, जो मोहल्ले या कॉलोनी में अगर कोई मर जाए, तो उसकी मय्यत को अपने घर की मय्यत समझ दुःखी होते है। दूर दराज़ कोई लड़की टॉप करती है, तो खुश होते हैं। सुनीता विलियम्स की सफ़लता पर मुस्कुराते हैं । कल्पना चावला की मौत पर दुःखी होते हैं।

हमें दूसरे मुल्कों की वर्तमान सत्ता तो छोड़िए, पुराने लीडर भी याद हैं। उनके कामों पर नज़र रखते हैं, तभी तो सोच पाते हैं कि हममे क्या बेहतर है या क्या कम है। दुनिया में आए हैं, तो दुनिया को समझिए, उसके लीजिये कुछ कीजिए। ग़लत का विरोध कीजिए, सही का साथ दीजिए, इसके लिए इतना सोचना विचारना क्या। हां जिनमें समझ ही नहीं है, उनसे इस बात की उम्मीद भी नहीं की जानी चाहिए।

यहां लिखने या बोलने से यह होता है कि हम भी अपनी आवाज़ उसमें शामिल कर देते हैं, जिसका रास्ता हमें सही लगता है। कुछ लोग तो ऐसे होते हैं कि उन्हें अपने सगे भाई की दिक्कत से कोई लेना देना नहीं,तो कुछ ऐसे हैं जो दिक्कत में फंसे किसी भी इंसान के लिए तड़प उठते हैं। यह तो इंसान इंसान की संवेदना का अंतर है। कोई है जो चिड़िया, जानवर बचाता है, मगर इंसान के मिटने पर खुश होता है, तो क्या किया जाए। वही कीजिए, जो आपको सही लगे, हमें यही सही लगता है ।

हमें दुनिया के किसी भी मसले पर अपनी पूरी समझ से एक राय देना ठीक लगता है। अपने नज़रिए को बताना सही लगता है। हम हिरोशिमा के परमाणु हमले की हर साल मज़म्मत करते हैं, क्योंकि हम नहीं चाहते दुनिया में यह कहीं दोबारा हो। जबकि हमें कभी हिरोशिमा नहीं जाना।

हमारे बुज़ुर्ग रास्ता दिखा गए हैं कि कोई भी देश हो, कोई भी नस्ल हो, कोई भी रंग हो, कोई भी जाति हो, तुम यह देखो की तुम्हारे कदम से सबसे आख़री कमज़ोर व्यक्ति को क्या लाभ पहुंच सकता है, उसे लाभ पहुंचा दो। ज़ालिम और मज़लूम में पहचान करो और मज़लूम के साथ खड़े हो जाओ। ज़ुल्म के दोस्त मत बनो। अब इन बेसिक समझ के लिए न कोई रॉकेट साइंस लगनी है और न ही सरहद....

तो भाई लिखने से कुछ होए या न होए, कम से कम तुम्हे यो पता चल रहा है कि किसका पक्ष क्या है, नज़रिया क्या है, सोच कैसी है। यही बहुत है। लिखने से तुम्हारी आंखों में तो कोई पर्दा नहीं रह जाएगा,समझ लो इसीलिए लिखते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना***
05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

## एक नजर

### सड़क किनारे पड़ा मिला युवक का शव

**बहराइच।** मोतीपुर थाना क्षेत्र के पृथ्वी पुरवा गांव के निकट 30 वर्षीय अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है। अभी शव की शिनाख्त नहीं हुई है। थाना क्षेत्र के पृथ्वी पुरवा गांव निवासी कुछ लोग सुबह खेत पर काम के लिए निकले थे। तभी गांव के पास में 30 वर्षीय अज्ञात युवक का शव देखा। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक मोतीपुर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए शव के शिनाख्त कराने की कोशिश की गई। लेकिन शिनाख्त नही हो पाई है। थाना प्रभारी का कहना है कि मृतक ईसानगर का रहने वाला बताया जाता है। वहां से लोगों के आने के बाद सही शिनाख्त हो पाएगी।

### युवती की संदिग्ध हालात में मौत, हत्या की आशंका

**फखरपुर बहराइच अमृत विचार।** थाना क्षेत्र फखरपुर के अंतर्गत ग्राम साइनपुरवा, लालपुर जलालपुर निवासी 18 वर्षीय रेहाना पुत्री निजामुद्दीन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना बीती रात की बताई जा रही है। मृतका का शव घर में ही पाया गया। परिजनों के अनुसार, रेहाना के गले पर कसने के निशान तथा ओंठ और गाल पर चोट के स्पष्ट निशान थे, जिससे मामला हत्या का प्रतीत होता है। पिता निजामुद्दीन ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी की हत्या उनके ही चचेरे भाई अजीज के लड़के छोट्टन और भाई खटखट ने मिलकर की है। सूचना मिलते ही फखरपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। पीड़ित परिवार न्याय की गुहार लगा रहा है।

### शैक्षिक महासंघ ने बीईओ को सौंपा ज्ञापन

**बहराइच।** शिक्षक हित के दृष्टिगत समस्याओं के समाधान के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ टीम फखरपुर सोमवार को बीईओ राकेश कुमार के साथ बैठक की। ब्लॉक अध्यक्ष मिथिलेश कुमार मिश्र ने शिक्षकों के समस्याओं से अवगत कराते हुए अनुरोध किया कि जो शिक्षक स्थानांतरित होकर आएं हैं, उनका मानव संपदा तत्काल अपडेट कराया जाए। जिससे माह जून का वेतन निर्बाध रूप से मिल सके। संगठन मंत्री प्रेम कुमार अवस्थी ने कहा कि चयन वेतनमान से संबंधित सभी लंबित पत्रावलियों को अविलंब निस्तारित करके फॉरवर्ड कर दिया जाए। बीईओ राकेश कुमार ने बताया कि बीएसए कार्यालय से जिन शिक्षकों की मानव संपदा विवरण बीआरसी पर आया हुआ था, उन सभी का अपडेट हो गया है। इनिशियल कैडर सूची में जिन शिक्षकों का नाम नही है वे लोग तत्काल अवगत करा दे।

# महंगे फोन की चाह में दोस्तों ने उतार दिया मौत के घाट

## बेंगलुरु से मामा की शादी में शामिल होने आया था युवक

संवाददाता, बहराइच

**क्राइम अलर्ट**

- गांव से 600 मीटर दूर अमरूद के बाग के खंडहर में मिला शव, रिपोर्ट दर्ज
- घटना के बाद से आरोपी दोनों किशोर परिवार समेत फरार

**अमृत विचार।** महंगा फोन रखना एक युवक को भारी पड़ गया। दोस्तों ने मिलकर उसकी हत्या कर शव को अमरूद के बाग में बने एक खंडहर में फेंक दिया। शव से दुर्गंध उठने पर लोगों को इसका पता चला और इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली देहात इलाके के नगरौर में अपने मामा के निकाह में शामिल होने आया 19 वर्षीय शादाब दो दिन से लापता था। सोमवार को उसका शव घर से करीब 600 मीटर दूर अमरूद के बाग में बने खंडहर में मिला। परिजनों ने बताया कि शादाब अपनी मां रेशमा के साथ बेंगलुरु से बीती 5 जून को आया था। 16 जून को शादाब के मामा मुन्ना का निकाह और 18 तारीख को वलीमा था। मृतक की नानी हुस्ना बानो ने बताया कि 20 जून को उनका नाती शादाब रात करीब 8 बजे घर से घूमने की बात कह कर निकाला था और 100 रुपये मांगे थे। काफी समय तक जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने सोचा कि शादाब दूसरे घर पर होगा। जब वहां भी नहीं मिला तो परिजनों ने कोतवाली देहात पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू की। सफलता हाथ न लगने पर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाले गए।

इसमें पता चला कि जब शादाब गांव से निकला था तो उसके साथ गांव के ही दो किशोर भी साथ में थे। सोमवार की देर शाम गांव से करीब 600 मीटर दूर अमरूद के बाग में बने खंडहर के पास से जब कुछ लोग गुजरे तो दुर्गंध आने पर लोगों की नजर वहां पड़े शव पर गई। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। खबर मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। युवक का सिर पूरी तरह क्षत विक्षत हो चुका था। कपड़ों से युवक की पहचान हो सकी। एकलौते बेटे की मौत की खबर सुनते ही मां रेशमा और पिता शहबाज़ अचेत हो गए। नानी ने आरोप लगाया कि शादाब के पास महंगा मोबाइल था। दोनों किशोरों ने मोबाइल पाने की चाह में उसके नाती की हत्या कर दी। हत्या करने वाले दोनों किशोर परिवार सहित फरार हैं। कोतवाल देहात दद्दन सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच पड़ताल की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। जिन किशोरों पर आरोप लगाया गया है, वे परिवार के साथ फरार हैं। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने दो को हिरासत में लिया है।

# 45 बोरी पशुओं की हड्डियों के चूरे के साथ 3 दबोचे

संवाददाता, बहराइच

**कार्रवाई**

- नेपाल से तस्करी कर लाया गया था चूरा
- थानों के प्रभारी को मादक पदार्थों व अवैध तस्करी के विरुद्ध अभियान चलाने के दिए निर्देश

**अमृत विचार।** मोतीपुर पुलिस ने बलाई गांव सुबराती पुरवा के पास रविवार को तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से 45 बोरी पशुओं की हड्डियों का चूरा बरामद किया गया है, जिसे ये तीनों नेपाल से भारतीय क्षेत्र में लाए थे। वे लोग उसे वाहन पर लादकर बाहर ले जाने की फिराक में थे।

पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने सीमावर्ती थानों के प्रभारी को मादक पदार्थों व अवैध तस्करी के विरुद्ध अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी और पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा तथा मिहीपुरवा को निरंतर निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। थानाध्यक्ष मिहीपुरवा आनन्द कुमार चौरसिया के नेतृत्व में गठित टीम के उपनिरीक्षक कमलेन्द्र प्रताप सिंह, शिवेश शुक्ला हेड कांस्टेबल शैलेन्द्र यादव, राजेश गिरी, कांस्टेबल राम अशीष चौरसिया रविवार को थाना क्षेत्र में भारत नेपाल बार्डर बलईगांव/सुबरातीपुरवा के पास चेकिंग कर रहे थे, तभी तीन लोग नेपाल की ओर भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करते देखे गए। इनको रोक कर पूछताछ की गई। तीनों ने अपना नाम मेराज पुत्र वारिस, नसरुद्दीन पुत्र मुनाफ, परवेज खान पुत्र मुख्तार खान निवासीगण ग्राम सुबरातीपुर दाखिला बस्थनवा थाना मोतीपुर जनपद बहराइच बताया। कड़ाई से पूछताछ पर तीनों ने बताया कि वह नेपाल से तस्करी कर 45 बोरी पशुओं की हड्डियों का चूरा लाए हैं, जिन्हें वाहन पर लादकर बेचने के लिए ले जा रहे थे। पुलिस टीम ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया और जंगल में छिपा कर रखे गए पशुओं की हड्डियों के चूरे को बरामद कर लिया। तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। बरामद हड्डियों के सम्बन्ध मे विधिक कार्रवाई के लिए कस्टम तथा वन विभाग के उच्चाधिकारियो को सूचना भेजी गई है।

## सार-संक्षेप

### कांग्रेसियों ने स्वर्गीय संजय गांधी को किया याद

**बहराइच, अमृत विचार।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पूर्व सांसद स्वर्गीय संजय गांधी की पुण्यतिथि पर आज कांग्रेस जनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दिया। इस दौरान बंद पड़े रेलवे क्रासिंग को पुन: संचालित करने अथवा अण्डरपास बनाए जाने तथा चिलवरिया रेलवे स्टेशन से बाहर जाने के ओवरब्रिज बनाए जाने एवं योगेन्द्र धाम हाल्ट स्टेशन के प्लेटफार्म सतह ऊंची करके वहां पर टीनसेट शौचालय पेयजल लाइट की मांग को लेकर पूर्व घोषित रेल पथ सत्याग्रह करके स्टेशन अधीक्षक बहराइच के माध्यम से रेलमंत्री भारत सरकार को मांगपत्र सौंपा। कांग्रेस नेता विनय सिंह ने कहा कि जनहितकारी मुद्दों को लेकर काफी दिनों से स्थानीय जनमानस आन्दोलित है किन्तु अभी तक रेलवे शासन व प्रशासन के कानों में जूं तक नही रेंगा है तथा जिम्मेदार सांसद कुम्भकरणी नींद में है तथा क्षेत्रीय भाजपा नेता मूकदर्शक बने हुए हैं। यदि समय रहते उक्त मांगे पूरी न हुई तो अगस्त माह में अगस्त क्रांति सत्याग्रह किया जावेगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी। जिलाध्यक्ष शिवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि वे आगामी 27जून को अपने प्रतिनिधि मण्डल के साथ रेलभवन नई दिल्ली जाकर उक्त गम्भीर मुद्दे पर बात रखकर जनहितकारी मुद्दे पर उनका ध्यान आकर्षित करेंगे। इस अवसर पर काफी संख्या में महिला और पुरुष मौजूद रहे।

### छात्रवृत्ति आवेदन के लिए समयसारिणी निर्धारित

**बहराइच, अमृत विचार।** पूर्वदशम, दशमोत्तर एवं उच्च कक्षाओं की छात्रवृत्ति आवेदन के लिए शासन ने समयसारिणी निर्धारित कर दी है। इसकी जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पांडे ने दी। उन्होंने बताया कि शैक्षिक सत्र 2025-26 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत उच्च कक्षाओं हेतु प्रक्रियात्मक कार्यवाही हेतु शासन द्वारा समयसारिणी का निर्धारण कर दिया गया है। सामान्य जाति के छात्र-छात्राएं 10 जुलाई से 20 दिसम्बर 2025 तक एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राएं 10 जुलाई 2025 से 31 मार्च 2026 तक रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं तथा सामान्य जाति के छात्र-छात्राएं 12 जुलाई से 23 दिसम्बर 2025 तक एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राएं 12 जुलाई 2025 से 03 अप्रैल 2026 तक प्रिन्ट आउट निकाल कर शिक्षण संस्थान में जमा कर सकते हैं। इसी प्रकार पूर्वदशम (कक्षा 09-10) तथा दशमोत्तर कक्षा (कक्षा 11-12) छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत निर्धारित समयसारिणी के अनुसार छात्र-छात्राएं 02 जुलाई से 30 अक्टूबर 2025 तक रजिस्ट्रेशन पूर्ण कर प्रिन्ट आउट निकाल कर शिक्षण संस्थाओं में जमा कर सकते हैं।

### घर में सो रहे वृद्ध पर तेंदुए ने किया हमला, गंभीर

**बहराइच अमृत विचार।** जंगल क्षेत्र से लगे गांव में तेंदुए का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आये दिन इनके हमलों से ग्रामीणों की जान जा रही है। घर मे सो रहे वृद्ध पर तेंदुए ने हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। शोर मचाने पर दौड़े ग्रामीणों ने जब हांका लगना शुरू किया तो वह जंगल की ओर भाग गया। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग से सटे गांव में इन दिनो जंगली जानवरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आए दिन उनके हमले में ग्रामीणों की जान चली जाती है। सुजौली रेंज के बनकटी गांव में बलदेव सिंह मच्छरदानी लगाकर घर में सो रहे थे। इसी दौरान अचानक घर में घुसे तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया। हमले के दौरान बलदेव सिंह (70 वर्ष) तेंदुए से भिड़ गए और शोर मचाने लगे। दौड़े ग्रामीणों ने हांका लगाना शुरू किया तो तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग कर्मियों को दी। वही घायल बलदेव सिंह को स्थानीय अस्पताल ले गए। सूचना पर पहुंचे वन विभाग के दरोगा राघवेंद्र कुमार गौतम ने घायल बलदेव को तत्काल एक हज़ार रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की। हालत को देखते हुए एम्बुलेंस की मदद से उन्हें मोतीपुर अस्पताल रेफर किया गया। जहां उनका उपचार चल रहा है।

### महिला से छेड़छाड़ व जेवर छिनैती मामले में केस दर्ज

बहराइच अमृत विचार। एक महिला की अपने पति से अनबन होने पर वह मायके जाने को निकली थी। आसाम हाईवे चौराहे पर उसे एक बाइक सवार मिला। अपने आप को महाराजगंज का बता उसे सूनसान इलाके में ले जा रेप की नियत से छेड़छाड़ की। विरोध किए जाने पर वह उसका जेवर रखा थैला छीन फरार हो गया। इस मामले में पीड़िता की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है। दरगाह थाने के एक गांव निवासनी युवती का उसके पति से 22 अप्रैल को विवाद हो गया। जिस पर नाराज पत्नी 24 अप्रैल को सुबह 6:30 बजे आसाम हाईवे चौराहे पर पहुंची। तो एक बाइक सवार युवक मिला। उसने बताया कि वह उसके मायके महाराजगंज का निवासी है। उसे वही छोड़ देगा। वह महिला को सूनसान जगह ले जाकर रेप की नीयत से छेड़छाड़ करने लगा। विरोध किए जाने पर वह महिला का जेवर रखा थैला छीनकर फरार हो गया। पीड़िता ने उसे निरहू नाम से नामजद किया है। उसका पता वह नही जानती है। पुलिस ने इस मामले में छेड़छाड़ व छिनैती का केस दर्ज किया गया है।

# ब्रेकडाउन से बिजली गुल 10 हजार उपभोक्ता परेशान

विशेश्वरगंज बहराइच

**समस्या**

- बिजली न होने से लोगों की दिनचर्या बुरी तरह हुई प्रभावित

**अमृत विचार।** सोमवार की सुबह से हो रही रिमझिम बारिश से क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को पूरी तरह से ठप कर दिया है, जिससे लगभग 10 हजार विद्युत उपभोक्ता भीषण गर्मी और पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। सुबह 4 बजे से शुरू हुई बारिश के चलते विद्युत विभाग ने कई बार बिजली की कटौती की। आखिरकार, सुबह 9 बजे लाइन में ब्रेकडाउन आ गया, जिससे पूरे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। बिजली न होने से लोगों की दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हुई है। पानी की किल्लत सबसे बड़ी समस्या बनकर उभरी है, जिससे आम उपभोक्ता काफी परेशान दिख रहे हैं।

**जिम्मेदारों के फोन बंद:** बिजली व्यवस्था की जानकारी लेने के लिए उपभोक्ताओं ने विद्युत विभाग के सीयूजी नंबर पर बार-बार फोन किया, लेकिन नंबर या तो स्विच ऑफ मिला या फिर नेटवर्क कवरेज क्षेत्र से बाहर बताया गया। जूनियर इंजीनियर आदित्य अवस्थी से संपर्क करने का प्रयास भी विफल रहा, क्योंकि उनका मोबाइल भी स्विच ऑफ था। पावर हाउस पर जाकर जानकारी लेने पर पता चला कि लाइन में ब्रेकडाउन है और विभाग के कर्मचारी मरम्मत के लिए मौके पर मौजूद हैं। बताया गया है कि मरम्मत पूरी होते ही बिजली आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी, विद्युत उपभोक्ताओं में ननके गुप्ता, सतीश कुमार सोनी, नंदू गुप्ता, प्रेमनाथ गुप्ता, राधेश्याम शुक्ला, फलफूल पाठक, मनोज कुमार, राजेश कुमार सहित कई लोगों ने विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से जर्जर लाइनों को ठीक कराने की मांग की है। उनका कहना है कि आए दिन होने वाली बिजली कटौती और ब्रेकडाउन से बचने के लिए यह बेहद आवश्यक है।

# डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का राष्ट्र निर्माण में अमूल्य योगदान: आनन्द गोंड

संवाददाता, मिहींपुरवा

**अमृत विचार।** मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत मधवापुर स्थित डा श्यामा मुखर्जी पार्क में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर डा आनन्द गोंड ने उनके मूर्ति पर माल्यार्पण किया। सांसद बहराइच डॉ आनंद कुमार गोंड ने मोदी सरकार के 11साल पूर्ण होने पर संकल्प से सिद्धी तक चौपाल में सरकार की उपलब्धियां गिनाई। कार्यक्रम में लगे विभागीय स्टालों का निरक्षण किया और गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कराई एवं छोटे बच्चों को अन्नप्राशन कराया। ग्रामीण लाभार्थियों को आवास, शौचालय, आयुष्मान कार्ड, समूह सखियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर भाजपा के उर्रा मण्डल अध्यक्ष मोती लाल निषाद, ब्लाक प्रमुख मिहीपुरवा अभिषेक वर्मा सौरभ, श्रवण मदेशिया, योगेश प्रताप सिंह उर्फ बैजू सिंह, अमित चौधरी, मानवेंद्र प्रताप सिंह मन्नू मौजूद रहे।



वृक्षारोपण करते मंडल उपाध्यक्ष बृजेश सिंह। अमृत विचार

### देशहित व आम नागरिकों के हक में काम कर रही भाजपा

**कैसरगंज।** विधानसभा कैसरगंज के मंडल कैसरगंज के शक्ति केंद्र मरौठी के बूथ संख्या 261 व 262 पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। इस दौरान महान राष्ट्रभक्त व भारतीय जन संघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनके चित्र पर माल्यार्पण पुष्प अर्पित करके नमन किया गया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए मंडल उपाध्यक्ष कैसरगंज बृजेश सिंह ने कहा कि देश की एकमात्र पार्टी भाजपा जो कि विगत 11 वर्षों से सत्ता में रहते हुए प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा निर्देशन में जनहित व गरीब लोगों के हितार्थ काम करते हुए देश हित के लिए विशेषत: बड़े आयामों पर काम कर रही है। जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना वर्तमान में केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार अक्षरश: पूर्ण कर रही है। उक्त कार्यक्रम में शक्ति केंद्र मरौठी संयोजक बृजेश सिंह, प्रभारी गुरुदीन निषाद, बूथ अध्यक्ष कैलाश चौहान, ज्ञान सिंह आदि सहित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

**रसिक बिहारी महाविद्यालय, बड़नापुर, कंछर, विशेश्वरगंज, बहराइच**

में आवश्यकता है

प्राचार्य—01 पद तथा स्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत बी0ए0 पाठ्यक्रम (चित्रकला, शिक्षाशास्त्र, अंग्रेजी, भूगोल, गृहविज्ञान, हिन्दी एवं समाजशास्त्र) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता—01 पद

तथा परास्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत एम0ए0 पाठ्यक्रम में (शिक्षाशास्त्र, भूगोल एवं गृहविज्ञान) तथा विज्ञान संकाय के अन्तर्गत एम0एस0सी0 पाठ्यक्रम )जन्तु विज्ञान) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता—02 पद

**योग्यता एवं वेतनमान—** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों की दो स्व—हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

**प्रबन्धक—समीरात्मज श्रीवास्तव**
मो0नं0—9839769610

# उर्वरक की ओवर रेटिंग व कालाबाजारी पर होगी दण्डात्मक कार्रवाई: डीएम

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** खरीफ फसलों की बुआई व रोपाई के समय नत्रजनिक एवं फास्फेटिक उर्वरकों की मांग में वृद्धि के दृष्टिगत ओवर रेटिंग और कालाबाजारी तेज हो गई है। उर्वरक विक्रेता किसानों से अधिक मूल्य वसूल कर रहे हैं। सीमावर्ती इलाकों में तस्करी के माध्यम से उर्वरक नेपाल पहुंचा जा रहा है। जिससे किसानों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा जिला कृषि अधिकारी व ए.आर. को-आपरेटिव को निर्देश दिये गये हैं कि उर्वरक वितरण कार्य का नियमित रूप से अनुश्रवण करते हुए बिक्री केन्द्रों का स्थलीय निरीक्षण एवं स्टाक का भौतिक सत्यापन कर किसानों को नत्रजनिक एवं फास्फेटिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करायें।

डीएम ने निर्देश दिया है कि यूरिया, डी.ए.पी. व एन.पी.के. काम्प्लेक्स एवं एम.ओ.पी. की निर्धारित अधिकतम खुदरा मूल्य दर के अन्तर्गत बिकी सुनिश्चित करायी जाये। यदि कोई उर्वरक विक्रेता अधिकतम खुदरा मूल्य दर से अधिक मूल्य पर उर्वरक बिकी करता हुआ पाया जाये तो सुसंगत धाराओं में कठोर कार्यवाही की जाय। उर्वरकों की आपूर्ति, उपलब्धता एवं वितरण की जनपद स्तरीय समिति के द्वारा साप्ताहिक बैठक आयोजित कर नियमित रूप से समीक्षा भी की जाये। डीएम ने कहा है कि यदि कोई थोक अथवा फुटकर उर्वरक विक्रेता मुख्य उर्वरकों यथा यूरिया, डीएपी, एनपीके काम्प्लेक्स, एम.ओ.पी. एवं एस.एस.पी. के साथ अन्य को भी खरीदने हेतु बाध्य करता है तो उसके विरूद्ध भी कठोर कार्यवाही की जाय।

डीएम ने निर्देश दिया है कि प्रत्येक माह टॉप-20 बायर्स व फ्रिक्वेन्ट बायर्स (क्रेता) की सूची एम.एफ. एम.एस. पोर्टल से प्राप्त कर पूर्व में निर्गत आदेशानुसार सूची का परीक्षण करा लें तथा संदिग्ध प्रकरणों की टीम गठित करते हुए स्थलीय जांच कराकर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाये। भारत सरकार के सम्बन्धित पोर्टल पर प्रत्येक माह सत्यापन रिपोर्ट अपलोड कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने निर्देश दिया है कि प्रत्येक उर्वरक व्यवसायी के स्तर पर स्टाक पंजिका, विक्रय पंजिका तथा रसीद अनिवार्य रूप से रखी जाये। जनपद के समस्त थोक व फुटकर उर्वरक विक्रेताओं तथा उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर उर्वरकों की उर्वरकवार बिक्री दर तथा स्टाक का अंकन रेट व स्टाक बोर्ड पर प्रतिदिन अंकित किया जाये।

डीएम ने जिला कृषि अधिकारी व ए.आर. को-आपरेटिव को निर्देश दिया है कि ऐसे उर्वरक विक्रेताओं जो अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाये जाते है तो सम्बन्धित के विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 व आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 में निहित प्राविधाना के अनुसार कठोर कारवाई की जाएगी।


## वर्ग पहेली-11

**बाएं से दाएं**

1. पानी उलीचने या डालने के लिए एक कृषि उपकरण; हाथा।
4. 1. गली, कूचा 2. सड़कों पर वाहनों के सुचारु यातायात
5. संन्यासी या अतिथि के लिए निकाला हुआ भोजन।
8. 1. मचना या फैलना 2. उठना।
9. 1. भुरकने की क्रिया या भाव 2. कुल्हड़, कूजा 3. मिट्टी की दवात 4. मिट्टी का प्याला, कसोरा 5. चूर्ण, बुकनी।
11. 1. विलक्षण; अद्भुत 2. श्रेष्ठ 3. अजीबोगरीब।

**ऊपर से नीचे**

1. एकत्रित जनसमूह, भीड़।
2. 1. जिसके बारे में जानकारी न हो, अपरिचित 2. जिसे जानकारी न हो, अनभिज्ञ 3. निश्छल, भोला
3. कुआं बनाने या कुआं खोदने वाला आदमी।
6. 1. श्रेणी, वर्ग, दरजा 2. विभाग, खंड 3. गिरोह, समूह।
7. 1. आगे की ओर फिसलना, सरकना 2. ऊपर से नीचे की ओर फिसलते हुए आना।
10. 1. समुद्र का कोई विशेष खंड 2. ताल, झील 3. क्रिकेट खेल में बल्लेबाज़ के द्वारा एक विकेट से दूसरे विकेट तक बिना बहिर्गत हुए दौड़ लगाना।



### वर्ग पहेली-10 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 त | | 2 अ | | 3 ची | नी |
| 4 त | रं | ग | व | ती | | |
| | गी | | ले | | | 5 उ |
| 6 छु | | 7 उ | ख | म | | त |
| 8 आ | कं | प | न | | 9 द्रू | र |
| छू | | वे | | | | वा |
| त | | 10 द | ल | म | ल | ना |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 24 जून, मंगलवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी-18.59 तक तत्पश्चात अमावस्या।

**मेष:** आज शेयर मार्केट और बैंकिंग से जुड़े लोगों को उत्तम लाभ प्राप्त होगा। बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। राजनीतिक संपर्कों का आप लाभ उठा पायेंगे। संतान के व्यवहार से आप अति प्रसन्न रहेंगे। लोग आपसे मार्गदर्शन की अपेक्षा रखेंगे।

**वृष:** आज आप लोगों की काफी सहायता करेंगे जिससे आपका यश बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। दांपत्य संबंधों में मधुरता रहेगी। व्यापार में आप काफी व्यस्त रहेंगे। बुजुर्ग लोगों से आपको काफी अच्छा सहयोग मिलेगा।

**मिथुन:** आज दांपत्य जीवन में अनबन हो सकती है। घर में अचानक अतिथियों के आगमन से परेशान हो सकते हैं। सरकारी कार्यों में थोड़ी बाधा आ सकती है। विरोधी आपका मजाक उड़ा सकते हैं। आज उधार देने से आपका धन फंस सकता है।

**कर्क:** आज आपकी आर्थिक स्थिति काफी मजबूत रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपके कार्यों की प्रशंसा हो सकती है। मन में कुछ नया और प्रयोगात्मक करने की इच्छा होगी। आपकी दिनचर्या अनुशासित रहेगी। नई परिस्थितियों के साथ तालमेल बिठाने में आसानी होगी।

**सिंह:** आज प्रतियोगी परीक्षा में शानदार परिणाम मिलेंगे। दोस्तों के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं। अधिकारी वर्ग के लोगों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। कारोबार में आ रही अड़चनें पूरी तरह से दूर होंगी। घर का वातावरण अत्यंत शांत रहेगा।

**कन्या:** आज आपको कर्ज लेना पड़ सकता है। जिसके कारण थोड़ा तनाव रहेगा। अपने सिद्धान्तों के साथ समझौता न करें। अति आत्मविश्वास में आकर कोई बड़ा निर्णय लेना उचित नहीं होगा। अपने मन की आवाज को सुनें। विद्यार्थियों को पढ़ाई में काफी ध्यान रखना पड़ेगा।

**तुला:** आज व्यस्तता के बावजूद आपको परिवार को समय अवश्य देना चाहिए। अजनबियों पर अधिक विश्वास न करें। नौकरी में स्थान परिवर्तन का विचार बना सकते हैं। विद्यार्थी वर्ग के लिए समय बहुत ही अच्छा है। आपके मान-सम्मान में कुछ कमी आ सकती है।

**वृश्चिक:** आज व्यवसाय में आपको काफी बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। यदि आपके ऊपर काम का दबाव है तो उसे दूसरों में बांट दें। आज आप काफी तनावमुक्त महसूस करेंगे। लवमेट्स के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। राजनीति से जुड़े लोगों को धोखा मिलने की संभावना है।


**धनु:** आज साझेदारी वाले कारोबार में पारदर्शिता रखें। संतान की तरक्की से आप उत्साहित रहेंगे। दिनचर्या कुछ अस्त-व्यस्त हो सकती है। अत्यधिक भावुकता और दयालु व्यवहार का लोग लाभ उठाने का प्रयास करेंगे। दूसरों पर अधिक विश्वास न करें।

**मकर:** आज पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। कार्यक्षेत्र में सुखद अनुभव प्राप्त होंगे। किसी प्रिय व्यक्ति से शानदार मुलाकात होगी। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। बच्चों की गतिविधियों पर नजर बनाए रखें। आपकी मन:स्थिति थोड़ी विचलित हो सकती है।

**कुंभ:** आज दिन की शुरुआत आपके लिए शुभ नहीं है। जीवनसाथी आपका मनोबल बढ़ायेगा। दूसरों से अधिक अपेक्षा न करें। पेट में जलन की समस्या हो सकती है। लेखन से जुड़े लोग कुछ नया प्रयास कर सकते हैं।

**मीन:** आज कार्यक्षेत्र में मनोवाञ्छित परिणाम मिलने से उत्साहित रहेंगे। विवाह योग्य जातकों को उत्तम रिश्ते मिल सकते हैं। साहित्य और संगीत में आप रुचि लेंगे। लंबी यात्रा पर जाने का विचार बनायेंगे। आपकी आय में वृद्धि होगी।

## आज का पंचांग



दिशाशूल- उत्तर ऋतु- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-रोहिणी 12.54 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

## सुडोकू-18

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 2 | | 9 | 4 | 1 | | |
| | | 3 | | 8 | | | | 5 |
| | | 9 | 6 | | 7 | | | |
| 3 | | | | 6 | | 7 | | 9 |
| | 1 | | | | | | 4 | |
| 8 | | 6 | | 5 | | | | 2 |
| | | | 3 | | 8 | 5 | | |
| 5 | | | | 2 | | 4 | | |
| | | 7 | 9 | 1 | | 8 | 6 | |

### सुडोकू - 17 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 8 | 1 | 3 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 7 | 3 | 5 | 8 | 2 | 4 | 9 | 1 | 6 |
| 1 | 9 | 2 | 5 | 6 | 7 | 4 | 3 | 8 |
| 2 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 7 | 9 | 1 |
| 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 9 | 1 | 2 | 8 | 7 |
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 3 | 1 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 1 | 2 | 7 | 5 | 3 | 4 | 9 |

# सपा सरकार में ट्रांसफर-पोस्टिंग में होती थी वसूली

## भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने अखिलेश सरकार पर बोला तीखा हमला

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सोमवार को सुलतानपुर भाजपा कार्यालय पहुंचकर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए योगी सरकार की उपलब्धियों का ज़िक्र किया और सपा पर तीखा हमला बोला।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ है। अपराध न्यूनतम स्तर पर है और विकास के नए कीर्तिमान रचने में प्रदेश अग्रणी बना है। उन्होंने कहा कि 'योगी मॉडल' आज पूरी दुनिया में चर्चा का विषय है, जो भ्रष्टाचार और अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर आधारित है। समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि सपा शासन में ट्रांसफर-पोस्टिंग एक उद्योग बन चुका था, जहां हर चीज़ में वसूली होती थी। उन्होंने कहा, "सपा सरकार में न तो पारदर्शिता थी और न ही जनता के प्रति जवाबदेही। पूरा शासन परिवारवाद, भ्रष्टाचार और वसूली पर आधारित था।"



मीडिया से मुखातिब भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी। अमृत विचार

### संगठन विस्तार व जनसंपर्क में जुटी है भाजपा

भूपेंद्र चौधरी ने बताया कि भाजपा प्रदेश में संगठनात्मक मजबूती के लिए लगातार काम कर रही है। अब तक प्रदेश के 98 जिलों में से 70 जिलाध्यक्षों की घोषणा हो चुकी है, वहीं 1918 मंडलों में से 1700 मंडल गठित किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि अब तक ढाई करोड़ प्राथमिक सदस्य बनाए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों की उपलब्धियों को लेकर भाजपा कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर रिपोर्ट कार्ड साझा कर रहे हैं।

### नेताओं ने की शिष्टाचार भेंट

पार्टी कार्यालय पर मौजूद एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, विधायक विनोद सिंह, पूर्व मंत्री ओम प्रकाश पांडेय, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राज प्रसाद उपाध्याय, डॉ. एमपी सिंह, संत बख्श सिंह चुन्नू, पालिकाध्यक्ष प्रवीन अग्रवाल, जगजीत सिंह छंगू, योगेन्द्र प्रताप सिंह, संजय सोमवंशी, मनीषा पांडेय, बबिता तिवारी, रीना जायसवाल समेत कई नेताओं और पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष से शिष्टाचार भेंट की। प्रदेश मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी ने बताया कि लखनऊ से वाराणसी जाते समय प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी कार्यालय पर एक घंटे से अधिक समय बिताया और संगठन से जुड़े विषयों पर चर्चा की।

## एक नजर

### डीएम से मिलकर समस्याओं से अवगत करायेगा वकीलों का प्रतिनिधिमंडल

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बार एसोसिएशन अध्यक्ष रणजीत सिंह त्रिसुंडी की अध्यक्षता में सोमवार को दीवानी अधिवक्ता संघ भवन में बार के पूर्व अध्यक्षों की बैठक हुई। बैठक में पूर्व अध्यक्ष अरुण उपाध्याय की ओर से कलेक्ट्रेट व सदर तहसील की राजस्व अदालतों में भ्रष्टाचार होने को लेकर भूख हड़ताल करने के मुद्दे पर चर्चा हुई। बार अध्यक्ष श्री सिंह ने बताया कि मामले को लेकर शीघ्र ही वकीलों का प्रतिनिधिमंडल डीएम से मिलेगा। उधर, पूर्व अध्यक्ष अरुण उपाध्याय ने बताया कि डीएम से वार्ता के बाद समस्या का समाधान निकाले जाने तक भूख हड़ताल स्थगित की जा रही है ।आगे की रणनीति पर वार्ता के बाद विचार किया जायेगा।

### सांप के काटने से किशोर की मौत

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** अखंडनगर के बेहरा भारी गांव में सोमवार को सांप के काटने से एक किशोर की मौत हो गई। 11 वर्षीय अंकित को परिजन पहले अखंडनगर सीएचसी ले गए थे, जहां से उसे रेफर कर दिया गया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे दोस्तपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### करंट की चपेट में आकर वृद्धा की मौत

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बंधुआकला थाना क्षेत्र के दादूपुर गांव निवासी चंद्रकली (60) पत्नी रामफूल सोमवार की दोपहर घर के पास लगे विद्युत पोल के स्टे राड में उतर रहे करंट की चपेट में आ गई। परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। बंधुआकला पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### नाली विवाद में महिला की पिटाई, तीन पर केस दर्ज

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के भीखीपुर गांव में पुराने नाली विवाद को लेकर एक महिला की पिटाई का मामला सामने आया है। रविवार शाम करीब 4 बजे जब छोटेलाल घर पर नहीं थे, तभी पड़ोसी राम ऋषि वर्मा की परिजनों शिवराजी, सुप्रिया और मोनिका ने उनकी पत्नी कुसुम गुप्ता से कहासुनी के बाद लात-घूंसे और डंडे से मारपीट की। कुसुम गुप्ता ने तीनों महिलाओं के खिलाफ दोस्तपुर थाने में तहरीर दी, जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी अनिरुद्ध कुमार सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# डॉ. मुखर्जी राष्ट्रीय एकता के प्रतीकः अमर पाल मौर्य



भाजपा प्रदेश महामंत्री व राज्यसभा सांसद अमर पाल मौर्य का स्वागत करते भाजपाई।

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

- धारा 370 हटाकर साकार हुआ डॉ. मुखर्जी का सपना
- भाजपाइयों ने लिया उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प

**अमृत विचारः** भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं अखंड भारत के स्वप्नद्रष्टा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 72वें बलिदान दिवस पर भाजपा जिला कार्यालय सुलतानपुर में सोमवार को संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री व राज्यसभा सांसद अमर पाल मौर्य ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए समर्पित था।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 और 35 A हटाकर डॉ. मुखर्जी के अधूरे सपनों को साकार किया है। उन्होंने यह भी कहा कि डॉ. मुखर्जी का ओजस्वी व्यक्तित्व आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देता रहेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने की और संचालन जिला महामंत्री विजय त्रिपाठी ने किया। इससे पूर्व कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी और उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ. एमपी सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संतबख्श सिंह चुन्नू, पूर्व मंत्री ओम प्रकाश पांडेय, एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक विनोद सिंह, राज प्रसाद उपाध्याय, राजेश गौतम, प्रवीन अग्रवाल, बबिता तिवारी, रीना जायसवाल, संजय सोमवंशी, मनीषा पांडेय, आनंद द्विवेदी, विजय रघुवंशी समेत सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सराफा डकैती कांड में गवाही टली, जमानतदार को पकड़ने पर हंगामा

## अदालत से

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** सराफा डकैती कांड की सुनवाई शुक्रवार को फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम में न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर के अवकाश पर होने के कारण नहीं हो सकी। वादी भरतजी सोनी कोर्ट में गवाही देने पहुंचे थे। एडीजीसी दान बहादुर वर्मा ने बताया कि अब अगली सुनवाई 27 जून को होगी।

उल्लेखनीय है कि 28 अगस्त 2024 को कोतवाली नगर के चौक ठठेरी बाजार स्थित सर्राफा व्यापारी भरतजी सोनी की दुकान में डकैतों ने दिनदहाड़े लाखों की ज्वेलरी लूट ली थी, जिसकी गूंज अब तक जिले में सुनाई दे रही है। मामले में आरोप तय होने के बाद कार्रवाई अभियोजन पक्ष की गवाही में विचाराधीन है।

### जमानतदार को पकड़ने पर वकीलों का विरोध

इस बीच कांड के आरोपी त्रिभुवन कोरी की जमानत देने वाले राम कुमार को पुलिस द्वारा पकड़े जाने से कोर्ट परिसर में हंगामा खड़ा हो गया। आरोप है कि धम्मौर पुलिस राम कुमार को जबरन पकड़ लाई और जमानत वापस लेने का दबाव बनाया। पुलिस द्वारा धमकी दी गई कि ऐसा न करने पर उसका मकान गिरा दिया जाएगा। सूचना पाकर अधिवक्ता रणजीत सिंह त्रिशुंडी मौके पर पहुंचे और पुलिस कार्रवाई का विरोध करते हुए गैंगस्टर कोर्ट के न्यायाधीश राकेश पांडेय को पूरे मामले से अवगत कराया। इस पर कोर्ट ने पुलिस को फटकार लगाई और भविष्य में ऐसी गलती न दोहराने की चेतावनी दी।



दीवानी न्यायालय में कामकाज करते अधिवक्तागण। अमृत विचार

### दहेज हत्या के मामले में बहस जारी

**संवाददाता, सुलतानपुर :** कुड़वार थाना क्षेत्र के पहड़ौली मिठनेपुर बेला पश्चिम गांव में पांच साल पूर्व हुई विवाहिता सुमित्रा की दहेज हत्या के मामले में सोमवार को बचाव पक्ष ने बहस की परंतु बहस पूरी नही हो सकी । बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट न्यायाधीश राकेश पाण्डेय ने शेष बहस के लिए 26 जून की तारीख तय की गई है। प्रकरण के अनुसार, अमेठी जनपद के मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के उतरपाती कस्थुनी पूरब निवासी सोमराज ने अपनी पुत्री सुमित्रा की शादी कुड़वार क्षेत्र के ज्ञानेंद्र पुत्र रामकेवल से की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर सुमित्रा को प्रताड़ित करते थे। 29 जून 2020 को सुमित्रा की गला दबाकर हत्या कर दी गई। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति ज्ञानेंद्र, ससुर रामकेवल, सास फूलमती और देवर वीरेंद्र के खिलाफ मामला दर्ज कर चार्जशीट दाखिल की थी।

### साक्ष्य के अभाव में यौन उत्पीड़न के आरोपी बरी

नाबालिग किशोरी का वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के दो आरोपियों को पॉक्सो कोर्ट के जज नीरज श्रीवास्तव ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविन्द सिंह राजा ने बताया कि मामले में करौंदीकला के दिवाकर तिवारी और दीपक प्रेमी आरोपी थे जिन पर अभियोजन पक्ष केस साबित नहीं कर सका। पीड़िता व गवाहों के पुलिस व मजिस्ट्रेट के समक्ष दिए गए बयान में विरोधाभास पाते हुए कोर्ट ने आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। 23 दिसम्बर 2020 की कथित घटना में दोनों पर ये मुकदमा पीड़िता की मां ने दर्ज किया कराया था।

### दो आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज

ग्राम तुनियातर, थाना मुसाफिरखाना में शादी समारोह के दौरान हुए गोलीकांड के मामले में मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के भद्दौर निवासी आरोपी शानतोन यादव उर्फ संतोष यादव और शैलेन्द्र कुमार यादव की जमानत अर्जी प्रभारी सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार ने खारिज कर दी। अदालत ने पाया कि आरोपियों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट, घायलों के बयान और अवैध तमंचे की बरामदगी जैसे गंभीर साक्ष्य मौजूद हैं। संजय यादव को गोली लगी थी, जिसे गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया था।

### मुख्यमंत्री से अवैध ईंट भट्ठा बंद कराने की मांग

बल्दीराय क्षेत्र के बिसावा निवासी राजेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री को प्रार्थनापत्र भेजकर ग्राम मेदई का पुरवा बिसांवा में संचालित अवैध ईंट भट्ठे को बंद कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने बीती 26 मई को भट्ठा बंद करने का निर्देश दिया था, लेकिन इसके बावजूद संचालन जारी है। उन्होंने अविलंब वैधानिक कार्रवाई की मांग की है।

### एलआईसी डकैती मामले में दरोगा का मुख्य बयान जारी

कादीपुर स्थित भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा में वर्ष 2008 में हुई 13.15 लाख रुपये की दिनदहाड़े डकैती के मामले में सोमवार को विवेचक व साक्षी उपनिरीक्षक पंकज कुमार सिंह का मुख्य बयान दर्ज किया गया। गवाही पूरी न होने के कारण कोर्ट ने सुनवाई के लिए 25 जून की तारीख तय की है।

### पूर्व विधायक सफदर रजा के खिलाफ सुनवाई पूरी

- मामले में फैसला 5 जुलाई को

**संवाददाता, सुलतानपुर :** वर्ष 1996 के विधानसभा चुनाव के दौरान बैलेट पेपर गायब होने के 29 साल पुराने बहुचर्चित मामले में नामजद आरोपी पूर्व विधायक सफदर रजा की ओर से सोमवार को अंतिम बहस पूरी कर ली गई। विशेष कोर्ट एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत ने बहस सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रखते हुए पांच जुलाई की तिथि नियत की है। यह मामला 6 अक्टूबर 1996 को पीपरपुर थाना क्षेत्र के देहली मुबारकपुर स्थित मतदान केंद्र पर बैलेट पेपर गायब होने से जुड़ा है। इस मामले में उप जिला निर्वाचन अधिकारी विमल चंद्र श्रीवास्तव की ओर से तहरीर दी गई थी, जिस पर पूर्व विधायक सफदर रजा, तत्कालीन सपा जिलाध्यक्ष कमरुज्जमा फौजी (अब दिवंगत), ग्राम प्रधान के पति सहित 10-12 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। विवेचना में सफदर रजा के साथ अबाद उल्ला व अबरार अहमद को भी आरोपी बनाया गया। 29 वर्षों से लंबित इस मामले में अब न्यायालय का निर्णय 5 जुलाई को आने जा रहा है, जिस पर सभी की निगाहें टिकी हैं।

### चाचा-भतीजा हत्याकांड में जिरह जारी

**संवाददाता, सुलतानपुर :** चाचा-भतीजा हत्याकांड में शुक्रवार को एडीजे प्रथम संतोष कुमार की अदालत ने साक्षी दुर्गेश यादव से बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने जिरह की। अदालत ने शेष जिरह के लिए 25 जून की तारीख तय की है। अमेठी जिले के मुसाफिरखाना के भद्दौर निवासी संग्रह अमीन सुरेश यादव व उनके भतीजे बृजेश यादव की 27 फरवरी 2023 को चुनावी रंजिश में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में जलालुद्दीन समेत 13 आरोपियों के खिलाफ विचारण चल रहा है।

## सार-संक्षेप



बवाल के दौरान बड़ी संख्या में मौजूद रही पुलिस। अमृत विचार

### करौंदीकला थाने में आमने-सामने हुए दो पक्ष

- पुलिस की सूझबूझ से टला टकराव, कार्रवाई की मांग पर अड़े ब्राह्मण समाज के लोग

**करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर हिंदू धर्म और ब्राह्मण समाज के खिलाफ अभद्र टिप्पणी को लेकर सोमवार को करौंदीकला थाने पर भीम आर्मी और ब्राह्मण समाज के लोग आमने-सामने हो गए। भीम आर्मी के 50-60 कार्यकर्ता लाठी-डंडों के साथ थाने पहुंचे, तो दूसरी ओर समाजसेवी विपिन तिवारी के नेतृत्व में ब्राह्मण समाज के सैकड़ों लोग जुट गए। आरोप है कि अनिल गौतम, चंद्रशेखर और लाल साहब लगातार सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहे हैं और कार्रवाई न होने से अराजकता बढ़ रही है। मौके पर पहुंचे सीओ विनय गौतम व कई थानों की पुलिस बल ने हालात को संभालते हुए कानूनी कार्रवाई का भरोसा दिलाया, तब जाकर मामला शांत हुआ। इस बीच पंडित नीरज पांडेय को भी धमकी देने का आरोप सामने आया है। थानाध्यक्ष चंद्रभान वर्मा ने बताया कि मामला पुलिस कप्तान के संज्ञान में है। जल्द कार्रवाई की जाएगी।

### करंट की चपेट में आने से व्यापारी की मौत



बब्लू जायसवाल।

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना दोस्तपुर क्षेत्र के गोशैसिंहपुर गांव में सोमवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में घर की लाइट ठीक करते समय एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। बब्लू जायसवाल (30) पुत्र सोहरी जायसवाल गोशैसिंहपुर चौराहे पर चाट-मोमोज का ठेला लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे वह घर की बिजली लाइन में आई खराबी ठीक कर रहा था, तभी करंट की चपेट में आ गया। परिजन तत्काल उसे लेकर बिरसिंहपुर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही पत्नी व बेटियों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### पेंशनर्स फेडरेशन ने छह सूत्री मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** देशभर के पेंशनर्स की आवाज़ को मजबूती देने के उद्देश्य से ऑल इंडिया स्टेट पेंशनर्स फेडरेशन के तत्वावधान में सोमवार को सुलतानपुर में छह सूत्री मांग पत्र प्रधानमंत्री को संबोधित कर जिलाधिकारी कार्यालय के माध्यम से सौंपा गया। ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी घनश्याम श्रीवास्तव को सौंपा गया और आग्रह किया गया कि इसे उच्च स्तर तक भेजा जाए। इस अवसर पर संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति के मंडल सह संयोजक चिन्तामणि शर्मा, उपाध्यक्ष शिवमूर्ति पांडेय, उद्योग विभाग अध्यक्ष रमेश अग्रहरि, अनुज श्रीवास्तव, सुभाष चंद्र, शिवम, शशि कुमार सिन्हा, श्याम बहादुर सिंह व जनार्दन प्रसाद पांडेय उपस्थित रहे। ज्ञापन में महंगाई भत्ते की समय पर बहाली, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, तथा पुरानी पेंशन योजना की बहाली जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं को शामिल किया गया। प्रतिनिधियों ने कहा कि ये मुद्दे लाखों पेंशनर्स की सीधी जरूरतों से जुड़े हैं, और इनका समाधान सामाजिक न्याय व वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान की दिशा में जरूरी है।

### प्रो. डीके त्रिपाठी बने अवध विश्वविद्यालय कार्यपरिषद के सदस्य



प्रो. डीके त्रिपाठी।

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो दिनेश कुमार त्रिपाठी को डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या की कार्यपरिषद का सदस्य नामित किया गया है। यह जानकारी कॉलेज के मीडिया प्रभारी ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने दी। प्रो. त्रिपाठी उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग से चयनित होकर 18 नवंबर 2021 से प्राचार्य पद पर कार्यरत हैं। इससे पूर्व वे कमला नेहरू संस्थान के भूगोल विभाग में वर्ष 1996 से प्रोफेसर के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। भूगोल की अत्याधुनिक शाखा 'रिमोट सेंसिंग एवं जीआईएस' में उनके अंतरराष्ट्रीय शोध पत्र और संदर्भ पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। अब तक उनके निर्देशन में आठ पीएचडी शोधार्थी शोध कार्य पूर्ण कर चुके हैं। प्रो. त्रिपाठी की नियुक्ति पर महाविद्यालय के अध्यक्ष एडवोकेट संजय सिंह, प्रबंधक एडवोकेट बाल चन्द्र सिंह सहित समस्त महाविद्यालय परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त की है और उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

### सड़क पर खड़ा जर्जर बिजली का पोल बना हादसे का कारण

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के धरमगंज-हनुमानगंज मार्ग पर स्थित अग्रेसर गांव के पास वर्षों पुराना जर्जर बिजली का पोल स्थानीय लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। सड़क किनारे टेढ़ा खड़ा यह खंभा रात के अंधेरे में दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है। ग्रामीणों की मानें तो अब तक कई लोग इस खंभे से टकराकर घायल हो चुके हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यदि समय रहते यह पोल नहीं हटाया गया तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत निगम के अधिकारी इस समस्या से अवगत होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। समाजसेवी नित्यानंद, राजेश कुमार, सियाराम वर्मा, राम लखन, ज्ञान जायसवाल, बंबर सिंह व दीपक कुमार ने इस समस्या को लेकर डीएम से मुलाकात की और पोल को हटवाने की मांग की।

# डेडलाइन बीती, अधूरी पड़ी सड़क से ग्रामीण परेशान

संवाददाता, सुलतानपुर

## योजना

- पीएम ग्राम सड़क योजना से बन रही थी नौगवां मायंग सड़क
- 10 करोड़ की लागत, लेकिन केवल गिट्टी-मिट्टी डाल छोड़ा कार्य

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत फरवरी 2023 में शुरू हुई नौगवांतीर-मायंग मार्ग का निर्माण अब तक पूरा नहीं हो सका है। तय समय फरवरी 2024 के बाद भी कार्यदायी संस्था द्वारा सड़क अधूरी छोड़ दी गई है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

करीब 08 किमी लंबी सड़क पर अब तक केवल गिट्टी और मिट्टी डाली गई है। बरसात में फिसलन के चलते ग्रामीण गिरकर चोटिल हो रहे हैं। स्थानीय पूर्व प्रधान चंद्र प्रकाश सिंह ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी से की है। सड़क के किनारे लगे बोर्ड के अनुसार अनुरक्षण अवधि 6 फरवरी 2024 से 5 फरवरी 2029 तक तय है। ग्रामीणों का सवाल है कि जब सड़क बनी ही नहीं, तो अनुरक्षण किसका होगा?

इस संबंध में एई आलोक सिंह ने बताया कि कुछ तकनीकी समस्याएं हैं। नौगवांतीर का क्षेत्र बाढ़ग्रस्त होने के कारण यूपीआरडीए की टेक्निकल टीम निरीक्षण करने वाली है। उन्होंने जल्द ही कार्य पूरा कराने का भरोसा दिया है।

# हाईस्पीड कार डिवाइडर पार कर कंटेनर से टकराई, चार गंभीर

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** सोमवार को लखनऊ की ओर से आ रही तेज रफ्तार डिजायर कार अलीगंज बाईपास के पास अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार करते हुए सामने से आ रहे कंटेनर से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से बाहर निकालकर एम्बुलेंस से जिला मेडिकल कॉलेज भेजा गया। घायल परवेज हसन सिद्दीकी (60) निवासी चंदौली ने बताया कि वे लखनऊ से इलाज कराकर अपने आवास लौट रहे थे, तभी नींद की झपकी के चलते हादसा हो गया। कार में उनकी पत्नी जरीना, बेटी कायनात और नाती भी थे। सभी को गंभीर चोटें आई हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# वॉलीबॉल का खिताब नरायनपुर के नाम

## प्रतियोगिता

- ओलंपिक दिवस पर वॉलीबाल व कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन
- कुश्ती में अमन यादव और नीरज ने दर्ज की जीत

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** भदैंया ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय नरायनपुर में सोमवार को ओलंपिक दिवस पर वॉलीबॉल और कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय के वर्तमान और पूर्व छात्रों ने हिस्सा लिया।

वॉलीबॉल मुकाबले में चार टीमों ने भाग लिया। पहले सेमीफाइनल में नरायनपुर ने पुरेबागराय को 2-1 से हराया, जबकि दूसरे में सातनपुर ने भरथीपुर को हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में निखिल, आलोक, पवन और अभिषेक के उम्दा प्रदर्शन के चलते नरायनपुर ने सातनपुर को 2-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया। कुश्ती के 50-55 किलो भार वर्ग में अमन यादव ने अभिषेक को हराया और नीरज ने सत्यम को मात दी। कार्यक्रम में एडवोकेट विवेक पांडे, कुलदीप वर्मा, प्रधानाध्यापक दिनेश सिंह ने विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए। इस मौके पर बीते वर्ष स्पोर्ट्स हॉस्टल अयोध्या में चयनित सुनैना (कुश्ती) और गुड़िया (टेबल टेनिस) को भी सम्मानित किया गया। आयोजन में मुनेन्द्र मिश्रा, इंद्रभान यादव, गीता, हरिकेश्वर सिंह, अनुपमा यादव, बीना सहित अनेक शिक्षक और अभिभावक मौजूद रहे।



वॉलीबॉल प्रतियोगिता में जोर आजमाइश करते खिलाड़ी। अमृत विचार

## फूटा गुस्सा

### अभद्र भाषा और धमकी देने का लगाया आरोप, सीओ के हस्तक्षेप पर दर्ज हुआ मुकदमा

# कोतवाल पर कार्रवाई को किसानों का धरना

लंभुआ, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** पुश्तैनी जमीन पर निर्माण कार्य में बाधा डालने और पुलिस द्वारा उचित कार्रवाई न करने के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (अंबावता गुट) के बैनर तले सोमवार को किसानों ने कोतवाली के सामने धरना प्रदर्शन किया। किसानों ने कोतवाल पर अभद्र भाषा प्रयोग करने और मुकदमा लिख देने की धमकी देने का आरोप लगाया।

धरने का नेतृत्व तहसील अध्यक्ष अरविंद कुमार ने किया, जबकि प्रदेश उपाध्यक्ष गिरीश पांडेय ने बताया कि किसान संगठन के सदस्य दुखी यादव, निवासी भदैंया, अपनी पुश्तैनी जमीन पर आपसी सहमति के तहत दीवार बना रहे थे, जिसे विपक्षियों ने लगातार गिराया। इसी शिकायत को लेकर किसान न्याय की मांग कर रहे थे।

धरने के बीच कोतवाली प्रभारी अखिलेश सिंह द्वारा किसान नेताओं से अभद्र भाषा में बातचीत और मुकदमा लिखवाने की धमकी देने की बात सामने आई। इससे किसानों में भारी आक्रोश फैल गया और उन्होंने खुद को अपमानित महसूस करते हुए धरना जारी रखा। बाद में सीओ अब्दुस सलाम ने हस्तक्षेप करते हुए कोतवाल को विपक्षियों के खिलाफ दुखी यादव की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। इसके बाद किसानों ने धरना समाप्त किया। धरने में प्रदेश महासचिव आनंद प्रताप उर्फ बंटी सिंह, मुन्नी वर्मा, धर्मराज त्यागी, पिंटू चौबे, भोलानाथ गौतम, देवव्रत, सुरेश चंद्र, रामजीत विश्वकर्मा, राकेश यादव, हरीलाल सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। किसानों ने प्रशासन को चेताया कि यदि आगे से ऐसी घटनाएं दोहराई गईं, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।



पुलिस के खिलाफ धरने पर बैठे किसान। अमृत विचार

# कुत्ते के काटने पर नहीं कराया इलाज, किशोर ने तोड़ दिया दम

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** अखंडनगर थाना क्षेत्र के बेहराभारी निवासी सुरेंद्र पांडेय के घर आए रिश्तेदार अंकित मिश्रा पुत्र श्याम नारायण मिश्रा निवासी पटखौली, करौंदीकला शनिवार रात अपनी मां के साथ सो रहा था। रात में अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अखंडनगर लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने दवा देकर घर भेज दिया। लेकिन रात में आराम न मिलने पर रविवार सुबह उसकी हालत और बिगड़ गई।

परिजन उसे निजी वाहन से जिला अस्पताल अंबेडकरनगर लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में दोस्तपुर के पास उसकी सांसें रुक गईं। आनन-फानन में उसे सीएचसी दोस्तपुर लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौत का कारण शरीर में ज़हर फैलना बताया गया। मृतक के फूफा सुरेंद्र पांडेय ने बताया कि कुछ दिन पहले अंकित को कुत्ते ने काटा था, लेकिन परिवार ने इसे सामान्य समझकर इलाज नहीं कराया। शनिवार रात को उसकी तबीयत अचानक बिगड़ी, मुंह से झाग निकल रहा था। जुकाम-बुखार समझकर इलाज में हुई देरी जानलेवा साबित हुई। रविवार को परिजनों ने अंकित का शव उसके पैतृक गांव पटखौली करौंदीकला ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया।

# हर 15 दिन में मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करें सीएमओः डीएम

संवाददाता, सिद्धार्थनगर


बैठक लेते जिलाधिकारी। फोटो : अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने समस्त एमओआईसी को निर्देश दिए कि एनबीएसयू को क्रियाशील कराये। सभी प्रकार के उपकरण उपलब्ध होना चाहिए। सीसीटीवी कैमरे की रिकार्डिंग 14 दिन की उपलब्ध होना चाहिए। एफबीएनसी पोर्ट पर भर्ती बच्चों का सही डाटा फीड कराये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को मानीटरिंग करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही मेडिकल कालेज का 15 दिन पर निरीक्षण करे।

शिशु मृत्यु एवं मातृ मृत्यु दर की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि समस्त सीएचसी/पीएचसी के एमओआईसी द्वारा डेथ ऑडिट की सही रिपोर्ट उपलब्ध कराये। जिन एमओआईसी की प्रगति कम है उनका आडिट रिपोर्ट पूर्ण होने के बाद वेतन आहरित करने का निर्देश दिया। गलत रिपोर्टिंग नही होना चाहिए। 27 जून तक 30 प्रतिशत रिपोर्ट होना चाहिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जो आशा काम नही कर रही है उनके विरूद्ध कार्यवाही करे। माह जुलाई 2025 से बीएचएनडी दिवस बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों पर आयोजित किया जाये। अच्छा कार्य करने वाली आशाओ का सम्मानित करे। मेडिकल कालेज में सर्जरी, गाइनक, एनबीएसयू, वार रूम, मातृ शिशु मृत्यु रिपोर्ट, एनआरसी व अन्य विभागों का 15 दिन में प्रगति का प्रजेन्टेशन प्रस्तुत करने हेतु प्राचार्य, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक की उपस्थिति में प्रस्तुत करे। इसके साथ ही एमओआईसी का भी प्रजेन्टेशन प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिया। जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों को शत-प्रतिशत भुगतान करने का निर्देश दिया। इटवा, शोहरतगढ़ एवं डुमरियागंज का जननी सुरक्षा योजना के भुगतान की प्रगति कम पाये जाने पर सम्बन्धित बैम का 15 दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि आरसीएच पोर्टल पर सही डाटा फीड करायें, डाटा फीडिंग में गड़बड़ी मिलने पर सम्बंधित के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। आयुष्मान कार्ड की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अभियान चलाकर 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगो का आयुष्मान कार्ड बनावाये। इसके अलावा एएनसी, एचआरपी, आभा आई-डी, टीकाकरण अभियान, आदि की समीक्षा की गयी। काम न करने वाले डाक्टर, सीएचओ, आशा, एएनएम को नोटिस निर्गत करने का निर्देश दिया। लाभार्थियों को दी जाने वाली धनराशि का भुगतान कराने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने समस्त एमओआईसी को निर्देश दिया कि गर्भवती महिलाओ को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि समय से दिया जाये। जिलाधिकारी ने समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी मरीज को परेशान न किया जाये तथा बाहर की दवा न लिखे। इस बैठक में उपरोक्त के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा रजत कुमार चैरसिया, प्राचार्य मेडिकल कालेज डा राजेश मोहन, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा एके झा, जिला क्षय रोग अधिकारी डा एमएम त्रिपाठी, डैम राजेश मिश्रा आदि उपस्थित थे।

### डीएम ने बांधों का किया निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर ने बूढ़ी राप्ती नदी पर बने तनेजवा, भूतहिया बांध एवं कूड़ा नदी के इमलिया बांध का सोमवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा बांध पर कराये गये कार्यों को देखा गया। जिलाधिकारी ने अवशेष कार्य को समय से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। अति सम्वेदनशील स्थलों पर निगरानी करने का निर्देश दिया। बांध के रैन कट, रैट होल आदि जो भी अवशेष है उन्हें शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होना चाहिए। लापरवाही पाये जाने पर सम्बन्धित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अधिशासी अभियन्ता एवं सहायक अभियन्ता क्षेत्र में रहकर भ्रमण कर बन्धों की निगरानी करते रहे।

# बाढ़ से निपटने को 24 घंटे अलर्ट मोड में रहें सभी अधिकारीः डीएम

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक, दिए निर्देश

संवाददाता कुशीनगर


बैठक करते जिलाधिकारी कुशीनगर महेंद्र सिंह तंवर। अमृत विचार

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु बैठक संपन्न हुई। इस दौरान जिलाधिकारी ने बाढ़ से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिये।

बैठक के दौरान संबंधित विभागों से एक-एक कर हों रहे कार्यों की जानकारी ली गई। बाढ़ खंड, सिंचाई विभाग, राजस्व विभाग, जिला पूर्ति विभाग, चिकित्सा विभाग, पशुपालन विभाग ,पंचायती राज, कृषि विभाग, विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग तथा शिक्षा विभाग के द्वारा बाढ़ के दौरान किए जाने वाले संपूर्ण कार्यों एवं उनके दायित्वों के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा सर्व प्रथम टेंडर की जानकारी ली गई, तथा वितरण किए जाने वाले किट की उपलब्धता के संबंध में पुछ ताछ की गई, जिस पर अपर जिलाधिकारी द्वारा 100 किट कल तक उपलब्ध हो जाने की जानकारी दी गई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने पर कंट्रोल करने की जिम्मेदारी बाढ़ खंड की होगी,जिसके अंतर्गत बाढ़ नियंत्रण हेतु अन्य विभागों द्वारा सहयोग भी किया जाएगा। संभावित बाढ़ से निपटने की तैयारी के दृष्टिगत बाढ़ नियंत्रण कक्ष, जर्जर तटबंधों की मरम्मत, संवेदनशील तटबंधों की निगरानी बढ़ाने, तटबंधों की सुरक्षा हेतु आवश्यक संसाधनों की उचित व्यवस्था करने, ट्रैक्टर ट्रॉली के चालक सहित नंबर उपलब्ध कराने,नाव तथा नविको की व्यवस्था पूर्व से करने गोताखोरों की जानकारी इकट्ठा करने, रबर बोट के संचालकों को प्रशिक्षण देने तथा दैनिक नदियों के जलस्तर की सूचना जिला नियंत्रण कक्ष एवं समस्त अधिकारियों को प्रतिदिन व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से प्रेषित करने के निर्देश दिए। बैठक दौरान आपदा कंट्रोल रूम नंबर 05564 240590 के बारे में भी जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने आपात की स्थिति में प्रभावित क्षेत्रों में कानून व्यवस्था तथा अन्य पुलिस बल की तैनाती भी समय से करने एवं बाढ़ के दौरान प्रभावित क्षेत्रों से जनसमुदाय को बचाव हेतु एनडीआरएफ और एसडीआरएफ से समन्वय स्थापित कर सुरक्षा बल उपलब्ध कराने के निर्देश भी अपर जिलाधिकारी को दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा अधिशासी अभियंता बाढ़ खण्ड महेश कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# नदियां उफनाईं, सिद्धार्थ नगर में बाढ़ ने दस्तक दी

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** बीती रात हुई घनघोर बारिश के बाद नदियों का पानी जिस प्रकार मटमैला हुआ है वह जिले में सैलाब के खतरे की आहट है। दरसल जब नदियों के जलस्तर में वृद्धि के साथ नदियों का निथरा हुआ पानी मटमैला होता है, तो मतलब साफ है कि पडोस में नेपाल के पहाड़ों पर भारी बरसात हुई है और उसका पानी नदियों, नालों के माध्यम से नीचे तराई क्षेत्र में रफ्तार के साथ गिरना शुरू हो गया है। इस बार तो पहली ही बरसात में पानी ने आपना रंग बदल कर समय से पूर्व ही बाढ़ आने का साफ संकेत दे दिया है। डेनेज विभाग ने भी नदियों के जलस्तर के तेजी से बढ़ने की सूचना दी है।

ड्रेनेज विभाग क अनुसार जिले की सारी नदियों के जलस्तर में वृद्धि हो रही है। सबसे तेज बढ़ाव की सूचना बानगंगा नदी के जलस्तर में है। बानगंगा का चेतावनी का जलस्तर 92.42 मीटर है। इस समय उसका जलस्तर 92.70 पहुंच गया है। यानी यह पहाड़ी नदी अब खतरे के स्तर 93.42 से मात्र 70 सेमी नीचे रह गई है। विभाग ने जनपद की राप्ती, बूढ़ी राप्ती, कूड़ा, घोघी आदि नदियों के जलस्तर में वृद्धि दी सूचना दी है। जहां तक बाढ़ राहत, बाढ़ से बचाव व तटबंघों के गैप भरे जाने आदि का सवाल है तो इस दिशा में अभी कोई सक्रियता नजर नहीं आती। शाहपुर_भोजपूर तटबंध में अभी भी दो गैप भरे नहीं जा सके हैं। बंजरहा कटान पर काम नहीं हुआ, इसके अलावा बूढ़ी राप्ती नदी पर अमरिया कटान पर कोई काम नहीं हुआ है। यही नहीं डुमरियागंज में राप्ती तटबंध से पानी के ओवर फलों का खतरा है। जिसके कारण शाहपुर-सिंगारजोत जैसा व्यस्ततम मार्ग पिछले सैलाब में एक पखवारे तक बंद रहा था, इस बार भी उस पर कोई काम नहीं हुआ। इसी प्रकार बांसी तहसील मुख्यालय को बचाने के लिए बासी सुरक्षात्मक बांध भी कमजोर बताया जा रहा है। इस बारे में डेनेज खंड के अधिकारियों का कहना है कि समय से सब काम पूरा हो जायेगा।

# नॉन इंटरलॉक कार्य से कई ट्रेनें रद

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे के गोंडा-बाराबंकी खंड पर तीसरी लाइन निर्माण के परिप्रेक्ष्य में प्री-नॉन इंटरलॉक व नॉन इंटरलॉक कार्य के कारण पूर्व में अधिसूचित निम्नलिखित गाड़ियों के निरस्तीकरण, शार्ट टर्मिनेशन व शार्ट ओरिजिनेशन एवं स्टेशन पर दिये गये ठहराव को स्थगित किया गया है।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि गाड़ी संख्या 55091 गोंडा-सीतापुर सिटी सवारी गाड़ी संशोधित तिथि 24 जून से 4 जुलाई तक, गाड़ी संख्या 55092 सीतापुर सिटी-गोंडा सवारी गाड़ी संशोधित तिथि 25 जून से 05 जुलाई तक, गाड़ी संख्या 55033/55034 गोंडा-सीतापुर-गोंडा सवारी गाड़ी संशोधित तिथि 24 जून से 04 जुलाई तक, गाड़ी संख्या 55059/55060 सीतापुर शाहजहाँपुर-सीतापुर सवारी गाड़ी 24 जून से 04 जुलाई तक निरस्त रहेगी। शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल, बेंगलुरु से 30 जून को चलने वाली 06529 सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल, बेंगलुरु-गोमती नगर विशेष गाड़ी गोमती नगर के स्थान पर बनारस स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी बनारस-गोमती नगर के मध्य निरस्त रहेगी। गोमती नगर से 04 जुलाई को चलने वाली 06530 गोमतीनगर-सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल, बेंगलुरु विशेष गाड़ी गोमती नगर के स्थान पर बनारस से चलाई जायेगी। यह गाड़ी गोमतीनगर-बनारस के मध्य निरस्त रहेगी। ठहराव स्थगन आनन्द विहार टर्मिनल से 29 जून से 03 जुलाई तक चलने वाली 15274 आनन्द विहार टर्मिनल-रक्सौल एक्सप्रेस जरवल रोड एवं करैनलगंज स्टेशनों पर नहीं रूकेगी। रक्सौल से 30 जून से 04 जुलाई तक चलने वाली 15273 रक्सौल-आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस करैनलगंज एवं जरवल रोड स्टेशनों पर नहीं रूकेगी। बान्द्रा टर्मिनस से 28 जून से 02 जुलाई तक चलने वाली 19037 बान्द्रा टर्मिनस-बरौनी एक्सप्रेस जरवल रोड एवं करैनलगंज स्टेशनों पर नहीं रूकेगी। बरौनी से 30 जून से 04 जुलाई तक चलने वाली 19038 बरौनी-बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस करैनलगंज एवं जरवल रोड स्टेशनों पर नहीं रूकेगी। गोमती नगर से 30 जून से 04 जुलाई तक चलने वाली 15082 गोमती नगर-गोरखपुर एक्सप्रेस जरवल रोड एवं करैनलगंज स्टेशनों पर नहीं रूकेगी। गोरखपुर से 30 जून से 04 जुलाई तक चलने वाली 15081 गोरखपुर-गोमती नगर एक्सप्रेस करैनलगंज एवं जरवल रोड स्टेशनों पर नहीं रूकेगी।

# ब्लाक दिये जाने से कई ट्रेनों का शॉर्ट टर्मिनेशन

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुविधा में उन्नयन एवं संरक्षा के दृष्टिगत उत्तर रेलवे के कानपुर पुल वाया किनारा-मगरवारा स्टेशनों के मध्य पुल संख्या-109 तथा सोनिक स्टेशन यार्ड में स्थित पुल संख्या-77 पर गर्डर कार्य हेतु ब्लाक दिये जाने के कारण गाड़ियों का शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन, मार्ग परिवर्तन तथा पुनर्निर्धारण/नियंत्रण किया जायेगा।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन लखनऊ जं से 25 जून को चलने वाली 12179 लखनऊ जं-आगरा फोर्ट इण्टरसिटी एक्सप्रेस लखनऊ जं के स्थान पर कानपुर सेण्ट्रल से चलाई जायेगी। आगरा फोर्ट से 25 जून को चलने वाली 12180 आगरा फोर्ट-लखनऊ जं0 इण्टरसिटी एक्सप्रेस लखनऊ जं के स्थान पर कानपुर सेण्ट्रल में यात्रा समाप्त करेगी। मार्ग परिवर्तन नई दिल्ली से 25 जून को चलने वाली 12004 नई दिल्ली-लखनऊ जं. शताब्दी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गाजियाबाद-मुरादाबाद-लखनऊ जं. के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव अलीगढ़, टूंडला, इटावा, फफूँद, कानपुर सेंट्रल स्टेशनों पर नही रहेगा। पनवेल से 24 जून को चलने वाली 15066 पनवेल-गोरखपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कानपुर सेंट्रल-प्रयागराज जं.-फफामऊ-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं.-सुलतानपुर-अयोध्या कैंट-अयोध्या धाम-मनकापुर-गोंडा के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव लखनऊ एवं बाराबंकी स्टेशनों पर नही रहेगा।

### मानव तस्करी रोकने को रेलवे प्रयासरत

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा, रेल सम्पत्ति की सुरक्षा, अवैध सामानों की धर-पकड़, यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही बचपन बचाओ अभियान के तहत मानव तस्करी की रोकथाम का निरंतर प्रयास किया जाता है। इसी क्रम में 22 जून 2025 को रेलवे सुरक्षा बल व अपराध आसूचना शाखा छपरा द्वारा गाड़ी सं. 14617 के छपरा प्लेटफार्म 1 से यात्री चलती गाड़ी में चढ़ने के प्रयास में गाड़ी एवं प्लेटफार्म के बीच में फंस गया, जिसे सुरक्षित बाहर निकाल कर यात्री की जान बचायी गयी। 22 जून 2025 को रेलवे सुरक्षा बल ऐशबाग को प्लेटफार्म 4 पर 3 नाबालिग लड़के उम्र लगभग 13, 12 एवं 10 वर्ष घूमते हुए मिले, जिन्हें बचपन बचाओ आंदोलन समिति को सुपुर्द किया गया। 20 जून 2025 को रेलवे सुरक्षा बल गोरखपुर को प्लेटफार्म 2 पर 2 नाबालिग लड़कियां मिलीं, जिन्हें चाइल्ड लाइन गोरखपुर को सुपुर्द किया गया।

कार्यक्रम | भारतीय जनसंघ के संस्थापक के बलिदान दिवस पर भाजपा जिला कार्यालय पर हुई संगोष्ठी

# सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के पुरोधा थे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी

संवाददाता, सिद्धार्थनगर


भाजपा जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में संगोष्ठी का आयोजन। फोटो : अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक, राष्ट्रवादी विचारक डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान की अध्यक्षता में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद संतकबीरनगर अष्टभुजा शुक्ला ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे के उद्घोषक, भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान भारतवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्हें सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का पुरोधा बताते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर और पश्चिम बंगाल को भारत का अभिन्न हिस्सा बनाए रखने के लिए आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने जनसंघ की स्थापना कर वैकल्पिक राजनीतिक विचारधारा प्रस्तुत की, जो आज भाजपा के रूप में देश की सबसे बड़ी पार्टी बनी है।

जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने अपने उद्बोधन में कहा, डॉ. मुखर्जी ने निडर होकर पंडित नेहरू की नीतियों का विरोध किया और वैकल्पिक राजनीति की नींव रखी। उनका यह विचार आज भी भाजपा की प्रेरणा है। धारा 370 को हटाकर और राम मंदिर का पुनर्निर्माण कर प्रधानमंत्री मोदी ने उनके सपनों को साकार किया है। कार्यक्रम के उपरांत उत्तर प्रदेश उपभोक्ता सहकारी संघ लिमिटेड आजमगढ़,बस्ती,गोरखपुर मंडल निर्वाचन क्षेत्र से डायरेक्टर पद पर जनपद निवासी भाजपा नेता दिलीप चतुर्वेदी के निर्विरोध निर्वाचित होने के उपरांत भाजपा कार्यालय पर प्रथम आगमन पर जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं द्वारा दिव्य भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया।उक्त अवसर पर उत्तर प्रदेश उपभोक्ता सहकारी संघ के डायरेक्टर दिलीप चतुर्वेदी,पूर्व जिलाध्यक्षगण राम कुमार कुंवर,लाल जी त्रिपाठी,साधना चौधरी,राम नेवास यादव,जिला महामंत्री विपिन सिंह,विजयकांत चतुर्वेदी,क्षेत्रीय महामंत्री किसान मोर्चा रामानन्द उर्फ नन्हे,जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य,गौरीशंकर अग्रहरि,घनश्याम मिश्रा,जिलामंत्री अजय उपाध्याय,चेयरमैन अजय गुप्ता,जिला मीडिया प्रभारी निशांत पाण्डेय,ब्लॉक प्रमुख प्रति० खुनियांव राजेंद्र दूबे,मंगल चौरसिया आदि उपस्थित रहें।

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पौधरोपण

**गोरखपुर , अमृत विचार।** सहजनवा ब्लाक के ग्राम पंचायत हरपुर में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर वन विभाग के द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में एक पेड़ मां के नाम पर वृहद वृक्षारोपण किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंचायती राज सलाहकार,/प्रधान मदन मुरारी ने कहा कि वृक्ष हमारे पर्यावरण को संतुलित बनाए रखते है। जो मानव के लिए बहुत ही लाभकारी होता है। वृक्ष हमको आक्सीजन देने के साथ कार्बन ऑक्साइड को ग्रहण करते है। इसलिए लिए हम सभी की जिम्मेदारी है कि एक वृक्ष जरूर लगाए। जिससे पर्यावरण में संतुलन बना रहे।इस दौरान रेंजर देवेंद्र कुमार,चंद्रकेश यादव,नरेंद्र राय,दीपक कुमार,अरुण कुमार शुक्ल सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## सार-संक्षेप

### एनएच के बीच आ रही मकानों पर चला बुलडोजर

**कुशीनगर अमृत विचार :** जिले के तमकुहीराज तहसील को पडोसी जनपद देवरिया के सलेमपुर से जोड़ने वाली सड़क के कार्यों में तेजी लाने को लेकर सोमवार को तमकुही राज तहसील प्रशासन द्वारा नायब तहसीलदार कुंदन वर्मा के अगुवाई में बुलडोजर चलाकर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी।नायब तहसीलदार ने बताया कि सरकार की मंशा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यो में तेजी लाया जाए ताकि आम जनमानस को शीघ्र राष्ट्रीय राजमार्ग शुलभ हो सकें। यह सड़क एक तरफ कुशीनगर को बिहार के कुछ गावों से जोडती है तो दूसरी ओर यूपी के कुशीनगर से देवरिया को भी जोड़ती है। उन्होंने कहा कि आज उन मकानों को ध्वस्त किया जा रहा है जो सड़क क्षेत्र में चिन्हित है और उनके मुआवजे जमीन मालिक को दिया जा चुका है।

### राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने सौपा ज्ञापन

**कुशीनगर अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का प्रतिनिधिमंडल 15000 शिक्षक भर्ती के शिक्षकों के वार्षिक वेतन वृद्धि की विसंगति को दूर करने के लिए प्रभारी वित्त व लेखाधिकारी कुशीनगर से मिल ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि कुशीनगर में लगभग ढाई सौ शिक्षक इस विसंगति से प्रभावित है।मंडल अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि दिनांक 28 जून 2016 को शिक्षकों को नियुक्ति आदेश प्राप्त हुआ परंतु 29 और 30 को ग्रीष्मावकाश व दिनांक 01 जुलाई को सार्वजनिक अवकाश रमजान पड़ जाने के कारण नियुक्त शिक्षकों को दिनांक 2 जुलाई 2016 को विद्यालय में कार्यभार ग्रहण कराया गया। प्रथम वार्षिक वेतन वृद्धि 1 जनवरी 2017 से न देकर 1 जुलाई 2017 को प्रदान किया गया जो की पूरी तरह से गलत और अव्यावहारिक है,जबकि सातवें वेतन आयोग में प्रथम वार्षिक वृद्धि 6 माह पूर्ण होने पर ही दिए जाने का प्रावधान है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अविनाश शुक्ला, राजेश तिवारी,सुधीर उपाध्याय,दिलीप पाण्डेय, अनिरुद्ध त्रिपाठी,महेश कर्णधार, शैलेष कुमार आदि उपस्थित रहे।

### नहर में उतराता मिला युवक का शव

**कुशीनगर अमृत विचार :** हाटा कोतवाली क्षेत्र के विशुनपुरा गांव के समीप बैतालपुर रजवाहा बड़ी नहर में सोमवार की सुबह एक शव तैरता देख लोगों ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान की कोशिश की। जिसकी पहचान शुभम मोदनवाल पुत्र शैलेन्द्र मोदनवाल उम्र 19 वर्ष निवासी बोदरवार थाना कप्तानगंज कुशीनगर के रूप में हुई। पुलिश ने शव को कब्जे में लेकर विधिक करवाई के बाद पीएम के लिए भेज दिया। जानकारी होने पर मृतक के परिजन मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने हत्या की आंशका व्यक्त की है।

### गुणवत्ता नहीं मिलने पर नाली तोड़ने का आदेश

**सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** पकड़ी चौराहे पर जिला पंचायत से 43 लाख से 500 मीटर नाली का निर्माण किया गया था। इसका स्थलीय निरीक्षण जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर. ने 15 मई को निरीक्षण किया। नाली निर्माण में गुणवत्ता सही न मिलने पर जिलाधिकारी ने टीम गठित कर इसकी जांच का आदेश दिया। डीएम के निर्देश पर जिला पंचायत की ओर से बनाई गई दो सदस्यीय टीम ने जिला विकास अधिकारी जेपी कुशवाहा की अगुवाई में 16 मई को पकड़ी से पिपरी मार्ग पर हो रहे नाली निर्माण की जांच की, जिसमें नाली के फर्श को जो सही नहीं था, नाली की दीवार की मोटाई को नपवाकर देखा तो मोटाई 10 सेमी से भी कम थी। इस पर रखने के लिए बनाए गए ढक्कन की मोटाई भी कम पाई गई तथा इसमें प्रयोग मटेरियल भी सही नहीं मिला।नाली निर्माण में कमी मिलने पर जिलाधिकारी ने पकड़ी चौराहे पर बनी नाली को तूड़वा कर ठेकेदार को दोबारा निर्माण कार्य कराने का निर्देश दिया। एक माह बाद नाली ढहाने का कार्य शुरू हो गया है। जल्द ही दोबारा नाली का निर्माण होगा। इससे बारिश में होने वाली जलभराव की समस्या दूर हो जाएगी। नाली को ढहाए जाने पर लोगों का कहना है कि अब गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य होगा।

### हर कायस्थ बहुल गांवों में संगठन बनाएगी महासभा

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।**अखिल भारतीय कायस्थ महासभा तहसील इकाई बांसी की एक आवश्यक बैठक श्रीवास्तव कॉलोनी कार्यालय पर राजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें संगठन को मजबूत बनाने सहित तमाम बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य सतीश चंद्र विजय ने कहा कि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा तहसील इकाई बांसी के विस्तार के लिए सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी को एकजुट होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही कायस्थ बाहुल्य गांव में संगठन की बैठक होगी और कायस्थों को जागरूक करने और संगठित करने के पूरे प्रयास किए जाएंगे। जिला महामंत्री सुरेंद्र लाल श्रीवास्तव ने कहा कि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के साथ ही साथ कायस्थ पार्टी को भी पूरी तरह विस्तार करना है और उसके पदाधिकारियो कर शीघ्र चयन कर लिया जाएगा। नगर पालिका परिषद बांसी के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि जब तक कायस्थ जागरूक नहीं होंगे तब तक संगठित नहीं हो सकते इसके लिए उन्हें संगठित होना होगा और अपने समाज में जागरूकता पैदा करनी होगी। कायस्थ पार्टी के जिला अध्यक्ष अंबिकेश श्रीवास्तव ने कहा कि गांव-गांव में कायस्थ पार्टी के पदाधिकारी बनाए जाएंगे और शीघ्र इस बारे में बैठक की जाएगी। बैठक में अभिषेक श्रीवास्तव रवि श्रीवास्तव, रामेश्वर श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव, राहुल श्रीवास्तव, कुंवर श्रीवास्तव, अमन श्रीवास्तव, अंकुर श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव, रत्नेश श्रीवास्तव, संदीप कुमार श्रीवास्तव सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### पांच दर्जन आशा बहुओं को कारण बताओ नोटिस

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार ।विकास खण्ड भनवापुर के सीएचसी सिरसिया के अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा ने आशाओं की समीक्षा बैठक के बाद खराब कार्य करने वाली पांच दर्जन आशाओं को लापरवाह बताते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया। है। डॉक्टर शैलेंद्र ने सोमवार को बताया कि आशाओं द्वारा आभा कार्ड, आयुष्मान कार्ड, सरकारी संस्थागत प्रसव, गर्भवती महिलाओं का शीघ्र पंजीकरण, प्रधानमंत्री सुरक्षित अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की जांच व नियमित टीकाकरण आदि महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का अपने गांव में प्रचार-प्रसार करते हुए ग्राम वासियों को लाभान्वित नहीं किया जा रहा है। इस कारण से कहीं न कहीं अपेक्षित प्रगति नहीं हो पा रही है। खराब कार्य करने वाली आशा बहू अफसाना, सुभावती, मीरा, नीलम, शीला, शिवकुमारी, राजेश्वरी, किरन, गुड़िया, अनीता, जूही, प्रभावती, खुशबू, सुशीला, गुड़िया आदि 60 को चेतावनी व स्पष्टीकरण पत्र जारी किया गया है।उन्होंने बताया कि कार्य में अपेक्षित सुधार न होने की स्थिति में प्रोत्साहन राशि बाधित करते हुए आशा पद से निष्कासन की भी प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। बीओसी सुषमा द्विवेदी ने आशा बहुओं को ई-कवच पोर्टल से आभा कार्ड, ग्राम सर्वे तथा अंतिम मासिक तिथि अपडेट व नवजात शिशु देखभाल करने के लिए प्रशिक्षित किया।

### कुसुम यादव को मिली शोध की उपाधि

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु से कुसुम यादव ने शोध की उपाधि प्राप्त कर की है। हिन्दी विभाग के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व अधिष्ठाता कला संकाय एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो0 हरीश कुमार शर्मा के निर्देशन में कुसुम देवी की विश्वविद्यालय में आयोजित शोध मौखिक विषय अवधि के संस्कार गीतों में अभिव्यक्ति स्त्री- सम्वेदना" पर सम्पन्न हुई। जिसमें बाह्य परीक्षक इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रयागराज के प्रोफेसर अमरेन्द्र त्रिपाठी रहे। अधिष्ठाता कला संकाय प्रोफेसर नीता यादव, हिन्दी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर सत्येन्द्र कुमार दूबे, शिवपति पीजी कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर अरविन्द सिंह, डॉ शिवेन्द्र सिंह, कार्यालय सहायक आशीष यादव, राजेश यादव ने शुभकामनाएं दी है।

### नवागत बीईओ ने संभाला कार्यभार

**शोहरतगढ़ ,सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** नौगढ़ खण्ड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार ने ब्लॉक संसाधन केन्द्र बढ़नी पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। इस मौके पर शिक्षकों ने खण्ड शिक्षा अधिकारी बढ़नी अरुण कुमार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी बढ़नी अरुण कुमार ने शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा शिक्षक पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। पूर्व में खण्ड शिक्षा अधिकारी बढ़नी रहे रामू प्रसाद का बर्डपुर स्थानान्तरण होने पर शिक्षकों ने उन्हें ससम्मान विदाई दी। संचालन डा आशुतोष सिंह ने किया। इस दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष बढ़नी जावेद आलम, मंत्री नरेन्द्र मणि त्रिपाठी, निसार अहमद, अटेवा शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष बढ़नी दिनेश मिश्रा, राजेश कुमार यादव, सत्येन्द्र सिंह, अरविन्द आर्या, राम नारायण, महेन्द्र मिश्रा, पुजारी प्रसाद, बच्चन राम, रामकरन चौरसिया, सुरेश कुमार यादव मौजूद रहें।6

### जेल भरो आंदोलन को लेकर व्यापक जनसंपर्क

**गोरखपुर, अमृत विचार।** लखनऊ में हुई बिजली महापंचायत में निजीकरण के विरोध में व्यापक जन आन्दोलन चलाने और जेल भरो आंदोलन के निर्णय के दृष्टिगत आज विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र ने समस्त जनपदों और परियोजनाओं पर व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया और सभाएं कर बिजली कर्मियों को बिजली महापंचायत के फैसले की जानकारी दी। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों इं. पुष्पेन्द्र सिंह, इं. जीवेश नन्दन, इं. जितेन्द्र कुमार गुप्त, प्रभुनाथ प्रसाद, संगमलाल मौर्य, इस्माइल खान, संदीप श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, जगन्नाथ यादव, राकेश चौरसिया, राजकुमार सागर, विजय बहादुर सिंह, करुणेश त्रिपाठी, ओम गुप्ता, एवं सत्यव्रत पांडे तथा जेई संगठन के पदाधिकारियों इं. शिवम चौधरी, इं. अमित यादव, इं. विजय सिंह, इं. भारतेन्दु चौबे एवं इं. रणंजय पटेल ने बताया कि निजीकरण के विरोध में चलने वाले सामूहिक जेल भरो आंदोलन में प्रत्येक जनपद में सरकारी कर्मचारियों, शिक्षकों, किसानों और उपभोक्ताओं को जोड़ने की दृष्टि से व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा।

# पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से सहमा बाजार

## आईटी, प्रौद्योगिकी एवं वाहन शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स में 511 तो निफ्टी में 140 अंक की गिरावट

**मुंबई, एजेंसी**

ईरान के तीन प्रमुख परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिकी बमबारी के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजार में खासी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 511 अंक फिसल गया जबकि निफ्टी में 140 अंक से अधिक का नुकसान रहा।

विश्लेषकों ने कहा कि ईरान और इजराइल के बीच जारी संघर्ष में अमेरिकी दखल ने पश्चिम एशिया को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), प्रौद्योगिकी एवं वाहन शेयरों में बिकवाली से भी निवेशक धारणा पर असर पड़ा। बीएसई का सेंसेक्स उतार-चढ़ाव से भरे कारोबार में 511.38 अंक की गिरावट के साथ 81,896.79 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 931.41 अंक यानी 1.13 प्रतिशत गिरकर 81,476.76 अंक पर आ गया था लेकिन बाद में इसने अपने कुछ नुकसान की भरपाई की। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 140.50 अंक गिरकर 24,971.90 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में एचसीएल टेक, इन्फोसिस, लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और मारुति में सबसे ज्यादा गिरावट रही। इसके उलट, ट्रेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, बजाज फाइनेंस और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर बढ़त में रहे।

मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा कि इजराइल-ईरान संघर्ष में अमेरिकी दस्तक ने तनाव बढ़ा दिया है, जिससे घबराए निवेशकों ने शुरुआती घंटे में जमकर बिकवाली की। अगर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तो हमारा आयात बिल बढ़ेगा और स्थानीय मुद्रा में तेज गिरावट आएगी। इससे महंगाई बढ़ने का भी जोखिम होगा। हालांकि, तापसे ने कहा कि चार सत्रों में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के 10,000 करोड़ रुपये से अधिक की लिवाली करने से अनिश्चितता के दौर में भारत की मजबूत बुनियाद का पता चलता है।

प. एशिया में संकट गहराने के बीच वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.49 प्रतिशत बढ़कर 77.39 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। अमेरिका ने ईरान के तीन प्रमुख परमाणु स्थलों- फोर्दो, नतांज और इस्फहान पर बमबारी की है। इससे होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते होने वाले कच्चे तेल कारोबार पर अनिश्चितता बनी है। हालांकि, व्यापक बाजार में तेजी का माहौल रहा।



● कारोबार के दौरान सेंसेक्स में आई थी 931.41 अंक की गिरावट

### स्मॉलकैप और मिडकैप में रही बढ़त, कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल

बीएसई का स्मॉलकैप में 0.57 और मिडकैप में 0.20 प्रतिशत की बढ़त रही। बीएसई में सूचीबद्ध 2,204 कंपनियों के शेयर गिरावट पर रहे जबकि 1,854 शेयरों में तेजी रही और 182 अन्य के भाव अपरिवर्तित रहे। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, शुक्रवार को प. एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद में बाजार में तेजी आई थी, लेकिन सप्ताहांत में ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर अप्रत्याशित अमेरिकी हवाई हमले ने उन उम्मीदों को तोड़ दिया। इससे कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया और घरेलू शेयर बाजार सीमित दायरे में रहा। शुरुआती झटके के बावजूद, पूंजीगत वस्तुओं और धातु शेयरों में बढ़त से बाजार ने अपने नुकसान की कुछ भरपाई की, क्योंकि तेल आपूर्ति में तत्काल किसी व्यवधान की आशंका कम रही। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 7,940.70 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की थी।

# डेरिवेटिव : निवेश का संतुलित दृष्टिकोण

डेरिवेटिव वित्तीय बाजार का जटिल लेकिन महत्वपूर्ण साधन है, जिसकी कीमत किसी अन्य संपत्ति जैसे शेयर, बॉण्ड, कमोडिटी, करेंसी या सूचकांक पर आधारित होती है। यह अनुबंध है, जो दो पक्षों के बीच भविष्य में किसी निश्चित तिथि पर, किसी निश्चित कीमत पर उस संपत्ति को खरीदने या बेचने के लिए किया जाता है। निवेशक डेरिवेटिव का उपयोग हेजिंग (जोखिम कम करने), सट्टा, और पोर्टफोलियो विविधता के लिए करते हैं। हालांकि इसमें अधिक लाभ की संभावना होती है, लेकिन अत्यधिक जोखिम भी है।



### क्या है डेरिवेटिव

● डेरिवेटिव वित्तीय अनुबंध है, जिसकी कीमत किसी वास्तविक संपत्ति पर आधारित होती है। उदाहरण के लिए, यदि किसी स्टॉक का डेरिवेटिव खरीदा गया है, तो उसका मूल्य उस स्टॉक की कीमत में हुए उतार-चढ़ाव पर निर्भर करेगा। यह मुख्यतः चार प्रकार के होते हैं : फॉरवर्ड, फ्यूचर्स, ऑप्शंस, स्वैप्स।

### निवेशकों को संभावित लाभ

- **जोखिम प्रबंधन :** डेरिवेटिव का उपयोग जोखिम को हेज करने में किया जा सकता है।
- **कम पूंजी में उच्च लाभ :** निवेशक कम पूंजी में बड़ा सौदा कर सकते हैं।
- **पोर्टफोलियो विविधता :** इससे विभिन्न बाजारों में निवेश करना आसान होता है।
- **लिक्विडिटी :** प्रमुख डेरिवेटिव्स एक्सचेंज में आसानी से खरीदे-बेचे जा सकते हैं।

### संभावित जोखिम

- **उच्च अस्थिरता :** मूल्य तेजी से ऊपर-नीचे होते हैं।
- **उत्तोलन का खतरा :** मूल्य में बदलाव हानिकारक।
- **समझ की जटिलता :** आम निवेशकों के लिए कठिन और तकनीकी होते हैं
- **क्लियरिंग रिस्क :** ओवर-द-काउंटर डेरिवेटिव्स में पक्षों के बीच भरोसे का खतरा।

### उपयोगी उपकरण

डेरिवेटिव्स पेशेवर निवेशकों और संस्थागत प्रतिभागियों के लिए उपयोगी उपकरण हैं, परंतु आम निवेशक को पूरी जानकारी और मार्गदर्शन लेना चाहिए। बिना रणनीति निवेश हानि दे सकता है।

# वहनीयता अब नारा नहीं, जरूरत है: मुर्मू

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि वहनीयता (किसी वस्तु या सेवा को खरीदने या उपयोग करने की क्षमता) अब एक नारा नहीं बल्कि एक आवश्यकता है। राष्ट्रीय राजधानी में 'इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया' के 12वें राष्ट्रीय छात्र दीक्षांत समारोह 2025 में राष्ट्रपति ने यह बात कही।

जलवायु परिवर्तन के संकट का उल्लेख करते हुए मुर्मू ने कहा कि वहनीयता अब एक नारा नहीं रह गया है, बल्कि यह एक आवश्यकता बन गई है। उन्होंने यह भी कहा कि अब समय वह नहीं है कि कॉरपोरेट संगठन केवल लाभ कमाने के उद्देश्य से काम करें बल्कि अब उन्हें पर्यावरणीय लागतों को ध्यान में रखना होगा। मुर्मू ने कहा कि इसमें आप (लागत लेखाकार) अपने कौशल से ग्रह के भविष्य में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि लेखांकन और जवाबदेही का संबंध गहरा है। कार्यक्रम में कॉर्पोरेट मामलों की सचिव दीप्ति गौड़ मुखर्जी ने लागत एवं प्रबंधन लेखाकारों से प्रौद्योगिकी, नवाचार और तत्परता अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि देश को 30000 अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के सफर में लागत और प्रबंधन लेखाकारों की महत्वपूर्ण भूमिका है।



आईसीएमएआई के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

# बॉण्ड के जरिए 18,000 करोड़ रुपये जुटाएगा एनटीपीसी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी घरेलू बाजार में निजी आवंटन के आधार पर गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) यानी बॉण्ड जारी कर 18,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए शेयरधारकों की मंजूरी मांगेगी। सरकारी स्वामित्व वाली एनटीपीसी ने सोमवार को पोस्टल बैलट नोटिस जारी कर इलेक्ट्रॉनिक मतदान के जरिये विशेष प्रस्ताव पर सदस्यों की मंजूरी मांगी। शेयर बाजार को दी सूचना के मुताबिक, एनटीपीसी 18,000 करोड़ के एनसीडी यानी बॉण्ड जारी करके कोष जुटाने के लिए यह प्रस्ताव ला रही है। यह राशि विशेष प्रस्ताव पारित होने की तारीख से एक वर्ष पूरा होने तक की अवधि में घरेलू बाजार में निजी आवंटन के माध्यम से एक या अधिकतम 12 किस्तों में जुटाई जाएगी। कंपनी के निदेशक मंडल ने 21 जून को बॉण्ड के लिए शेयरधारकों की मंजूरी के संबंध में डाक मतपत्र के मसौदा नोटिस पर विचार किया और उसे मंजूरी दी।

# ईरान भेजा 1 लाख टन चावल बंदरगाहों पर अटका


**नई दिल्ली, एजेंसी**

इजरायल-ईरान संघर्ष से ईरान जाने वाला 1 लाख टन बासमती चावल भारतीय बंदरगाहों पर फंसा है। अखिल भारतीय चावल निर्यातक संघ ने सोमवार को यह जानकारी दी।

संघ के अध्यक्ष सतीश गोयल ने कहा कि ईरान जाने वाला 1 लाख टन बासमती चावल फिलहाल बंदरगाहों पर फंसा है। भारत के कुल बासमती चावल निर्यात में ईरान की 18-20 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। गोयल ने बताया कि निर्यात खेप मुख्य रूप से गुजरात के कांडला और मुंद्रा बंदरगाहों पर रुकी है, जहां प. एशिया संघर्ष से ईरान जाने वाले माल के लिए न तो जहाज उपलब्ध हैं और न बीमा। अंतर्राष्ट्रीय संघर्ष, आमतौर पर मानक शिपिंग बीमा पॉलिसियों के तहत कवर नहीं होते हैं, जिससे निर्यातक अपनी खेप भेजने में असमर्थ हैं। निर्यात खेप में देरी और भुगतान को लेकर अनिश्चितता गंभीर वित्तीय तनाव पैदा कर सकती है।

उन्होंने कहा कि घरेलू बाजार में बासमती चावल की कीमतें पहले ही चार-पांच रुपये प्रति किलो तक गिर चुकी हैं। इस मुद्दे पर संघ, कृषि-निर्यात संवर्धन निकाय एपीडा के संपर्क में है। संकट पर चर्चा के लिए 30 जून को केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ बैठक निर्धारित है। सऊदी अरब के बाद ईरान भारत का दूसरा सबसे बड़ा बासमती चावल बाजार है। भारत ने मार्च में समाप्त हुए वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान ईरान को 10 लाख टन सुगंधित अनाज का निर्यात किया। भारत ने 2024-25 के दौरान 60 लाख टन बासमती चावल का निर्यात किया, जिसकी मांग पश्चिम एशियाई बाजारों से प्रेरित थी।

पश्चिम एशिया संघर्ष



● भारत के कुल चावल निर्यात में ईरान की 18-20% की हिस्सेदारी

## राष्ट्रीय

### एक नजर

#### बम विस्फोट में लड़की की मौत, कार्रवाई के निर्देश

**कोलकाता।** प. बंगाल के नदिया जिले के कालीगंज में सोमवार को बम विस्फोट में एक लड़की की मौत हो गई। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पुलिस को दोषियों पर कार्रवाई करने का आदेश दिया। यह घटना कालीगंज विधानसभा सीट के उपचुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद हुई। एक अधिकारी ने बताया कि अख्तर शेख नामक व्यक्ति को बम विस्फोट में लड़की की मौत में कथित संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किया गया है। लड़की 13 वर्षीय तमन्ना खातून थी, तथा उसे बम के छर्रे लगे थे।

#### 4,536 कारतूस बरामद छह लोग गिरफ्तार

**पटना।** बिहार पुलिस ने कैमूर और नालंदा जिलों में छापेमारी के बाद दो महिलाओं समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 4,536 कारतूस बरामद किए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। आरोपियों में कुमार अभिजीत, शत्रुघ्न कुमार, विशाल कुमार एवं राजेंद्र प्रसाद है, जबकि दो महिलाओं का नाम नहीं बताया गया है। आरोपी उत्तर प्रदेश के कानपुर से अवैध रूप से कारतूस खरीदकर बिहार के काला बाजार में बेचने वाले गिरोह का हिस्सा हैं।

#### ऐश्वर्या गौड़ा धोखाधड़ी में चार करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी ने सोमवार को कहा कि उसने कर्नाटक निवासी ऐश्वर्या गौड़ा के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत चार करोड़ की संपत्ति कुर्क की है। वहीं इस मामले में कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री शिवकुमार के भाई सुरेश बेंगलुरु में संघीय जांच एजेंसी के समक्ष पेश हुए और इस मामले में अपना बयान दर्ज कराया।

# ऑपरेशन सिंदूर से आतंकियों में पनपा डर

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- आतंक के खिलाफ भारत ने सभी उद्देश्य कर लिए हासिल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' ने सभी उद्देश्य हासिल कर लिए और आतंकवादियों के मन में डर पैदा करने में सफल रहा। वह राष्ट्रपति भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

सिंह ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यकाल के दूसरे साल में उनके द्वारा दिए गए 51 भाषणों का एक संग्रह जारी किया। सिंह ने मुर्मू की सराहना की और कहा कि वह इस पुस्तक - 'विंग्स टू आवर होप्स, वॉल्यूम 2' को भारत के भविष्य की पटकथा लिखने वाला दस्तावेज मानते हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह किताब पिछले खंड की तरह ही शासन, समावेशिता और राष्ट्रीय आकांक्षाओं पर विकसित हो रहे विमर्श को प्रस्तुत करती है।

सिंह ने अपने संबोधन में पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में मई में भारत की ओर से शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने सभी लक्ष्य हासिल कर लिए। रक्षा मंत्री ने कहा कि यह आतंकवादियों के मन में डर पैदा करने में भी सफल रहा।



राष्ट्रपति के भाषणों के संग्रह का विमोचन करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह साथ में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव व केंद्रीय राज्य मंत्री एल. मुरुगन। एजेंसी

### राष्ट्रपति के भाषणों के संग्रह का विमोचन

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा अपने कार्यकाल के दूसरे वर्ष के दौरान दिए 51 भाषणों के संग्रह का सोमवार को विमोचन किया। सिंह ने कहा कि यह विकसित भारत के दृष्टिकोण का कर्म ग्रंथ बनेगा। राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में सिंह ने अंग्रेजी में 'विंग्स टू आवर होप्स-वॉल्यूम-2' और हिंदी में 'आशाओं की उड़ान-खंड-2' नाम से प्रकाशित पुस्तक और इसके ई-संस्करण का विमोचन किया। राष्ट्रपति के भाषणों को राष्ट्रपति भवन ने संकलित और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रकाशन विभाग ने प्रकाशित किया है। कार्यक्रम में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन भी मौजूद थे। रक्षामंत्री ने कहा, यह पुस्तक 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने का साधन बनेगी। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा रविवार को बताया गया था कि ये पुस्तक राष्ट्रपति के 51 भाषणों का संग्रह है, जो महामहिम के कार्यकाल के दूसरे वर्ष के दौरान उनके दृष्टिकोण, दर्शन और प्राथमिकताओं की झलक प्रदान करता है।

# प्रधानमंत्री मोदी का बहुआयामी व्यक्तित्व वैश्विक मंच के लिए अहम पूंजी: थरूर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की ऊर्जा, उनका बहुआयामी व्यक्तित्व और संवाद की तत्परता वैश्विक मंच पर भारत के लिए एक अहम पूंजी है, लेकिन इसे सहयोग एवं समर्थन की जरूरत है। उनकी यह टिप्पणी फिर कांग्रेस को असहज स्थिति में डाल सकती है व पार्टी नेतृत्व से उनके संबंधों में दरार और गहरी हो सकती है।

प्रधानमंत्री के लिए थरूर की प्रशंसा ऐसे समय में आई है जब कांग्रेस विदेश नीति को लेकर मोदी सरकार पर निरंतर हमले कर रही है और आरोप लगा रही है कि भारतीय कूटनीति चरमरा गई है और देश विश्व स्तर पर अलग-थलग पड़ा है। थरूर ने एक लेख में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद किया गया राजनयिक संपर्क राष्ट्रीय संकल्प और प्रभावी संवाद का क्षण था। पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद अमेरिका और चार अन्य देशों में गए प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले थरूर ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के बाद राजनयिक संपर्क राष्ट्रीय संकल्प और प्रभावी संवाद का क्षण था।

### थरूर ने राहुल गांधी को किया बेनकाब: भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने कांग्रेस नेता शशि थरूर द्वारा प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा करने को लेकर कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि थरूर ने राहुल गांधी को बेनकाब कर दिया है। थरूर की टिप्पणियों को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने एक्स पर कहा, थरूर ने स्वीकार किया कि प्रधानमंत्री का बहुआयामी व्यक्तित्व और वैश्विक पहुंच भारत के लिए रणनीतिक रूप से लाभकारी है। थरूर ने राहुल गांधी को बेनकाब कर दिया है।

# पहलगाम आतंकी हमला : एनआईए को दो आरोपियों की पांच दिन की हिरासत मिली

**जम्मू, एजेंसी**

● आरोपियों ने हमले में शामिल तीन आतंकियों की पहचान का किया खुलासा

दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में गिरफ्तार दो आरोपियों को यहां की अदालत ने सोमवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की पांच दिन की हिरासत में भेज दिया। अधिकारियों ने बताया कि दोनों पर हमले में पाकिस्तानी आतंकियों को पनाह देने का आरोप है।

एनआईए ने रविवार को पहलगाम के बटकोट निवासी परवेज अहमद जोथर और हिल पार्क निवासी बशीर अहमद जोथर को गिरफ्तार किया था। यह जांच में पहली बड़ी सफलता थी। एनआईए के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों ने हमले में शामिल तीन आतंकियों की पहचान का खुलासा किया है और यह भी पुष्टि की है कि वे आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े पाकिस्तानी थे। दोनों को जम्मू के अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश रितेश दुबे की अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें पांच दिन के लिए एनआईए की हिरासत में भेज दिया गया। परवेज व बशीर ने हमले से पहले तीन आतंकियों को हिल पार्क स्थित झोपड़ी में पनाह दी थी।

# पंजाब, गुजरात में आप ने दो व यूडीएफ ने केरल में सीट जीती

**नई दिल्ली।** चार राज्यों में हुए विस उपचुनावों में सोमवार को आप के गोपाल इटालिया ने गुजरात की विसावदर सीट पर जीत दर्ज की। आप ने पंजाब में लुधियाना पश्चिम सीट भी बरकरार रखी, जबकि केरल में कांग्रेस नीत यूडीएफ ने एलडीएफ से नीलांबुर सीट छीन ली। वहीं, गुजरात में भाजपा ने कडी सीट बरकरार रखी, जबकि टीएमसी प. बंगाल के नादिया की कालीगंज सीट जीतने में सफल रही। इन पांचों निर्वाचन क्षेत्रों में उपचुनाव के तहत मतदान 19 जून को हुआ था। निर्वाचन आयोग के अनुसार, आप की गुजरात इकाई के पूर्व अध्यक्ष इटालिया ने जूनागढ़ जिले की विसावदर सीट पर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एवं भाजपा उम्मीदवार किरीट पटेल को 17,554 मतों के अंतर से हराया। राज्य में पूर्ण प्रभुत्व रखने के बावजूद, भाजपा 2007 से विसावदर सीट नहीं जीत पाई है।

### सोलंग की वादियां



हिमाचल के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मनाली में स्थित सोलंग नाला में पर्यटकों का तांता लगा हुआ है। बर्फ से ढकी पहाड़ियां, साहसिक खेलों और प्राकृतिक सौंदर्य का एक अलग ही दृश्य पर्यटकों को अपनी ओर खींच रहा है। एजेसी

# प्रधानमंत्री ने की पीएमएमएल सोसाइटी की वार्षिक बैठक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (पीएमएमएल) सोसाइटी की वार्षिक आम बैठक की अध्यक्षता की। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल हुए। सूत्रों ने बताया कि सोसाइटी की 47वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) तीन मूर्ति भवन में हुई।

सरकार ने इस वर्ष की शुरुआत में पीएमएमएल सोसाइटी का पुनर्गठन किया था, जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और प्रसिद्ध फिल्म निर्माता शेखर कपूर को भी जगह दी गई है। प्रधानमंत्री इसके अध्यक्ष के रूप में पीएमएमएल के प्रमुख निर्णय लेने वाले निकाय का नेतृत्व करते हैं जबकि रक्षा मंत्री इसके उपाध्यक्ष होते हैं। सिंह के अलावा बैठक में स्मृति ईरानी, केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, गजेंद्र सिंह शेखावत और अश्विनी वैष्णव भी मौजूद रहे। संस्कृति मंत्रालय के 13 जनवरी के आदेश के अनुसार, प्रधानमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव नृपेन्द्र मिश्रा को संगठन के अध्यक्ष के रूप में पांच वर्ष का एक और कार्यकाल मिला है। प्रतिष्ठित संस्थान की सोसाइटी में कई नए लोग शामिल हुए हैं, जिनमें स्मृति ईरानी, कपूर, नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष राजीव कुमार, सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी सैयद अता हसनैन और संस्कार भारती के वासुदेव कामथ शामिल हैं।पीए मएमएल तीन मूर्ति भवन में स्थित है, जहां पर प्रधानमंत्री संग्रहालय भी अवस्थित है। एअर इंडिया के पूर्व सीएमडी और रेलवे बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष अश्विनी लोहानी को हाल ही में पीएमएमएल का निदेशक नियुक्त किया गया।



### नारायण-गांधी के वार्ता के शताब्दी समारोह का उद्घाटन करेंगे मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी भारत के दो महानतम आध्यात्मिक और नैतिक नेताओं नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच वार्तालाप के शताब्दी समारोह का मंगलवार को आरंभ करेंगे। यह जानकारी एक आधिकारिक बयान से मिली। यह ऐतिहासिक वार्तालाप 12 मार्च, 1925 को महात्मा गांधी की यात्रा के दौरान शिवगिरी मठ में हुआ था, जो वैकोम सत्याग्रह, धर्मांतरण, अहिंसा, अस्पृश्यता उन्मूलन, मोक्ष प्राप्ति, दलितों के उत्थान आदि विषयों पर केंद्रित था। वैकोम सत्याग्रह केरल में अस्पृश्यता के विरुद्ध एक अहिंसक आंदोलन था जो 1924 में शुरू हुआ था और एक वर्ष से अधिक समय तक चला था।

# हिमाचल के सिरमौर में 24 छात्राओं के यौन उत्पीड़न में शिक्षक गिरफ्तार

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के सरकारी स्कूल में 24 छात्राओं का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में एक शिक्षक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

आठवीं से दसवीं कक्षा की छात्राओं ने स्कूल के प्राचार्य से उत्पीड़न की शिकायत की थी जिसके बाद स्कूल प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी और शिक्षक को गिरफ्तार किया गया। स्कूल प्रशासन ने बताया कि शुक्रवार को 24 छात्राओं ने प्राचार्य को लिखित शिकायत दी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि शिक्षक ने उन्हें गलत तरीके से छुआ है। शिकायत को स्कूल की यौन उत्पीड़न रोधी समिति को भेज दिया गया था। शनिवार को छात्राओं के अभिभावकों को बैठक के लिए बुलाया गया और पाया गया कि उनमें से अधिकतर को अपनी बच्ची के उत्पीड़न के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। पुलिस ने बताया कि शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# पहलगाम हमले के बाद बैठकों में मोदी क्यों नहीं हुए शामिल: खरगे


**रायचूर (कर्नाटक), एजेंसी**

● कांग्रेस अध्यक्ष बोले- विपक्ष को तुच्छ बताने की कोशिश करते हैं मोदी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को कहा कि यदि प्रधानमंत्री विपक्ष को तुच्छ बताने की कोशिश करते हैं, तो जनता इसे सहन नहीं करेगी। उन्होंने सवाल भी किया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद जब सर्वदलीय बैठक बुलाई गई, तो प्रधानमंत्री उसमें उपस्थित क्यों नहीं हुए?

खरगे ने आरोप लगाया कि जहां पूरे देश और सशस्त्र बलों ने देश की रक्षा के लिए एकजुट होकर काम किया, वहीं कुछ लोगों ने व्यक्तिगत श्रेय लेने की कोशिश की। खरगे ने किसी का नाम लिए बिना कहा, अगर उन्होंने कैप्टन, कर्नल या लेफ्टिनेंट कर्नल के रूप में सेना में काम किया होता, तो हमने अच्छा काम करने और देश के लिए लड़ने के लिए उनकी सराहना की होती, लेकिन ऐसा नहीं है। खरगे मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, कांग्रेस नेताओं के साथ रायचूर में थे, जहां उन्होंने कई परियोजनाओं की आधारशिला रखी और रायचूर विश्वविद्यालय के नामकरण समारोह की अध्यक्षता की।

## पालकी यात्रा



पुणे के निकट दिवे घाट से निकाली गई संत ज्ञानेश्वर महाराज की पालकी यात्रा में शामिल श्रद्धालु। पालकी यात्रा दो दिन पहले आलंदी से रवाना हुई थी। यह महाराष्ट्र की सबसे पुरानी और आस्था से जुड़ी यात्राओं में से एक है, जिसमें लाखों भक्त संत ज्ञानेश्वर महाराज और संत तुकाराम महाराज की पालकी के साथ पैदल यात्रा करते हैं। एजेंसी

# शक्तिशाली देश नहीं मानते अंतर्राष्ट्रीय युद्ध नियम



अंतरराष्ट्रीय युद्ध नियम जिन्हें जिनेवा कन्वेंशन के नाम से भी जाना जाता है, ऐसे कानून और नियमों का समूह है जो युद्ध या सशस्त्र संघर्ष के समय लागू होते हैं। नागरिकों की सुरक्षा, घायलों और युद्धबंदियों के साथ मानवीय व्यवहार और अनैतिक युद्ध के हथियारों और तरीकों पर प्रतिबंध इनका मुख्य उद्देश्य है। अंतर्राष्ट्रीय युद्ध के मुख्य नियमों के तहत नागरिकों पर हमला नहीं किया जा सकता, न ही अस्पताल, डॉक्टर, मेडिकल सुविधाओं को निशाना बनाया जा सकता है। इसके अलावा इन नियमों के तहत युद्धबंदियों के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाना चाहिए। रासायनिक और जैविक हथियारों का उपयोग निषिद्ध है। अनावश्यक पीड़ा देने वाले हथियारों का प्रयोग युद्ध में नहीं होना चाहिए। हालांकि दुनिया के शक्तिशाली देश युद्ध नियमों की ज्यादा परवाह नहीं करते। युद्ध नियमों के उल्लंघन के कई उदाहरण भी हैं।

### द्वितीय विश्व युद्ध

द्वितीय विश्वयुद्ध में लाखों यहूदियों और दूसरे नागरिकों की हत्या की गई थी। युद्धबंदियों पर भी बड़े पैमाने पर अत्याचार किया गया था। इस पर न्यूरमबर्ग ट्रायल में नाजी नेताओं पर मुकदमे चलाए गए। कई को मृत्युदंड भी मिला।

### अमेरिका-वियतनाम युद्ध

सन् 1968 में हुए इस युद्ध में सैकड़ों वियतनामी नागरिकों की हत्या की गई थी। दिलचस्प तथ्य यह है कि इस मामले में सिर्फ एक सैनिक को सजा हुई और बाकी सभी को माफ कर दिया गया।

### रवांडा नरसंहार

सन् 1994 रवांडा नरसंहार तुत्सी और हुतु समुदाय के लोगों के बीच हुआ एक जातीय संघर्ष था। इसमें करीब 8 लाख लोगों की हत्या की गई थी। बाद में इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्युनल फॉर रवांडा की स्थापना हुई जिसमें कई दोषी नेताओं को सजा हुई।

### बोस्निया युद्ध

इस युद्ध सर्ब सैनिकों ने करीब 8,000 मुस्लिमों की हत्या की थी जिसे सर्बेनेत्सा नरसंहार कहा जाता है। इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्युनल फॉर द फॉर्मर यूगोस्लाविया की ओर से मुकदमा चलाकर सजा सुनाई गई थी।

### रूस-यूक्रेन युद्ध

सन् 2022 से जारी इस युद्ध में नागरिक क्षेत्रों पर हमले किए जा रहे हैं और अस्पतालों को भी निशाना बनाया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने कुछ रूसी नेताओं पर वार क्राइम्स के लिए वारंट जारी किए लेकिन सजा नहीं हो सकी।

### युद्ध के प्रमुख नियम

- आम नागरिक जो युद्ध में भाग नहीं ले रहे हैं, उन्हें नुकसान नहीं पहुंचाया जा सकता। जानबूझकर बमबारी या गोलीबारी करके नागरिकों को मारना युद्ध अपराध है।
- अपने पक्ष के हों या दुश्मन के, घायल सैनिकों का इलाज और देखभाल अनिवार्य है। मेडिकल स्टाफ, डॉक्टर और एंबुलेंस को नुकसान नहीं पहुंचाया जा सकता।
- युद्धबंदियों के साथ मानवीय व्यवहार करना अनिवार्य, युद्ध में पकड़े सैनिकों को मारा नहीं जा सकता। उन्हें भोजन, पानी, इलाज, सम्मान देना जरूरी है।
- रासायनिक हथियार, जैविक हथियार और विशेष प्रकार के विस्फोटक पूरी तरह प्रतिबंधित हैं। अत्यधिक पीड़ा देने वाले बमों का भी इस्तेमाल प्रतिबंधित है।
- किसी भी हमले का उद्देश्य केवल सैन्य ठिकानों को नुकसान पहुंचाना होना चाहिए। किसी समुदाय को जबरदस्ती हटाना, सामूहिक हत्या युद्ध अपराध है।

## एक नजर

### द.कोरियाः सांसद को रक्षा मंत्री नामित किया

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्यूंग ने सेवानिवृत्त सैन्य जनरलों को रक्षा मंत्री नियुक्त करने की परंपरा को तोड़ते हुए पांच बार के सांसद आह्न ग्यू-बैक को सोमवार को रक्षा मंत्री पद के लिए नामित किया है। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब पूर्व रक्षा मंत्री किम योंग ह्युन सहित कई प्रमुख पूर्व रक्षा अधिकारी पिछले वर्ष तत्कालीन राष्ट्रपति यून सुक यओल के कार्यकाल में मार्शल लॉ लागू करने में अपनी भूमिका के लिए आपराधिक मुकदमों का सामना कर रहे हैं। येओल के खिलाफ महाभियोग की कार्रवाई की गई और उन्हें पद से हटा दिया गया था।

### चीन में भीषण गर्मी को देखते हुए येलो अलर्ट

**बीजिंग।** चीन की राजधानी बीजिंग में सोमवार को भीषण गर्मी के कारण ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया। बीजिंग मौसम विज्ञान वेधशाला ने यह जानकारी दी। देश में सोमवार और मंगलवार को दोपहर 12 बजे से शाम छह बजे तक शहर के मैदानी इलाकों में तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि वे गर्मी के दौरान बाहर निकलने से बचें। चीन में शुक्रवार को येलो अलर्ट जारी किया गया था। शनिवार दोपहर 3:40 बजे बीजिंग के दक्षिणी इलाके में तापमान 38.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था जो अब तक देश में सबसे गर्म दिन रहा।

### जापान के पीएम का नाटो शिखर सम्मेलन दौरा रद्द

**टोक्यो।** जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने नीदरलैंड में 24 से 26 जून के बीच होने वाले नाटो शिखर सम्मेलन का अपना प्रस्तावित दौरा रद्द कर दिया है। जापान के विदेश मंत्रालय के मुताबिक अब प्रधानमंत्री की जगह विदेश मंत्री ताकेशी इवाया शिखर सम्मेलन में जापान का प्रतिनिधित्व करेंगे और नाटो से जुड़े कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि जापान नाटो का सदस्य नहीं है, लेकिन 2022 से नियमित रूप से जापान को सम्मेलनों में आमंत्रित किया जा रहा है।

### आपात स्थिति में उतारा गया एअर इंडिया विमान

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया के विमानों में तकनीकी खराबी की घटनाएँ कम नहीं हो रहीं हैं और सोमवार को दिल्ली से जम्मू जाने वाले एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान में तकनीकी समस्या आने के कारण उड़ान भरने के तुरंत बाद वापस उतारना पड़ा। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि सोमवार 23 जून को दिल्ली से जम्मू के लिए संचालित होने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान आईएक्स 2564 को उड़ान भरने के बाद वापस दिल्ली उतारना पड़ा।

# अब ईरान में सत्ता परिवर्तन के मूड में ट्रंप

## अपने परमाणु ठिकानों पर अमेरिका के हमले के बाद ईरान ने फिर दी पलटवार की धमकी

**तेल अवीव, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के परमाणु केंद्रों पर हमले के बाद अब तेहरान में सत्ता परिवर्तन की संभावना के बारे में भी विचार कर रहे हैं। ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अगर तेहरान अमेरिकी बलों के खिलाफ कार्रवाई करता है तो उस पर और हमले किए जाएंगे।

ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों ने पहले संकेत दिया था कि वे ईरान के साथ वार्ता फिर से शुरू करना चाहते हैं। वहीं, इजराइल की सेना ने सोमवार को कहा कि वह ईरान के पश्चिमी शहर केरमानशाह के आसपास हमले कर रही है। इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध में अब अमेरिका भी कूद पड़ा है। उसने ईरान के परमाणु केंद्रों पर हमला किया है जिससे इस क्षेत्रीय संघर्ष के और फैलने का खतरा बढ़ गया है।

इस अभियान ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि तेहरान के परमाणु कार्यक्रम में क्या बचा है और उसकी कमजोर सेना कैसे इस हमले का जवाब दे सकती है। इस संघर्ष के बढ़ने से तेल की कीमतों में उछाल आया है। अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु केंद्रों पर मिसाइलों और 30,000 पाउंट के बंकर-बस्टर बमों से हमला किया है। इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ईरान ने कहा कि अमेरिका ने हद पार कर दी है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने 'सीबीएस' को दिए एक साक्षात्कार में कहा, आइए, सीधे बातचीत करते हैं। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी 'इरना' के अनुसार, देश के सर्वोच्च नेता के सलाहकार अली अकबर विलायती ने कहा कि अमेरिका ने ईरान पर हमला करने के लिए जिस भी देश का इस्तेमाल किया, वह हमारे वैध लक्ष्य के दायरे में होगा। पश्चिम एशिया में अमेरिका के हजारों सैनिक तैनात हैं। इस बीच उत्तर कोरिया ने ईरान पर अमेरिकी हमलों की निंदा की है।



परमाणु ठिकानों पर हमले के बाद ईरान में लोगों ने अमेरिका के खिलाफ प्रदर्शन किया।

### ईरान ने मोसाद के जासूस को फांसी पर लटकाया

**दुबई।** ईरान ने मोसाद के जासूस होने के आरोप में एक और व्यक्ति को सोमवार को फांसी पर लटका दिया। मोसाद का जासूस होने के आरोप में फांसी देने का यह तीसरा मामला है। सामाजिक कार्यकर्ताओं को डर है कि ईरान में और लोगों को फांसी दी जाएगी, विशेष रूप से तब जब वहां के शासन ने जासूसी कर रहे लोगों को रविवार तक खुद ही आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी है। समाचार एजेंसी मिज़ान ने फांसी पर लटकाए गए व्यक्ति की पहचान मोहम्मद अमीन महदावी शायेस्तेह के रूप में की है।

### गुतारेस ने दी चेतावनी- प.एशिया में खतरनाक मोड़ का संकेत हैं ईरान के परमाणु केंद्रों पर अमेरिकी हमले

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच सुरक्षा परिषद के एक आपातकालीन सत्र में कहा कि ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिका की बमबारी क्षेत्र में एक खतरनाक मोड़ का संकेत है। ट्रंप द्वारा ईरान के तीन परमाणु केंद्रों बमबारी की घोषणा किए जाने के बाद 15 देशों की परिषद ने रविवार को आपातकालीन सत्र के लिए बैठक की। गुतारेस ने बताया, ईरानी परमाणु प्रतिष्ठानों पर बमबारी एक ऐसे क्षेत्र में खतरनाक मोड़ का संकेत है जो पहले से ही लड़खड़ा रहा है। गुतारेस ने कहा कि क्षेत्र के लोग एक बार फिर विनाश को सहन नहीं कर सकते। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने जोर देकर कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को लड़ाई रोकने और ईरानी परमाणु कार्यक्रम पर गंभीरता के साथ तथा निरंतर वार्ता पर पुन: शुरू करने के लिए तुरंत और निर्णायक रूप से कार्य करना चाहिए।

### अमेरिकी हमले से फोर्दो स्थल पर भारी क्षति की आशंका

**दुबई।** संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था के प्रमुख ने सोमवार को कहा कि इस सप्ताहांत में अमेरिका द्वारा अत्याधुनिक बंकर-बस्टर बमों से किए गए हवाई हमले के बाद फोर्दो में ईरान के भूमिगत प्रतिष्ठान को बहुत भारी क्षति होने की आशंका है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख राफेल मारियानो ग्रॉसी ने वियना में यह बयान दिया। ग्रॉसी ने कहा, उपयोग किए गए विस्फोटक आयुध और सेंट्रीफ्यूज की अत्यधिक कंपन संवेदनशील प्रकृति को देखते हुए, बहुत महत्वपूर्ण क्षति होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि इस समय, आईएईए सहित कोई भी फोर्दो में भूमिगत क्षति का पूर्ण आकलन करने की स्थिति में नहीं है।

### अमेरिकी पर जवाबी कार्रवाई सेना तय करेगीः ईरान

**संयुक्त राष्ट्र।** ईरान ने कहा है कि अमेरिका ने देश के परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला करके कूटनीति के रास्ते बंद करने का फैसला किया, अब उसके हमलों पर जवाबी कार्रवाई का वक्त, तरीका और इसका पैमाना क्या होगा इसके बारे में फैसला सेना करेगी। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत आमिर सईद इरावनी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपातकालीन बैठक में कहा कि ईरान ने युद्धोन्मादी अमेरिकी शासन को बार-बार चेतावनी दी थी कि वह इस दलदल में न फंसे। इसके बाद भी अमेरिका ने ईरान के परमाणु केंद्रों पर हमले करके कूटनीति के रास्ते बंद करने का निर्णय लिया है।

# निर्वासित शहजादे का ईरान में सत्ता परिवर्तन का आह्वान

**तेहरान, एजेंसी**



- खामेनेई पर लगाया भ्रष्टाचार, विनाशकारी और देश को पतन के रास्ते पर ले जाने का आरोप

ईरान के पूर्व शाहजादे रजा पहलवी ने देश के शीर्ष मज़हबी नेता अली खामेनेई को भ्रष्टाचारी, विनाशकारी और देश को पतन की कगार पर ले जाने वाला करार दिया है और ईरानी नागरिकों का आह्वान किया है कि वे शांति का पक्षधर धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक ईरान की पुनर्स्थापना के लिए परिवर्तन और राष्ट्रीय नवीकरण की योजना में सहभागी बनें।

ईरान से 46 साल पहले सत्ता से अपदस्थ एवं निर्वासित कर दिए गए शाह मोहम्मद रज़ा पहलवी के पुत्र श्री रज़ा पहलवी ने सोशल मीडिया पर एक प्रेस ब्रीफिंग में ईरान के खामेनेई शासन को समाप्त करने और नये ईरान की स्थापना के लिए आगे आने के आग्रह के साथ ईरान के पुनर्निर्माण के लिए एक आर्थिक योजना का भी खुलासा किया। रज़ा पहलवी ने कहा, यह हमारे राष्ट्र के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। हमारे प्रिय ईरान को एक विनाशकारी संघर्ष में घसीटा गया है, जिसका वास्तुकार कोई और नहीं बल्कि अली खामेनेई और उसका भ्रष्ट, विनाशकारी गुट है।

उन्होंने हमारे देश की अर्थव्यवस्था को पतन के कगार पर धकेल दिया है, हमारे राष्ट्रीय बुनियादी ढांचे और संसाधनों को लूट लिया है, परमाणु हथियार विकसित करने पर देश की संपत्ति को बर्बाद कर दिया है, ईरान की सुरक्षा को तोड़ दिया है, और ईरानी लोगों की संप्रभुता को चुरा लिया है। यह शासन पराजित हो गया है, पतन के कगार पर लड़खड़ा रहा है, और इसे जारी रखने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

### राष्ट्रीय परिवर्तन का नेतृत्व करने को तैयार

रजा पहलवी ने कहा, 46 साल पहले जब मेरे दिवंगत पिता और परिवार को ईरान छोड़ने के लिए मजबूर किया गया था तो मैंने शपथ ली थी कि मैं ईरान या ईरानी लोगों से मुंह नहीं मोड़ूंगा। तब से हर दिन, मैंने अपना जीवन हमवतन लोगों को समर्पित कर दिया है। आज मैं यहां इसे दोहराने और खुद को उनकी सेवा में लगाने आया हूँ। मैं इस राष्ट्रीय परिवर्तन का नेतृत्व करने को आगे बढ़ रहा हूं, निजी हित से नहीं बल्कि ईरानी लोगों के सेवक के रूप में।

# नीट यूजी में फर्जीवाड़े पर दो मेडिकल छात्रों पर केस दर्ज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सीबीआई ने शुरू की कार्रवाई, अभ्यर्थियों की जगह परीक्षा में हुए थे शामिल

बॉलीवुड की लोकप्रिय फिल्म मुन्नाभाई एमबीबीएस जैसा मामला वास्तविकता में भी देखने को मिला जब एक मेडिकल छात्र राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-यूजी 2023 में कथित तौर पर किसी अन्य अभ्यर्थी की जगह उपस्थित हुआ और जिस अभ्यर्थी की जगह उसने परीक्षा दी बाद में उसे एमबीबीएस पाठ्यक्रम में दाखिल भी मिल गया।

अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि केंद्रीय सीबीआई ने राजस्थान के जालौर जिले के निवासी विकास के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि सात मई 2023 को द्वारका के सेक्टर-12 स्थित केंद्रीय विद्यालय में आयोजित हुई नीट-यूजी में विकास जोधपुर के प्रवीण गोदारा की जगह उपस्थित हुआ था। प्राथमिकी में आरोपी के तौर पर गोदारा को भी नामजद किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सिरोही के डॉ. भीम राव आंबेडकर मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में दूसरे वर्ष का छात्र विकास कथित तौर पर नीट-यूजी 2023 में उपस्थित हुआ और उत्तर पुस्तिकाओं पर गोदारा के हस्ताक्षर तथा लिखावट की नकल की।

छद्म अभ्यर्थी के तौर पर विकास परीक्षा में कथित तौर पर उत्तीर्ण हो गया और इससे उत्तर प्रदेश के नोएडा स्थित सरकारी आयुर्विज्ञान संस्थान के एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए गोदारा के लिए सीट सुरक्षित हो गई।

# भारत ने सिंधु जल संधि के तहत पानी देने से इनकार किया तो युद्ध करेगा पाकिस्तानः बिलावल भुट्टो

- गृहमंत्री शाह के संधि को कभी बहाल न करने के बयान पर जताई प्रतिक्रिया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो-जरदारी ने सोमवार को कहा कि यदि भारत सिंधु जल संधि के तहत इस्लामाबाद को पानी का उचित हिस्सा देने से इनकार करता है, तो उनका देश युद्ध की ओर बढ़ेगा। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के तुरंत बाद भारत ने 1960 के समझौते को स्थगित कर दिया था।

गृहमंत्री अमित शाह ने पिछले हफ्ते इस समझौते को कभी बहाल न करने की घोषणा की थी। शाह के बयान ती पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय द्वारा आलोचना किए जाने के दो दिन बाद बिलावल की टिप्पणी सामने आई। बिलावल ने संसद में दिए भाषण में समझौते को निलंबित करने के भारत के फैसले को खारिज कर दिया और पाकिस्तान के हिस्से का पानी लेने की धमकी दी। उन्होंने कहा, भारत के पास दो विकल्प हैंः या तो वह पानी को समान रूप से साझा करे, या फिर हम सभी छह नदियों से पानी अपने यहां पहुंचाएंगे।

# बांग्लादेश के पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त गिरफ्तार

**ढाका, एजेंसी**

- चुनावों में हेराफेरी के आरोप में की गई कार्रवाई

बांग्लादेश के पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) के एम नूरुल हुदा को उनके कार्यकाल के दौरान चुनावों में हेराफेरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

ढाका महानगर पुलिस के उपायुक्त मोहिदुल इस्लाम ने रविवार को कहा कि हुदा को पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) द्वारा उनके और अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना सहित 18 अन्य के खिलाफ दर्ज मामले में गिरफ्तार किया गया है। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने कहा कि यह शायद पहली बार है कि चुनाव से संबंधित मुद्दों पर किसी पूर्व सीईसी को हिरासत में लिया गया है। इससे पहले दिन में, 77 वर्षीय हुदा पर उनके उत्तरा स्थित आवास के बाहर भीड़ ने हमला कर दिया था। हुदा ने 2014, 2018 और 2024 में चुनावों का आयोजन कराया था। उत्तरा पश्चिम पुलिस थाने के प्रमुख हाफिजुर रहमान ने कहा कि हमें सूचना मिली थी कि भीड़ ने हुदा को घेर लिया है, जिसके बाद हम घटनास्थल पर गए थे। हमने उन्हें हिरासत में ले लिया है।

एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि भीड़ ने ढाका के उत्तरा इलाके में स्थित हुदा के आवास पर धावा बोल दिया और पुलिस के पहुंचने से पहले ही उन्हें घर से बाहर खींच लिया। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में लोगों का एक समूह हुदा को जूतों से पीटता, उन्हें जूतों की माला पहनाता और उनके ऊपर अंडे फेंकते हुए दिखाई दे रहा है।

# शेख हसीना की पार्टी की पूर्व सांसद को गंभीर आरोपों में गिरफ्तार किया गया

- तुहिन पर दर्ज हैं देश के खिलाफ साजिश और राजनीतिक हिंसा भड़काने के मामले

**ढाका।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग की एक पूर्व सांसद को सोमवार को भ्रष्टाचार, राजनीतिक हिंसा भड़काने और देश के खिलाफ साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

यूनाइटेड न्यूज ऑफ बांग्लादेश की खबर के मुताबिक ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की डिटेक्टिव ब्रांच (डीबी) ने नवाबगंज उपजिला की आरक्षित सीट से पूर्व सांसद सबीना अख्तर तुहिन को गिरफ्तार किया। डीबी (उत्तर) के संयुक्त आयुक्त मोहम्मद रबीउल हुसैन भुइयां ने बताया कि तुहिन पर भ्रष्टाचार, राजनीतिक हिंसा भड़काने और देश के खिलाफ साजिश रचने को लेकर कई मामले दर्ज हैं। इसके अलावा, पूर्व निर्दलीय सांसद मोहम्मद फैसल बिप्लब को पिछले साल जुलाई में हुए आंदोलन से जुड़े एक हत्या मामले में रविवार शाम को एक अन्य डीबी टीम ने गिरफ्तार किया। खबर के मुताबिक मुंशीगंज-3 के पूर्व सांसद को राजधानी के मोनिपुरीपाड़ा इलाके से गिरफ्तार किया गया।

# मार्च 2026 आजादी के बाद सबसे खास पलों में एक होगा

**रायपुर, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश 31 मार्च 2026 को जब नक्सलवाद से मुक्त होगा तब वह क्षण आजादी के बाद का सबसे महत्वपूर्ण क्षणों में से एक होगा। जब नक्सलवाद के खात्मे का इतिहास लिखा जायेगा, उसमें सुरक्षा बलों के जवानों का त्याग, बलिदान और परिश्रम स्वर्णिम अक्षरों से अंकित होगा।

अधिकारियों ने बताया कि शाह छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन नवा रायपुर में सुरक्षाबलों के उन कमांडरों और जवानों से बातचीत कर रहे थे जो हाल में नक्सल विरोधी अभियानों में शामिल हुए थे। सुरक्षाकर्मियों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा, मोदी जी के नेतृत्व में जब 31 मार्च 2026 को देश नक्सलवाद से मुक्त होगा, वह क्षण आजादी के बाद के सबसे महत्वपूर्ण क्षणों में एक होगा। जब नक्सलवाद के खात्मे का इतिहास लिखा जाएगा, उसमें जवानों का त्याग, बलिदान और परिश्रम स्वर्णिम अक्षरों से अंकित होगा। कहा, आज मैं यहां केंद्रीय सुरक्षा बलों, कोबरा टीम, छत्तीसगढ़ पुलिस बल और डीआरजी के साहस, शौर्य, बलिदान और समर्पण को नमन करता हूं।



- गृहमंत्री शाह ने रायपुर में घोषित की नक्सलवाद से मुक्ति की समयसीमा

# पाकिस्तान ने भारत के लिए हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध बढ़ाया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्राधिकारों ने भारतीय विमानों के लिए हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध को एक और महीने के लिए बढ़ाने की सोमवार को घोषणा की।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद, दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने के मद्देनजर यह प्रतिबंध पहले 23 अप्रैल को एक महीने के लिए लगाया गया था। बाद में, इसे 23 मई को एक और महीने के लिए बढ़ा दिया गया था, जब चार दिनों के सैन्य टकराव के कारण संबंध खराब हो गए थे। भारत ने सात मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण द्वारा जारी 'नोटम' (नोटिस टू एयरमेन) के अनुसार, प्रतिबंध को 23 जून से बढ़ाकर 23 जुलाई तक कर दिया गया है।

## चिंताजनक

### विश्व मौसम विज्ञान संगठन की ओर से जारी ताजा रिपोर्ट में कई गंभीर चेतावनियां

# वैश्विक औसत से दोगुनी गति से गर्म हो रहा एशिया महाद्वीप

## इसी परिवर्तन से जापान, कोरिया गणराज्य और चीन में मासिक औसत तापमान के रिकॉर्ड टूटे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दुनिया का सबसे बड़ा महाद्वीप और विश्व की 60 प्रतिशत आबादी का निवास स्थान एशिया वैश्विक औसत से लगभग दोगुनी गति से गर्म हो रहा है। विश्व मौसमविज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) द्वारा सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह कहा गया है।

विश्व मौसम विज्ञान संगठन की '2024 में एशिया में जलवायु की स्थिति' रिपोर्ट में कहा गया है कि एशिया में समुद्री सतह भी पिछले दशकों में वैश्विक औसत से लगभग दोगुनी गति से गर्म हो रही है। रिपोर्ट के मुताबिक,दो सबसे हालिया उप-अवधियों (1961-1990 और 1991-2024) में आर्कटिक तक फैला सबसे बड़ा भूभाग वाला महाद्वीप एशिया वैश्विक भूमि और महासागर औसत की तुलना में अधिक तेजी से गर्म हुआ है। आंकड़ों के मुताबिक, 2024 में एशिया में औसत तापमान 1991-2020 के औसत तापमान से लगभग 1.04 डिग्री सेल्सियस अधिक था। यह आंकड़ा इसे सबसे गर्म या दूसरा सबसे गर्म वर्ष बना देगा।



रिपोर्ट के मुताबिक, इस वर्ष एशिया के कई हिस्सों में भीषण गर्मी दर्ज की गई। अप्रैल से नवंबर तक पूर्वी एशिया में लंबे समय तक गर्म हवाएं चलती रहीं। जापान, कोरिया गणराज्य और चीन में बार-बार मासिक औसत तापमान के रिकॉर्ड टूटे। भारत में 2024 में भीषण गर्मी के कारण लू लगने के लगभग 48,000 मामले सामने आये तथा 159 लोगों की मौत हुई। डब्ल्यूएमओ ने कहा कि एशिया के प्रशांत और हिंद महासागर, दोनों ओर समुद्र का स्तर वैश्विक औसत की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ा है, जिससे निचले तटीय क्षेत्रों के लिए खतरा बढ़ गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि सर्दियों में बर्फबारी में कमी और गर्मियों में उच्च तापमान की वजह से हिमनद बुरी तरह प्रभावित हुए। डब्ल्यूएमओ के मुताबिक, मध्य हिमालय और तियान शान में 24 में से 23 हिमनदों में मौजूद बर्फ में कमी आई।

### जल सुरक्षा के लिए बढ़ा दीर्घकालिक खतरा

रिपोर्ट के मुताबिक हिमनद की कगार टूटने, बाढ़ और भूस्खलन जैसी आपदाओं का खतरा बढ़ गया है और जल सुरक्षा के लिए दीर्घकालिक खतरा पैदा हो गया है। अत्यधिक वर्षा से कई देशों में भारी क्षति हुई और जान-माल का भारी नुकसान हुआ, जबकि उष्णकटिबंधीय चक्रवातों के कारण तबाही आई। सूखे के कारण बड़ी आर्थिक और कृषि संबंधी हानि हुई। डब्ल्यूएमओ महासचिव सेलेस्टे साउलो ने कहा, एशिया में जलवायु की स्थिति रिपोर्ट में सतह के तापमान, ग्लेशियर द्रव्यमान और समुद्र तल जैसे प्रमुख जलवायु संकेतकों में बदलावों को रेखांकित किया गया है, जिसका क्षेत्र में समाजों, अर्थव्यवस्थाओं और पारिस्थितिकी तंत्रों पर बड़ा असर पड़ेगा।